दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, शुक्रवार, 13 मार्च 2026 | कृष्ण पक्ष-दशमी, | विक्रम संवत -2082 / वर्ष-15 अंक- 33 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

ऐसा लगता है कि पाकिस्तान में कोरोना से भी ज्यादा खतरनाक वायरस फैल गया है। वहां के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफने लाकडाऊन की घोषणा कर दो सप्ताह के लिए शिक्षण संस्थानों को बंद करने, सरकारी दफ्तरों में सप्ताह में चार दिन काम करने और विधायकों, सांसदों, मंत्रियों व अफसरों के वेतन में कटौती करने जैसी अनेक पाबंदियां लगाने का एलान किया है। जिससे लोग खौफ़ज़दा हो गए हैं। जिस मुल्क में उसके हुक्मरानों ने गुरबत रुपी वायरस फैलाया है वो अब सिर के बाल और दाढ़ी को मूंडकर मुर्दे का वजन कम करने की कवायद कर रहे हैं। खुदा खैर करे।

अफीम की अवैध खेती पर प्रदेशभर में सर्वे कर 15 दिन में रिपोर्ट दे कलेक्टर : साय

मुख्यमंत्री साय ने कलेक्टरों को दिया सख्त निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में अवैध रूप से अफीम की खेती का मामले सामने आने के बाद मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कड़ा रुख अपनाते हुए सभी जिलों के कलेक्टरों को अपने-अपने जिलों में संभावित क्षेत्रों का व्यापक सर्वे कराने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि राज्य के किसी भी क्षेत्र में अवैध रूप से अफीम की खेती न हो रही हो। उन्होंने कलेक्टरों को निर्देशित किया है कि 15 दिवस के भीतर प्रमाण पत्र सहित विस्तृत जांच रिपोर्ट शासन को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा है कि राज्य में अवैध मादक पदार्थों के उत्पादन और कारोबार के प्रति सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है और ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री के निर्देश के पालन में आयुक्त भू-अभिलेख द्वारा राज्य के सभी जिला कलेक्टरों को सर्वे कर जांच रिपोर्ट और उनके जिले में अफीम की खेती नहीं किए जाने संबंधी प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के संबंध में पत्र जारी किया गया है।

डेटा प्रोटेक्शन कानून: सीजेआई ने कहा-बेहद जरूरी मुद्दा

नई दिल्ली/ए.। डेटा प्रोटेक्शन कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कई अहम टिप्पणियां कीं। अदालत ने कहा कि यह बहुत जरूरी मुद्दा है और दुनियाभर में इसे लेकर चिंताएं हैं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि डेटा तेजी से करंसी का नया रूप लेता जा रहा है। इस कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि डेटा सुरक्षा से जुड़ा एक वैश्विक मुद्दा है। देश का सारा डेटा विदेश जा रहा है। यह एक बेहद जरूरी मुद्दा है जिसे प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं को चीफ जस्टिस के सामने उठाते हुए सीनियर एडवोकेट इंदिरा जयसिंह ने कहा कि इस कानून में 'निजी और व्यक्तिगत डेटा' की कोई परिभाषा नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि आईटी एक्ट के तहत लोगों को डेटा प्राइवेसी के उल्लंघन के लिए मुआवजा मांगने का अधिकार था। लेकिन अब यह नया एक्ट कहता है कि मुआवजा राज्य को या डेटा प्रोटेक्शन बोर्ड को दिया जाएगा। ऐसे में यहां डेटा प्रोटेक्शन की निगरानी के लिए कोई ट्रिब्यूनल नहीं है। इस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि इसकी निगरानी की जाएगी। एक अर्ध-न्यायिक बोर्ड होगा और वह न्यायिक समीक्षा के अधीन होगा। सीनियर एडवोकेट इंदिरा जयसिंह ने कहा कि डेटा की संप्रभुता के लिए इस पर भी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

न्यूज गैलरी

राहुल गांधी को राहत: सावरकर टिप्पणी का मानहानि मामला बंद

मुंबई/ए.। सांसद राहुल गांधी के खिलाफ सावरकर पर 2022 में की गई टिप्पणी को लेकर दर्ज मानहानि मामले को नासिक की एक आपराधिक अदालत ने बंद कर दिया है। यह टिप्पणी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान हुई थी। मामला देवेंद्र भूटाडा, नासिक स्थित निर्भया फाउंडेशन के अध्यक्ष, ने दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि गांधी ने 15 और 16 जून 2022 को हिंगोली और अकोले में रैलियों में की गई टिप्पणियां मानानि और अपमानजनक थे।

यूएस जारी करेगा 17.2 करोड़ बैरल कच्चा तेल

न्यूयॉर्क (वार्ता/शिन्हुआ)। ईरान के साथ जारी संघर्ष के बीच बढ़ती तेल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए अमेरिका ने अपने रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व से 17.2 करोड़ बैरल तेल बाजार में जारी करने की घोषणा की है। अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने एक बयान में बताया कि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के 32 सदस्य देश राष्ट्रपति ट्रंप के उस अनुरोध पर सर्वसम्मति से सहमत हो गए हैं।

भारत पर फिर से टैरिफ लगाने की तैयारी में अमेरिका

वॉशिंगटन/ए.। अमेरिका के डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने भारत और चीन समेत अपने 16 प्रमुख ट्रेडिंग पार्टनर्स के खिलाफ 'सेक्शन 301' के तहत नई जांच शुरू कर दी है। 'सेक्शन 301' अमेरिका को उन देशों पर एकतरफा टैक्स बढ़ाने की शक्ति देता है, जो उसकी कंपनियों को नुकसान पहुंच रहे हो। पिछले महीने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा राष्ट्रपति ट्रम्प के टैरिफ को अवैध बताने के बाद, प्रशासन अब नए कानूनी रास्तों से टैरिफ का दबाव वापस बनाने की तैयारी में है।

होर्मुज से मुंबई पहुंचा तेल टैंकर

भारत की कूटनीतिक जीत ईरान से आते रहेगी कच्चा तेल

मुंबई/ए.। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच एक लाइबेरियाई ध्वज वाला कच्चे तेल का टैंकर, जिसकी कमान एक भारतीय कप्तान के हाथ में थी, रणनीतिक रूप से अहम होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर सुरक्षित रूप से मुंबई बंदरगाह पहुंच गया। वहीं केन्द्र सरकार के अधिकृत प्रवक्ता ने कहा कि हमें ईरान होर्मुज से तेल लाने देगा।

सरकार और ईरानी सरकार के बीच तीन बार बात हो चुकी है लेकिन फिर भी यह कहना जल्दबाजी होगा कि हमें कच्चा तेल लाने की इजाजत मिल गई है। वहीं टैंकर सऊदी अरब के रास तनुरा बंदरगाह से कच्चा तेल लेकर आया था। मैरिटाइम ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, इस टैंकर ने 1 मार्च को सऊदी अरब के रास तनुरा पोर्ट से कच्चा तेल लोड किया था और 3 मार्च को वहां ■ शेष पृष्ठ 8 पर

लोकसभा: देश में तेल-गैस संकट नहीं: पुरी

नई दिल्ली/वार्ता। रसोई गैस की देश में कोई किल्लत नहीं है, इसलिए देश की जनता को घबराने की जरूरत नहीं है। गुरुवार को संसद में केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने तेल और गैस की स्थिति को लेकर एक-एक बात बताई। उन्होंने सबसे पहले कहा कि भारत सरकार की इस युद्ध के दौरान ऊपजे हालात पर पैनी नजर है, और फिलहाल देश में तेल और गैस को लेकर कोई संकट नहीं है। खासकर एलपीजी को लेकर जो चिंता जताई जा रही है, लेकिन हकीकत में गैस की कोई कमी नहीं है, इसलिए देश के लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि स्टेट ऑफ होर्मुज बाधित होने से बड़े संकट की बात कही जा रही है, विपक्ष ने भी सरकार से पूछा कि इस रूट के पूरी तरह से बाधित होने पर दूसरा क्या विकल्प है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए क्या सरकार की कोई तैयारी है?

देश में तेल-गैस की कोई कमी नहीं

सवाल के जवाब में देश को भरोसा दिलाते हुए हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत में क्रूड की सप्लाई सुरक्षित है। ग्लोबल टेंशन की बात है तो भारत केवल मिडिल ईस्ट के भरोसे ही नहीं है। इस समय देश करीब 40 देशों से क्रूड ऑयल ले रहा है, और कुछ देशों को छोड़कर बाकी जगहों से तेल की सप्लाई जारी है।

20 फीसदी तेल की सप्लाई प्रभावित

मंत्री ने कहा कि जिस 'स्टेट ऑफ होर्मुज' को लेकर सवाल खड़े किए जा रहे हैं, कि इस रूट के बाधित होने से देश में तेल-गैस की भारी किल्लत हो जाएगी, ऐसी कोई बात नहीं है, तनाव की वजह से होर्मुज रूट से करीब 20 फीसदी तेल की सप्लाई प्रभावित हुई है। देश दूसरे विकल्पों पर काम कर रहा है।

समय पर सिलेंडर की डिलीवरी

उन्होंने कहा कि देश में रसोई गैस की कोई किल्लत नहीं हो दी जाएगी, फिलहाल सिलेंडर की डिलीवरी सामान्य है। घरेलू एलपीजी सिलेंडर की औसत डिलीवरी 2.5 दिन में हो रही है, इसलिए लोगों को जल्दबाजी में बुकिंग करने की जरूरत नहीं है। सरकार ने साफकहा है कि पैनिक बुकिंग से स्थिति खराब हो

पीएम मोदी सख्त, बोले-अफवाह फैलाने वालों पर नजर रखें

नई दिल्ली/ए.। कैबिनेट की बैठक में पीएम ने मंत्रियों को एलपीजी आपूर्ति की स्थिति पर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया था। उन्होंने मंत्रियों से कहा कि वे मौजूदा स्थिति को लेकर घबराहट पैदा करने वाली कोशिशों पर बारीकी से निगरानी करें। पीएम ने सोशल मीडिया पर विपक्ष के कथित प्रोपेगैंडा का आक्रामक तरीके से और पूरे आत्मविश्वास के साथ जवाब देने की सलाह दी है। यह चुनौती सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है बल्कि वैश्विक घटनाक्रमों की वजह से पूरी दुनिया ऐसे ही हालातों का सामना कर रही है।

अफवाहों पर कड़ी नजर रखें

प्रधानमंत्री मोदी ने कैबिनेट के मंत्रियों को सचेत किया है कि कुछ लोग मौजूदा हालात का फायदा उठाकर जनता के बीच डर पैदा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मंत्रियों को ऐसी गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए, जो स्थिति को पैनिक में बदलने की कोशिश कर रही हैं। सरकार का मानना है कि सही जानकारी साझा करके ही जनता के भरोसे को कायम रखा जा सकता है।

ग्लोबल क्राइसिस, भारत की तैयारी

ईंधन की समस्या एक वैश्विक चुनौती है और भारत इससे अछूता नहीं है। हालांकि, उन्होंने आश्वस्त किया कि भारत की तरफसे की गई तैयारियां बहुत व्यापक हैं। सरकार के पास आपूर्ति श्रृंखला को अच्छा तरह बनाए रखने के लिए पर्याप्त संसाधन हैं।

एलपीजी संकट पर बोले राहुल-गैस और ईंधन एक बड़ी समस्या

नई दिल्ली/ए.। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ऊर्जा सुरक्षा मामले में केंद्र सरकार को घेरा है। उन्होंने संकट से निपटने के लिए अग्रिम तैयारी किए जाने का आह्वान करते हुए कहा, अगर ऐसा नहीं किया गया, तो भविष्य में करोड़ों लोगों को नुकसान उठाना पड़ेगा। राहुल का ये बयान एलपीजी की कमी को लेकर आई हालिया मीडिया रिपोर्ट्स के बीच आया है। उन्होंने संसद परिसर में पत्रकारों से बात करने के अलावा सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा करते हुए भी सरकार को घेरा।

सोशल मीडिया पर तीखा हमला

राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री की संसद में अनुपस्थिति को लेकर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने अपने फेसबुक पर संसद परिसर में विरोध-प्रदर्शन की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, 'संसद से नरेंदर गायब, देश से सिलेंडर गायब!' पत्रकारों से कहा, पीएम मोदी भारत के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करने में असमर्थ हैं क्योंकि वह फंसे है उनके निकाले।

हमें अपनी मानसिकता बदलनी होगी

विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जोर देकर कहा, गैस और ईंधन एक बड़ी समस्या बनने वाले हैं क्योंकि हमारी ऊर्जा सुरक्षा से समझौता हुआ है। उन्होंने कहा कि यह ईरान के होर्मुज क्षेत्र से तेल के जहाजों को आने की अनुमति देने या न देने से भी बड़ा मुद्दा है।

लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष जरूरी, विपक्ष को कभी नहीं रोका: बिरला

लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष जरूरी, नेता प्रतिपक्ष को कभी नहीं रोका; नियम सबसे ऊपर

नई दिल्ली/ए.। लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के बाद आज पहली बार आसन पर आए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष का होना अत्यंत आवश्यक है और नेता प्रतिपक्ष को कभी नहीं रोका गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि संसद के नियम सर्वोपरि हैं और कोई भी व्यक्ति नियम से ऊपर नहीं है, चाहे वह प्रधानमंत्री ही क्यों न हों। ओम बिरला ने बताया कि ■ शेष पृष्ठ 8 पर

हर सदस्य का आभारी हूं: ओम बिरला

उन्होंने सदन को विचारों का जीवंत मंच बताते हुए कहा कि पिछले दो दिन में सभी सदस्यों की बातों को गंभीरता से सुना गया। हर सदस्य का आभारी हूं, चाहे वे आलोचक ही क्यों न रहे हों। यही विशेषता है कि यहां हर आवाज सुनी जाती है।

आईपीएस अमित कुमार फिर देगें केंद्र में सेवाएं, एडीजी इम्पैनल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन में बतौर इंटेलिजेंस चीफ नियुक्त 1998 बैच के आईपीएस अफसर अमित कुमार अब केंद्र सरकार को अपनी सेवाएं देंगे।

भारत सरकार ने उन्हें अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पद के लिए इम्पैनल्ड कर लिया है। केंद्र सरकार की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, देशभर के 1998 बैच के कुल 30 आईपीएस अधिकारियों को एडीजी पद के लिए पैनल में शामिल किया गया है। इनमें अमित कुमार ■ शेष पृष्ठ 8 पर

राष्ट्रपति पुलिस पदक से हो चुके हैं सम्मानित

आईपीएस अमित कुमार को उत्कृष्ट सेवा के लिए जनवरी 2025 में राष्ट्रपति पुलिस पदक से भी सम्मानित किया जा चुका है। प्रशासनिक दक्षता और ईमानदार छवि के कारण वे राज्य के प्रभावशाली और भरोसेमंद अधिकारियों में गिने जाते हैं। केंद्र सरकार द्वारा एडीजी पद के लिए इम्पैनलमेंट मिलने के बाद अब भविष्य में उन्हें केंद्र में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने की संभावना और बढ़ गई है।

केवल इंकम के आधार पर ओबीसी क्रीमी लेयर का दर्जा नहीं : सुको

यूपीएससी में नियुक्तियों पर अदालत से राहत

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के क्रीमी लेयर से जुड़े मुकदमे में अहम टिप्पणी की। दो जजों की खंडपीठ ने आज अपने फैसले में कहा कि आरक्षण के इस मामले में अभ्यर्थी के क्रीमी लेयर का निर्धारण केवल माता-पिता या अभिभावकों की सैलरी के आधार पर नहीं किया जा सका। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने अपने फैसले में सरकार की अपील को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि क्रीमी लेयर दर्जा का निर्धारण करते समय माता-पिता या अभिभावकों के पदों और स्थिति को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए।

बेंच ने केंद्र सरकार की उन अपीलों को खारिज कर दिया, जो हाई कोर्ट के फैसलों के खिलाफ थीं। कोर्ट ने उन यूपीएससी उम्मीदवारों को बड़ी राहत दी है, जिन्हें सिविल सेवा परीक्षा पास करने के बावजूद नौकरी नहीं दी गई थी। सरकार ने उनके माता-पिता की सैलरी को आधार मानकर उन्हें ■ शेष पृष्ठ 8 पर

आरएन रवि ने ली बंगाल के राज्यपाल पद की शपथ

कोलकाता/ए.। पश्चिम बंगाल के नए राज्यपाल आरएन रवि ने गुरुवार को कोलकाता स्थित लोकभवन में 22वें राज्यपाल के रुप मं पद और गोपनीयता की शपथ ली। उन्हें सॉजय पॉल ने शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहित कई वरिष्ठ नेता और अधिकारी मौजूद रहे। लोकभवन में आयोजित समारोह तय समय के अनुसार सुबह करीब साढ़े 11 बजे शुरू हुआ। शपथ ग्रहण से पहले और बाद में वंदे मातरम् और राष्ट्रीय गान जन गण मन गाया गया। शपथ लेने के बाद नए राज्यपाल ने मुख्यमंत्री और अन्य अतिथियों से मुलाकात कर औपचारिक बातचीत भी की।

गरमा-गरम

परेशानी : प्रदेश के करीब 600 उद्योगों पर संकट, रोजाना 2000 सिलेंडर की जरूरत

चार दिन में गैस सिलेंडर नहीं मिला तो ठप हो जाएगा लोहा उद्योग

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति बाधित होने से लौह उद्योगों के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। उद्योग संगठनों के अनुसार यदि अगले चार दिनों तक गैस सिलेंडर की नियमित आपूर्ति शुरू नहीं हुई तो प्रदेश के करीब 600 छोटे-बड़े लौह उद्योगों का उत्पादन ठप हो सकता है। उद्योगपतियों के मुताबिक राज्य के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में संचालित इकाइयों को प्रतिदिन लगभग 2000 गैस सिलेंडरों की आवश्यकता होती है। वर्तमान में आपूर्ति रुकने से उद्योग जगत में चिंता बढ़ गई है। इस मुद्दे को लेकर उद्योग संघ जल्द ही राज्य सरकार और ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बंद हो सकता है लौह उद्योग : नचरानी

छत्तीसगढ़ स्पंज आयरन उत्पादक संघ के पूर्व अध्यक्ष अनिल नचरानी ने कहा कि लगभग सभी लौह उद्योगों में गैस सिलेंडर की जरूरत होती है। यदि आपूर्ति शुरू नहीं हुई तो उद्योगों के बंद होने की स्थिति बन सकती है।

गैस की जल्द आपूर्ति शुरू नहीं हुई तो बढ़ेगी परेशानी: संजय त्रिपाठी

वहीं छत्तीसगढ़ स्टील री-रोलर्स संघ के अध्यक्ष तथा अखिल भारतीय री-रोलर्स संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय त्रिपाठी का कहना है कि फिलहाल पुराने भंडार से काम चलाया जा रहा है, लेकिन जल्द आपूर्ति शुरू नहीं हुई तो उद्योगों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

गैस की निर्बाध आपूर्ति जरूरी : गर्ग

उरला उद्योग संघ के अध्यक्ष अश्विन गर्ग ने कहा कि उद्योगों के लिए गैस सिलेंडर की आपूर्ति प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जानी चाहिए, अन्यथा स्थिति गंभीर हो सकती है। वहीं मिनी स्टील प्लांट संघ के महासचिव मनीष धुप्पड़ ने कहा कि लौह उद्योगों के लिए कोयला और बिजली की तरह गैस सिलेंडर भी अत्यंत आवश्यक है, इसलिए इसकी निर्बाध आपूर्ति जरूरी है।

प्रदेश में व्हाट्सएप और मिस्ड कॉल से घरेलू गैस बुकिंग सेवा हुई बंद

खाली सिलेंडर प्लांट तक नहीं पहुंचने से बढ़ सकती है परेशानी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रमुख एलपीजी सप्लाई कंपनी इंडियन ऑयल कार्पोरेशन ने 11 मार्च से इंडेन गैस सिलेंडर की बुकिंग के लिए व्हाट्सएप और मिस्ड कॉल सिस्टम बंद कर दिया है। इसके बाद अब बुकिंग केवल यूपीआई पेमेंट गेटवे के जरिए ही की जा रही है। इस बदलाव का असर राजधानी रायपुर में साफ दिखाई देने लगा है, जहां गैस एजेंसियों पर डबल सिलेंडर बुकिंग वाले उपभोक्ताओं की भीड़ बढ़ गई है। कंपनी के अधिकृत सूत्रों के

अनुसार फिलहाल बुकिंग गूगल पे और फोन पे जैसे यूपीआई माध्यमों से ही हो रही है। नई व्यवस्था के कारण कई उपभोक्ताओं को गैस बुकिंग में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया है कि 25 दिन की अवधि पूरी करने वाले उपभोक्ताओं को भी सिलेंडर के लिए करीब 5 दिन तक इंतजार करना पड़ ■ शेष पृष्ठ 8 पर

न्यूज गैलरी

सीईओ मण्डले ने किया प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण कार्यों की समीक्षा

बालोद/नवप्रदेश। जनपद पंचायत डौण्डी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री डीडी मण्डले ने आज ग्राम पंचायत अवारी कलस्टर के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी नोडल अधिकारियों, ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायकों को वित्तीय वर्ष 2025-26 के अपूर्ण आवासों को 30 मार्च तक शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा निर्माणाधीन आवासों के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश भी दिए। श्री मण्डले ने सभी आवासों का निर्माण गुणवत्तायुक्त ढंग से करने तथा पूर्ण आवासों में रैनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली स्थापित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि आवास निर्माण कार्य में रूची नही लेने वाले तथा राशि का दुरूपयोग करने वाले हितग्राहियों के विरूद्ध कार्रवाई भी की जाएगी। इसके लिए उन्होंने ग्राम पंचायत सचिवों एवं रोजगार सहायकों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने को कहा। बैठक में विकास विस्तार अधिकारी, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के विकासखण्ड समन्वयक, तकनीकी सहायक, नोडल अधिकारी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

पीएम अभ्युदय योजना में आवेदन पत्र 16 मार्च तक

धमतरी/नवप्रदेश। छ.ग. राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम रायपुर द्वारा जिला धमतरी के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के हेतु अनुसूचित जाति वर्ग के लिए प्रधान मंत्री (अजय) अभ्युदय योजना में 218 का लक्ष्य प्राप्त हुआ था। उक्त योजना के अंतर्गत बैंकों के माध्यम से रू. 1,00,000/- (एक लाख न्यूनतम) तक ऋृण तथा अनुदान राशि रू. 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम अनुदान से 50,000/- विभिन्न प्रकार के व्यवसाय करने के लिए दिए जाने का प्रावधान है। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार आवेदन पत्र पशु चिकित्सा विभाग, बिहान, जनपद पंचायत एवं कार्यालय द्वारा शिविर आयोजित कर प्रचार-प्रसार के माध्यम से कुल 278 आवेदन पत्र तैयार किये गये थे, जिन्हे स्वीकृति की कार्यवाही हेतु संबंधित बैंकों को प्रेषित किये गये है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित धमतरी ने बताया कि बैंको को प्रेषित आवेदन पत्रों मे युनियन बैंक, पजाब नेशनल बैंक, यूको बैंक, बैंक ऑफबडौदा एवं छ.ग राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा कुल 26 ऋृण प्रकरणों में स्वीकृति प्रदान कर अनुदान राशि की मांग की गई है। बैंको को प्रेषित की गई ऋृण प्रकरणों में उपयुक्त प्रकरण नहीं होने का उल्लेख करते हुये 27 ऋृण प्रकरण बैंको द्वारा वापस किये गये है।उन्होंने यह भी बताया कि कार्यालय द्वारा प्रेषित ऋृण प्रकरणों में कुल 225 ऋृण आवेदन पत्र स्वीकृति हेतु बैंक में लंबित है। वित्तीय वर्ष 2025-26 समाप्ति की ओर है आवेदको से आवेदन पत्र 16 मार्च 2026 तक कार्यालय में जमा लिये जायेंगे एवं स्वीकृति हेतु बैंको को प्रेषित किये जायेंगे। 16 मार्च के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों को वित्तीय वर्ष 2026-27 में लक्ष्य प्राप्त होने के पश्चात बैंको को प्रेषित करने की कार्यवाही की जावेगी।

युद्ध की स्थिति के बीच पेट्रोल-डीजल की सामान्य आपूर्ति बनाए रखने निर्देश

गरियाबंद/नवप्रदेश। मध्य-पूर्व एशिया में उत्पन्न युद्ध की स्थिति को देखते हुए पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति में कमी की आशंका को लेकर जिला प्रशासन ने सभी पेट्रोल पंप संचालकों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। प्रशासन ने कहा है कि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसलिए पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति सामान्य रूप से बनाए रखी जाए। पेट्रोल पंप संचालक उपभोक्ताओं को केवल वाहनों में ही पेट्रोल-डीजल उपलब्ध कराएं। किसी भी स्थिति में बोतल, कंटेनर, ड्रम या अन्य बर्तनों में पेट्रोल-डीजल का वितरण नहीं करें।प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि किसी पेट्रोल पंप द्वारा नियमों का उल्लंघन करते हुए इस प्रकार पेट्रोल-डीजल का विक्रय किया जाता है, तो संबंधित के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

गैस सिलेंडर आपूर्ति को लेकर प्रशासन के निर्देश

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री बीएस उइके ने जिले के सभी गैस वितरकों को आयल कंपनियों के निर्देशानुसार घरेलू गैस सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विशेष रूप से अस्पतालों और छात्रावासों में गैस की कमी न हो, इसका ध्यान रखने को कहा गया है। प्रशासन ने निर्देश दिया है कि वितरक प्रतिदिन गैस की आवक और वितरण की लिखित जानकारी संबंधित कार्यालय को उपलब्ध कराएं। गैस सिलेंडर की बुकिंग अवधि 25 दिन निर्धारित की गई है तथा केवल ऑनलाइन बुकिंग पर ओटीपी आधारित रिफिल वितरण किया जाएगा।इसके साथ ही गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई है। उपभोक्ताओं को आवश्यक होने पर रिफिल प्राप्त करने संबंधी जानकारी गैस एजेंसियों में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। प्रशासन ने कहा है कि समय-समय पर जारी सभी निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी संस्था द्वारा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

काउंसिलिंग सह पंजीयन आज

धमतरी/नवप्रदेश। जल जीवन मिशन के तहत जिले के प्रत्येक पंचायतों में नलजल मित्र कार्यक्रम अंतर्गत चिन्हित पात्र युवाओं को बहु-कौशल प्रशिक्षण प्रदाय करने लाईवलीहुड कॉलेज में जल वितरण संचालक में प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। इसके तहत आगामी 13 मार्च को सुबह 10 बजे लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में काउंसिलिंग सह पंजीयन किया जाएगा। कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज श्री अबिनाश मिश्रा ने जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने जनपद क्षेत्र से ऐसे चिन्हित पात्र युवाओं, जिनका नलजल कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण नहीं हुआ है, उन युवाओं को 13 मार्च 2026 को लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में उपस्थित कराना सुनिश्चित करें, ताकि शासन की मंशाअनुरूप जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में चयनित नलजल मित्रों का जल्द से जल्द प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा सके।

एनएचएम कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री से की कैशलेश चिकित्सा सुविधा देने की मांग

■ **एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल की मुख्यमंत्री साय से सौजन्य मुलाकात**

गरियाबंद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मचारी संघ के प्रदेश प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके विधानसभा कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने एनएचएम कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र निराकरण का आग्रह किया। संघ के प्रतिनिधियों ने पूर्व में की गई घोषणाओं एवं मोदी की गारंटी के तहत कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान की बात रखते हुए मांगों को जल्द पूरा करने का अनुरोध किया। इस पर मुख्यमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा कि सुशासन की सरकार में कर्मचारियों के हितों का पूरा ध्यान रखा जा रहा है और सभी कर्मचारियों के सुख-दुख में सरकार उनके साथ है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की सभी जायज मांगों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।ज्ञात हो कि एनएचएम कर्मचारियों ने अनुकंपा नियुक्ति, कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने, स्थानांतरण नीति, नए मानव संसाधन नीति, नियमित भर्ती में एनएचएम कर्मचारियों को अनुभव का अंक सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर 33 दिनों तक आंदोलन किया था, जिसे सरकार के आश्वासन के बाद समाप्त किया गया था। एनएचएम संघ के प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी, संघ के प्रवक्ता एवं जिला बेमेतरा पुरन दास, प्रदेश सलाहकार दिनेश खर्कवाल, जिलाध्यक्ष गरियाबंद अमृत राव भोंसले, दुर्ग जिलाध्यक्ष डॉ. आलोक शर्मा, जिलाध्यक्ष मोहला मानपुर संतोष चंदेल, सहित संघ के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

भाजपा नेताओं-मंत्रियों पर संरक्षण का आरोप, निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग

अफीम की अवैध खेती को लेकर सियासत गरम, कांग्रेस का जोरदार धरना-प्रदर्शन

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रदेश में कथित रूप से हो रही नशीली पदार्थ अफीम की अवैध खेती को लेकर सियासत तेज हो गई है।इसी मुद्दे को लेकर जिला कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए बीजेपी जिला कार्यालय का घेराव करते हुए जमकर नारे बाजी किए और भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए।ज्ञात हो कि प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ता जिला कांग्रेस भवन में एकत्रित हुए उसके पश्चात बीजेपी कार्यालय का घेराव करने निकले,लेकिन बीजेपी कार्यालय के पहले ही बेरीकेट्स लगाकर तैयार पुलिस जवानों द्वारा कांग्रेसियों को रोक लिया गया,जहां कांग्रेस और पुलिस जवानों के बीच काफी झुमाझटकी की स्थिति बन गई।वहीं कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने कहा कि प्रदेश में अवैध रूप से नशीली पदार्थों की खेती का मामला सामने आना बेहद चिंताजनक है और यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी तो इसका सीधा असर प्रदेश के युवाओं के भविष्य पर पड़ेगा। छत्तीसगढ़ को धान के कटोरे के नाम से जाना जाता है लेकिन बीजेपी के राज में हमारा छत्तीसगढ़ नशीली सामान के उपज के लिए प्रचलित हो रहा है।

धरना-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में कुछ प्रभावशाली लोगों के संरक्षण में अफीम की खेती की जा रही है,लेकिन सरकार कार्रवाई करने के बजाय मामले को दबाने की कोशिश कर रही है। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने मांग की कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

धरना-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार इस मामले में जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाती है तो पार्टी प्रदेश के सभी जिलों में आंदोलन को और तेज करेगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे के जाल से बचाने और अवैध गतिविधियों के खिलाफ कांग्रेस लगातार संघर्ष करती रहेगी।इस दौरान सुखचंद बेसरा, स्मृति ठाकुर, पवन सोनकर,संजय नेताम, सन्नी मेमन, नीरज ठाकुर, रमेश शर्मा,आबिद ढेबर, बालमुकुंद मिश्रा, चंद्रभूषण चौहान, हबीब मेमन, प्रहलाद यदु, योगेश्वरी साहू, कमल यदु, ओंकार सिंह ठाकुर, योगेश बघेल,मेघनाथ बघेल, जितेन्द्र राजपूत, जुनैद खान, यशपेन्द्र शाह,समद खान, माहेश्वरी शाह,ललिता यादव, रामकृष्ण ध्रुव, अमित मिरी,प्रेम सोनवानी, भूपेंद्र मांझी, जुनैद खान, रमेश वर्मा, जितेंद्र ठाकुर, चमन साहू, प्रह्लाद यादव, चेतन सिन्हा, रमीज़ रज़ा, मुकेश पांडेय, नेपाल यादव, सुरेश मानिकपुरी, चंद्रशेखर यादव, योगेश बघेल,अजय बाजपेयी, चंद्रभूषण चौहान, भानु सिन्हा, अमृत पटेल, सूरज यादव सहित कई कांग्रेस के कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन में शामिल हुए थे।

निर्माण कार्यो में आ रही समस्याओं का चौपाल में हो रहा समाधान

कवर्धा / नवप्रदेश। ज़िले के वनांचल क्षेत्रों में प्रधानमंत्री जनमन आवास के निर्माण कार्य में प्रगति लाने और कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने। जिला स्तरीय अधिकारियों को सप्ताह में तीन दिवस कार्यों का निरीक्षण करते हुए ग्रामीणों के साथ संवाद करने के निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अभिषेक अग्रवाल द्वारा गत दिवस बैठक में दिए गए थे। निर्देशो का पालन करते हुए सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंचायत अमन यादव द्वारा ग्राम पंचायत लरबक्की आमनारा, कुकरापानी और दुर्जनपुर में चौपाल लगाकर विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के हितग्राहियों से चर्चा की गई।आवास लाभार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा गया कि वह अपने लिए पक्के आवास का गुणवत्ता युक्त स्वयं निर्माण करे।साथ ही ग्रामीणों को बताया गया की शासन द्वारा 2 लाख रुपए की राशि हितग्राहियों के खाते में निर्माण अवस्था अनुसार प्रदाय किया जा रहा है। ज्ञात हो की जनपद पंचायत बोड़ला अंतर्गत ग्राम पंचायत आमनारा में जनमन आवास के 115 कार्य प्रगीत पर है और 34 अप्रारंभ। ग्राम पंचायत दुर्जनपुर में 113 आवास प्रगीति पर तथा 14 अप्रारंभ है। ग्राम पंचायत कुकरापानी में 184 आवासो का निर्माण चल रहा है और अप्रारंभ 71 हितग्राहियों द्वारा कार्य प्रारंभ नही किया गया है।इसी तरह ग्राम पंचायत लरबक्की में 79 कार्य प्रगति पर एवं 15 आवास के हितग्राहियों द्वारा कार्य प्रारंभ किया जाना शेष है। चौपाल में 31 मार्च तक सभी अप्रारंभ आवासों को शुरू करवाकर प्लिंथ स्तर पर जिओ टैग करने के निर्देश मैदानी कर्मचारियों को दिए गए हैं।

जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों को प्रभावी रूप से मिले

धरसींवा / कूंरा/नवप्रदेश। जनपद पंचायत धरसींवा के सभाकक्ष में आयोजित सामान्य सभा की बैठक में क्षेत्र के विकास कार्यों, पंचायतों में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा जनसमस्याओं के निराकरण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम नागरिकों तक प्रभावी रूप से पहुँचाने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता, सड़क, आवास तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही पंचायत स्तर पर संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं को भी बैठक में प्रमुखता से रखा।

बैठक में यह भी चर्चा की गई कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुँचे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को और अधिक गति दी जाए।

जल संकट से निपटने कलेक्टर का बड़ा आदेश

जल संचय या अवैध कनेक्शन के माध्यम से जलापूर्ति को बाधित न करे : कलेक्टर

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आगामी ग्रीष्म ऋतु के दौरान संभावित पेयजल संकट को देखते हुए जिले में जल प्रबंधन को लेकर महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि गर्मी के मौसम में सभी लोगों को पेयजल एवं निस्तार के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि जिले में कोई भी व्यक्ति अवैध रूप से जल संचय या अवैध कनेक्शन के माध्यम से जलापूर्ति को बाधित न करे। ऐसे किसी भी प्रकार के अनुचित जल संग्रहण को रोकने के लिए ग्रामीण एवं नगरीय स्तर पर विशेष टीमों का गठन किया गया है। आदेश के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में अनुविभागीय अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, तहसीलदार तथा अनुविभागीय अधिकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी की संयुक्त टीम निगरानी करेगी। वहीं नगरीय क्षेत्रों में अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, अनुविभागीय अधिकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और मुख्य नगर पालिका तथा नगर पंचायत अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित की गई है।

जिले में घरेलू एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता : कलेक्टर

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। जिले में घरेलू एलपीजी गैस की उपलब्धता और आपूर्ति व्यवस्था हेतु बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिले के घरेलू एलपीजी गैस वितरकों के साथ बैठक कर जिले में घरेलू गैस की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। सभी एजेंसियो में उपभोक्ताओं सामान्य रूप से व प्रचलित मूल्य पर एलपीजी गैस उपलब्ध कराएं। कहीं पर भी एजेंसी के द्वारा शॉर्टेज की स्थिति निर्मित न हो। कालाबाजारी या अधिक मूल्य पर बेचने की शिकायत मिलने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी वितरक एलपीजी भण्डारण एवं वितरण की पंजी संधारित करें की विभागीय अधिकारी द्वारा मांगे जाने पर उपलब्ध कराएं।

अग्निवीर भर्ती के लिए युवाओं को प्रेरित करें

■ **कलेक्टर ने ऑनलाइन बैठक में अधिकारियों के दिये जरुरी निर्देश**

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु जिले से अधिक से अधिक युवाओं को आवेदन हेतु प्रेरित किया जाएगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बुधवार को आईटीआई, पॉलिटेक्निक, महाविद्यालय, जनपद सीईओ, मुख्य नगर पालिका अधिकारियों की ऑनलाइन बैठक लेकर अग्नि वीर भर्ती के सम्बन्ध में जरुरी निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि आईटीआई, पॉलिटेक्निक एवं महाविद्यालयों में अग्निवीर भर्ती की व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ ही ऑनलाइन फॉर्म भरने की भी व्यवस्था कराएं। उन्होंने कहा के अगले 21 दिन के लक्ष्य निर्धारित कर आवेदन हेतु समयबद्ध कार्ययोजना बनाएं। स्कूली छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए बीईओ व बीआरसी के माध्यम से लक्ष्य निर्धारित कर फॉर्म भरवाएं। उन्होंने एनएसएस एवं एनसीसी कैडेट को भी इस भर्ती की पर्याप्त जानकारी देने कहा।

बताया गया कि भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर अग्निवीर भर्ती एवं आवेदन की सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध है। सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 1अप्रेल 2026 तक चलेगी। आवेदन अग्निवीर पुरुष जनरल, तकनीकी, लिपिक,स्टोपकीपर, ट्रेड्समैन दसवीं पास, ट्रेड्समैन आठवीं पास, अग्निवीर महिला तथा स्थाई कैडर नर्सिंग असिस्टेंट वेट और सिपाही फार्मा के पदों के लिए अधिसूचना जारी किया गया है। ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम 01 जून से 10 जून 2026 के मध्य आयोजित होने की संभावना है। उम्मीदवार किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा स्पष्टीकरण हेतु अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के नजदीक सेना भर्ती कार्यालय, नवा रायपुर के दूरभाष नम्बर 0771-2965212 एवं 0771-2965214 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

रुद्रेश्वर मंदिर परिसर का होगा समग्र विकास

20 करोड़ की लागत से विकसित होगा धार्मिक-पर्यटन स्थल

■ **ग्रीन कॉरिडोर, बोटिंग और आधुनिक सुविधाओं से बढ़ेगा आकर्षण**

धमतरी/नवप्रदेश। जिले के प्राचीन एवं आस्था के प्रमुख केंद्र रुद्रेश्वर मंदिर परिसर को धार्मिक पर्यटन के महत्वपूर्ण स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा पहल शुरू कर दी गई है। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने बीते दिन देर शाम मंदिर परिसर का निरीक्षण कर प्रस्तावित विकास कार्यों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मंदिर तक पहुंचने के लिए बेहतर सड़क, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग, कला मंच और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बताया कि मंदिर को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए लगभग 2.5 किलोमीटर लंबा आकर्षक ग्रीन कॉरिडोर विकसित किया जाएगा। यह कॉरिडोर नहर के किनारे बनाया जाएगा, जहां फूलों के बगीचे, हरित पट्टी, आकर्षक सड़क डिज़ाइन और पैदल यात्रियों के लिए पाथ-वे का निर्माण किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को प्राकृतिक और सौंदर्यपूर्ण वातावरण का अनुभव मिल सके।

परियोजना के तहत मंदिर परिसर में एक भव्य स्वागत द्वार का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए दो व्यवस्थित पार्किंग स्थलों का निर्माण किया जाएगा। परिसर की सुंदरता बढ़ाने के लिए महानदी तट पर लगभग 15 फीट ऊंची आकर्षक प्रतिमा स्थापित करने की भी योजना है, जो इस स्थल की एक विशिष्ट पहचान बनेगी। पर्यटकों के आकर्षण के लिए बोटिंग सुविधा विकसित करने की भी योजना है। इसके साथ ही घाटों का सौंदर्यीकरण, बैठने की व्यवस्था, हरित विकास और आकर्षक प्रकाश व्यवस्था की जाएगी, जिससे यह स्थल धार्मिक आस्था के साथ-साथ पर्यटन के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित हो सके। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि प्रस्तावित परियोजना का त्रि-आयामी (3-डी) मॉडल भी तैयार कराया गया है। इसके अंतर्गत तीन मंजिला धर्मशाला, भोजन कक्ष, भोजनशाला, सभागार, गार्डन, स्वागत गेट और अन्य यात्री सुविधाओं का सुव्यवस्थित विकास किया जाएगा। इस पूरे प्रोजेक्ट पर लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है।

जिले में असंगठित श्रमिकों के लिए विशेष पंजीयन अभियान

गरियाबंद/नवप्रदेश। असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों एवं छोटे व्यापारियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा संचालित प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना एवं राष्ट्रीय पेंशन योजना-ट्रेडर्स के तहत जिले में विशेष पंजीयन अभियान चलाया जा रहा है। जिले में लगभग 2 हजार 400 पात्र हितग्राहियों के पंजीयन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा श्रम विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय प्रशासन तथा सीएससी के समन्वय से दो चरणों में विशेष पंजीयन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

विधानसभा बजट सत्र : महंत बोले-होटल संचालक परेशान, चंद्राकर बोले- ये सदन के अधिकार क्षेत्र से बाहर

एलपीजी सिलेंडर की कमी के मुद्दे पर विधानसभा में हंगामा, नारेबाजी के बाद कांग्रेस विधायक निलंबित

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा के बजट सत्र में एलपीजी सिलेंडर की कमी का मुद्दा उठते ही सदन में जोरदार हंगामा हो गया। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि प्रदेश में सिलेंडर नहीं मिलने से लोग और होटल संचालक परेशान हैं। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने इसे सदन के अधिकार क्षेत्र से बाहर बताया, जिस पर पक्ष-विपक्ष में तीखी नारेबाजी शुरू हो गई।

विषय केन्द्र सरकार से जुड़ा, निलंबित: पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि जनहित को देखते हुए स्थगन प्रस्ताव स्वीकार कर इस मुद्दे पर चर्चा कराई जानी चाहिए, लेकिन सभापति ने यह कहते हुए स्थगन प्रस्ताव खारिज कर दिया कि यह विषय केंद्र सरकार से जुड़ा है। इसके बाद विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए वेल तक पहुंच गए जिन्हें बाद में सस्पेंड कर दिया गया।

कार्यक्रमों के भुगतान को लेकर बहस

वहीं कार्यक्रमों के भुगतान के मुद्दे पर भाजपा विधायक लता उसेंडी ने अपनी ही सरकार को घेरा और मौखिक-लिखित आदेशों पर हुए कार्यक्रमों का भुगतान न होने का सवाल उठाया। मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने दस्तावेज मिलने पर जांच कर भुगतान कराने की बात कही। इस पर कवासी लखमा ने तंज कसा, जब लता उसेंडी की ही सुनवाई नहीं हो रही, तो हमारी क्या होगी?

सड़क हादसों को लेकर हंगामा

इससे पहले सदन में सड़क हादसों में हो रही मौतों का मुद्दा गूंजा। अकलतरा विधायक राघवेन्द्र सिंह ने पूछा कि 2025 में सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी के क्या कारण हैं, लेकिन स्पष्ट जवाब नहीं मिला। उन्होंने बताया कि अकलतरा क्षेत्र में वर्ष 2024 में 76 लोगों की मौत हुई थी, जो 2025 में बढ़कर 86 हो गई। वहीं वर्ष 2026 में 1 जनवरी से 14 फरवरी तक ही 13 लोगों की जान जा चुकी है।

अस्पताल-स्कूलों में जारी रहेगी

छत्तीसगढ़ में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति सीमित कर दी गई है। वहीं अस्पताल और स्कूलों में आपूर्ति जारी रहेगी। इसका असर मुख्य रूप से होटल और रेस्टोरेंट कारोबार पर पड़ रहा है। हालांकि राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि आम उपभोक्ताओं के लिए घरेलू गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और कहीं भी कमी की स्थिति नहीं है। प्रशासन ने कालाबाजारी और दुरुपयोग को रोकने के लिए सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं। साथ ही किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए टोल-फ्री नंबर 1800-233-3663 भी जारी किया गया है।

लापरवाही के कारण दुर्घटनाएं: कश्यप

इस पर मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रदेश में सड़कों के विस्तार, वाहनों की संख्या बढ़ने और लोगों की लापरवाही के कारण दुर्घटनाएं होती हैं, हालांकि 2024 की तुलना में 2025 में डेथ रेशियो कम हुआ है। विधायक ने ड्रिंक एंड ड्राइव पर कार्रवाई और ट्रॉमा सेंटर की कमी का मुद्दा भी उठाया। मंत्री ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं और जहां ज्यादा हादसे हो रहे हैं, वहां संबंधित विभागों के साथ मिलकर समाधान किया जाएगा। वहीं विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं का विषय गृह, परिवहन समेत कई विभागों से जुड़ा है, इसलिए सभी विभागों को समन्वय से काम करना चाहिए।

शिकायतों के लिए टोल फ्री नंबर जारी

रीना कंगाले ने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि एलपीजी गैस और डीजल-पेट्रोल की कोई कमी नहीं है। लोग गैस एजेंसी के जरिए सिलेंडर समय पर ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर किसी को आपूर्ति में परेशानी या शिकायत हो, तो टोल फ्री नंबर 1800-233-3663 पर कॉल कर सकते हैं।

न्यूज गैलरी

विधानसभा घेराव 17 को, तैयारियों को लेकर जांगिड ने ली बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सह-सचिव एवं सह-प्रभारी विजय जांगिड़ ने 17 मार्च को मनरेगा बचाओ संग्राम तथा प्रदेश के स्थानीय मुद्दो बिजली के दाम में बढ़ोत्तरी, किसानो से धोखा, धान खरीदी पर वादा खिलाफी, गैस सिलेंडर के दामो की बढोत्तरी जैसे मुद्दो को लेकर कांग्रेस विधानसभा का घेराव को लेकर बैठक लिया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के प्रभारी महासचिव सचिन पायलट सहित राज्य के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता, पदाधिकारी सहित आम आदमी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। विधानसभा घेराव के लिये जिलोंवार तथा विधानसभा प्रभारियों की नियुक्तियां की जा चुकी है, जिसमें प्रदेश के कोने-कोने से कांग्रेसजन विधानसभा घेराव में शामिल होकर डबल इंजन की सरकार के खिलाफ हल्ला बोलेंगे। बैठक में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष धनेंद्र साहू, पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्यनारायण शर्मा, पूर्व मंत्री अमितेष शुक्ल, पूर्व मंत्री एवं विधायक उमेश पटेल, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेन्द्र तिवारी, शैलेश नितिन त्रिवेदी, महामंत्री दीपक मिश्रा, महामंत्री सुबोध हरितवाल, रायपुर शहर जिला अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन, रायपुर ग्रामीण अध्यक्ष राजेन्द्र पप्पू बंजारे, सेवादल कांग्रेस अध्यक्ष अरुण ताम्रकार, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, नगर निगम सभापति आकाश तिवारी, पूर्व महामंत्री अमरजीत चावला, सद्दाम सोलंकी एवं कांग्रेसजन उपस्थित थे।

सत्ता के संरक्षण में नशे का व्यापार कर रहे सत्तारूढ़ दल के नेता: कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रदेश में लगातार पकड़ा रही अफीम की खेती एक संयोग नहीं है। यह सत्तारूढ़ दल के नेताओं का सत्ता के

संरक्षण में किया जा रहा अवैध व्यापार है। दुर्ग के समोदा में अफीम की खेती के खुलासे के बाद बलरामपुर के कुसुमी थानांतर्गत त्रिपुरी गांव में और बलरामपुर के एक और गांव खजूरी में भी अफीम की खेती के खुलासे से साबित हो रहा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद भाजपा पूरे छत्तीसगढ़ को नशे का गढ़ बनाना चाहती है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि बिना सरकार के तथा सत्ता में बैठे हुए लोगों के संरक्षण के खुलेआम अफीम की खेती नहीं हो सकती और न ही गली, कूचों में गांजा, शराब, सूखे नशे का कारोबार हो सकता है।

म्यूल खातों की खरीदी-बिक्री करने वाला फरार वारंटी सुनील यादव गिरफ्तार, महिला साथी भी पकड़ी गई

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में म्यूल बैंक खातों की खरीदी-बिक्री कर अवैध लेन-देन करने वाले गिरोह का

पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने एक फरार स्थायी वारंटी सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में सुनील यादव उर्फ सोनू और पूजा सिंह शामिल हैं। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों से लोगों को झांसे में लेकर उनके बैंक खाते और एटीएम कार्ड हासिल करते थे और बाद में इन्हें पश्चिम बंगाल के आसनसोल में बेच देते थे। इन खातों का उपयोग अवैध लेन-देन और धोखाधड़ी के लिए किया जाता था।

किराना दुकानदार को बनाया निशाना: मामला तब सामने आया जब श्यामनगर इंदिरा चौक तेलीबांधा निवासी पवन यादव ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई। पवन यादव किराना दुकान संचालित करते हैं। उनकी दुकान पर आने-जाने वाली पूजा सिंह ने अपने साथी सुनील यादव के साथ मिलकर उन्हें झांसे में लिया। आरोपियों ने कंपनी का पैसा आने का बहाना बनाकर उनसे बैंक ऑफ महाराष्ट्र का खाता विवरण और एटीएम कार्ड ले लिया। बाद में खाते की लिमिट खत्म होने की बात कहकर उनसे दूसरे बैंक खातों के माध्यम से लगभग डेढ़ लाख रुपये निकलवा लिए। कुछ दिनों बाद बैंक से फोन आने पर प्रार्थी को पता चला कि उसके खाते में फ्रॉड से जुड़े लेन-देन के कारण 1.50 लाख रुपये होल्ड कर दिए गए हैं। इसके बाद उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। एंटी क्राइम एवं साइबर यूनिट और सिविल लाइन थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने जांच कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे लोगों को झांसे में लेकर उनके बैंक खाते खरीदते थे और उन्हें आसनसोल (पश्चिम बंगाल) में बेच देते थे।

आयोजन : मुख्यमंत्री ने 'बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026' का किया शुभारंभ

बिजली उपभोक्ताओं की पीड़ा को दूर करेगी समाधान योजना : सीएम

■ 28 लाख 42 हजार उपभोक्ताओं को मिलेगी 757 करोड़ रुपये से अधिक की राहत

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सालय स्थित सभागार से मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने योजना का लाभ लेने वाले उपभोक्ताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया और अधिक से अधिक लोगों से योजना का लाभ लेने की अपील की। साथ ही मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 2 हजार 931 हितग्राहियों को 8 करोड़ 79 लाख रुपए की सब्सिडी भी अंतरित की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बिजली आज हमारी मूलभूत जरूरतों में शामिल हो चुकी है और इसके बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है। कई परिवार आर्थिक कारणों से समय पर बिजली बिल का भुगतान नहीं कर पाते, जिससे सरचार्ज के कारण बकाया राशि बढ़ जाती है और पूरा भुगतान करना कठिन हो जाता है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने समाधान योजना शुरू की है, जिससे उन्हें बड़ी राहत मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाधान योजना के माध्यम से लंबे समय से बिजली बिल का भुगतान नहीं कर पाने वाले प्रदेश के निम्न एवं मध्यम आय वर्ग तथा कृषि उपभोक्ताओं को राहत देने की पहल की गई है। योजना के तहत प्रदेश के 28 लाख 42 हजार उपभोक्ताओं को कुल 757

करोड़ रुपए की राहत दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद देश के लगभग 18 हजार गांवों तक बिजली पहुंचाई गई, जिससे आजादी के बाद से अंधेरे में रहे गांव भी रोशन हुए। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में हमारे अपने संसाधनों से लगभग 30 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जा रहा है और प्रदेशवासियों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने बताया कि कोरोना काल में आर्थिक कठिनाइयों के कारण कई उपभोक्ता बिजली बिल का भुगतान नहीं कर पाए थे, जिससे बकाया राशि बढ़ गई थी। राज्य सरकार ने उपभोक्ताओं की इस परेशानी को समझते हुए समाधान योजना लागू की है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रति प्रदेश में लोगों की रुचि लगातार बढ़ रही है और अब तक लगभग 36 हजार लोग इससे जुड़ चुके हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि महिला स्व सहायता समूहों द्वारा सोलर पैनल वेंडर के रूप में कार्य किया जाना एक सकारात्मक पहल है। मुख्यमंत्री ने नागरिकों से बिजली की बचत करने और घरेलू बिजली के अनावश्यक उपयोग से बचने की अपील की।

मुख्यमंत्री ने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को समाधान योजना के लिए बधाई देते हुए निर्देश दिए कि शिविर लगाकर और व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को समाधान योजना से जोड़ा जाए। उल्लेखनीय है कि योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं की तीन श्रेणियां निर्धारित की गई हैं, जिनमें 31 मार्च 2023 की स्थिति में निष्क्रिय उपभोक्ता, सक्रिय एकल बत्ती कनेक्शनधारी उपभोक्ता तथा सक्रिय अशासकीय घरेलू एवं अशासकीय कृषि उपभोक्ता शामिल हैं। इन श्रेणियों के उपभोक्ताओं को विद्युत देयक जमा करने के लिए प्रोत्साहन के रूप में अधिभार की राशि में 100 प्रतिशत छूट तथा मूल बकाया राशि में 75 प्रतिशत तक छूट का प्रावधान किया गया है।

योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को पंजीयन कराना होगा और पंजीयन के समय बकाया राशि का न्यूनतम 10 प्रतिशत भुगतान करना अनिवार्य होगा। शेष राशि का भुगतान किस्तों में किया जा सकेगा और आगामी माह में कोई अधिभार नहीं लगेगा। यह योजना 30 जून 2026 तक प्रभावशील रहेगी। इस अवसर पर रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, रायपुर नगर निगम महापौर श्रीमती मीनल चौबे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नवीन अग्रवाल, ऊर्जा विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी और विद्युत उपभोक्ता उपस्थित थे।

मोबाइल से सट्टा चला रहे दो आरोपी गिरफ्तार, 52,500 रुपये नकद जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में जुआ और सट्टे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने मोबाइल फोन के जरिए सट्टा संचालित करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को थाना सिविल लाइन क्षेत्र में काली माता मंदिर के पास रंगे हाथों पकड़ा गया।

एंटी क्राइम एवं साइबर यूनिट को 11 मार्च 2026 को सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति मोबाइल फोन के माध्यम से अंकों में दांव लगाकर सट्टा चला रहे हैं। सूचना के आधार पर एंटी क्राइम एवं साइबर यूनिट और सिविल लाइन

थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर दबिश दी और संदिग्धों को पकड़ लिया।

पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम गोपाल भीसे (42) निवासी बढ़ई पारा, विश्वकर्मा चौक और बब्बन रजा उर्फ अख्तर (39) निवासी शिव नगर, शीतला मंदिर के पास बताया। पुलिस ने जब उनके मोबाइल फोन की जांच की तो उसमें राजधानी और कल्याण सट्टा पट्टी में अंकों के जरिए सट्टा संचालित करते पाए गए। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2 मोबाइल फोन और 52,500 रुपये नकद बरामद किए हैं। जब्त सामान की कुल कीमत लगभग 1 लाख रुपये आंकी गई है। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना सिविल लाइन में अपराध क्रमांक 164/26 के तहत छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 और 7 में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

कॉम्बिंग गश्त में गांजा विक्रेता गिरफ्तार, 800 ग्राम गांजा बरामद

आरंग/नवप्रदेश। अपराध नियंत्रण और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आरंग पुलिस ने गुरुवार को व्यापक कॉम्बिंग गश्त और अड्डेबाजी चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने अवैध रूप से गांजा बेच रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस को देवारपारा क्षेत्र में गांजा बिक्री की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर दबिश दी और लालू देवार (34 वर्ष) पिता हजामत देवार, निवासी देवारपारा आरंग को गांजा बेचते हुए रंगे हाथों

पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 800 ग्राम अवैध गांजा और 550 रुपये नगद बरामद किए गए। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया।

वारंटियों की तामिली, 20 चालान: अभियान के दौरान पुलिस ने लंबित मामलों में कार्रवाई करते हुए 3 गिरफ्तारी वारंट और 1 स्थायी वारंट की तामिली की। वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 20 चालानी कार्रवाई भी की गई।

सुविचार

जो लोग हर हाल में खुश रहने के बहाने ढूंढ ही लेते हैं उन्हें ये जिंदगी कभी रुला ही नहीं सकती। - अज्ञात

विपक्ष का यह कैसा व्यवहार

लोकसभा में बजट सत्र भी हंगामों की भेंट चढ़ा पहले सत्र में बजट पारित हुआ लेकिन विपक्ष के रवैये के कारण राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सार्थक चर्चा नहीं हो पाई। यहां तक की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा में अपना उद्बोधन नहीं दे पाये थे। उसी दौरान विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया था जिसे मंजूद कर लिया गया था और बजट सत्र के दूसरे भाग में पहले ही दिन इस अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा करने की घोषणा कर दी गई थी। इस बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नैतिकता के नाते अध्यक्षीय आसंदी पर बैठना भी बंद कर दिया था। बजट सत्र के दूसरे भाग में जब पहले दिन लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ पेश किये गये अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की बारी आई तो विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा करने की जगह मीडिल इस्ट में छिड़ी जंग पर चर्चा कराने की मांग शुरू कर दी और इसे लेकर संसद के दोनों सदनों में जमकर हंगामा किया। नतीजतन दूसरे सत्र का पहला दिन हंगामों की भेंट चढ़कर रह गया और इस एक दिन की कार्यवाही पर लगभग 8 करोड़ रूपये व्यर्थ खर्च हो गये। दूसरे दिन जब लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हुई तो नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी उठकर चलते बने। जबकि वे ही यह आरोप लगाते हैं कि सदन में उन्हें बोलने नहीं दिया जाता। राहुल गांधी की जगह कांग्रेस के जिन सांसदों ने अविश्वास प्रस्ताव पर अपनी बात रखी वे भी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के बारे में कम ही बोल पाये। उन्होंने सरकार को ही निशाने पर लिया। विपक्षी सांसद यह भूल गये थे कि यह अविश्वास प्रस्ताव लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ है या सरकार के खिलाफ यदि उन्हें सरकार के खिलाफ ही अपनी बात रखनी थी तो फिर लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ नहीं बल्कि सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करना चाहिए था। वैसे भी लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करने से उन्हें कुछ हासिल नहीं हुआ। सदन में एनडीए का बहुमत है नतीजतन इस अविश्वास प्रस्ताव को गिरना ही था जो आखिरकार ध्वनिमत से गिर ही गया। उल्टे विपक्ष ने इसे पेश करके अपनी छिछालेदर करा ली। अविश्वास प्रस्ताव पर विपक्ष के आरोंपो का जवाब देते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष को आड़े हाथों लिया और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की बखिया उधेड़ कर रख दी। उन्होंने जो नेता प्रतिपक्ष लोकसभा के भीतर आंख मारता हो प्लाईग किस उछालता हो और प्रधानमंत्री से जबरन गले मिलने जैसी हरकतें करता हो वह सरकार को या लोकसभा अध्यक्ष को यह न सिखाये कि संसद कैसे चलाई जाती है। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष ने हमेशा विपक्ष का सम्मान किया है पिछली लोकसभा में ही जब कांग्रेस के सिर्फ 52 सांसद थे तब भी उन्हें भाजपा से 4 गुना ज्यादा बोलने का समय दिया गया था और इस कार्यकाल में भी कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी पार्टियों को भाजपा से दोगुना ज्यादा समय बोलने के लिए दिया गया है लेकिन वे तो सदन में बोलना ही नहीं चाहते और संसद से बाहर जाकर मीडिया के सामने यह झूठा आरोप लगाते हैं कि उन्हें बोलने ही नहीं दिया जाता। संसद नियमों के अनुसार चलती है यदि विपक्ष बोलना चाहता है तो उसे नियम प्रक्रिया का पालन करना पड़ेगा। अमित शाह ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि जब सदन में बोलने का मौका आता है तो वे कभी इंग्लैंड में रहते हैं तो कभी जर्मनी में तो कभी और कहीं चले जाते हैं यही नहीं बल्कि उन्होंने तो पूर्व में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा में भी भाग नहीं लिया था। इसी तरह केन्द्रीय बजट चर्चा के दौरान तथा अन्य महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा के दौरान भी वे गायब रहे हैं। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने भी कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। कुल मिलाकर विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर आ बैल मुझे मार वाली कहावत ही चरितार्थ कर डाली जिससे उसे हासिल तो कुछ भी नहीं हुआ उल्टे उसे अपनी स्थिति हास्यास्पद बना डाली। विपक्ष का यह रवैया हैरान करने वाला है। बेहतर होगा कि संसद के बजट सत्र के शेष समय में वह बेवजह का हंगामा खड़ा करके संसद की कार्यवाही को बाधित करने से परहेज करे और जनहित से जुड़े मुद्दे उठाकर सरकार को घेरने का प्रयास करे जो उसका कत्वर्य भी है।

महेन्द्र तिवारी

भारत की ऊर्जा सुरक्षा आज एक ऐसे कठिन मोड़ पर खड़ी है जहाँ सरहद पार की जंग हमारे रसोई घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों की दहलीज तक पहुँच गई है। देश के कई राज्यों में कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति में आई अचानक गिरावट ने न केवल होटल और रेस्टोरेंट उद्योग की कमर तोड़ दी है, बल्कि आम नागरिक के मन में भी भविष्य को लेकर एक अनजाना डर पैदा कर दिया है। यह संकट केवल मांग और आपूर्ति का साधारण गणित नहीं है, बल्कि यह वैश्विक कूटनीति, युद्ध की विभीषिका और भारत की आयात पर अत्यधिक निर्भरता का एक कड़वा परिणाम है।

हॉर्मुज की घेराबंदी और भारत में गहराता गैस संकट

नई दिल्ली के गलियारों से शुरू हुई यह सुगबुगाहट अब पूरे देश में एक बड़े हड़कंप का रूप ले चुकी है, जहाँ उत्तर से दक्षिण तक गैस एजेंसियों के बाहर लगी लंबी कतारें एक गहरे संकट की गवाही दे रही हैं। इस स्थिति की गंभीरता को देखते हुए केंद्र सरकार ने तत्काल प्रभाव से आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 को लागू कर दिया है, ताकि जमाखोरी जैसी कुप्रथाओं पर लगाम कसी जा सके और उपलब्ध संसाधनों का न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित हो सके।

इस पूरे संकट की जड़ें मध्य पूर्व के अशांत भूगोल में धंसी हुई हैं। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच छिड़ी जंग ने दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक रास्तों में से एक, हॉर्मुज जलमार्ग को अवरुद्ध कर दिया है। मात्र 167 किलोमीटर लंबा यह जलमार्ग फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है और वैश्विक पेट्रोलियम व्यापार की धड़कन माना जाता है। दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत पेट्रोलियम इसी संकरे रास्ते से होकर गुजरता है। भारत के लिए इसकी अहमियत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि हमारी अर्थव्यवस्था अपनी जरूरत का 50 प्रतिशत कच्चा तेल और 54 प्रतिशत एलएनजी (LNG) इसी मार्ग के जरिए मंगाती है। ईरान और इजराइल के बीच तनाव ने इस मार्ग को युद्ध के मैदान में तब्दील कर दिया है, जिससे टैंकरों की आवाजाही लगभग ठप हो गई है। इसके साथ ही, पिछले दिनों ईरान द्वारा अमेरिका के सहयोगियों कतर, यूएई और कुवैत के ठिकानों पर किए गए ड्रोन हमलों ने आग में घी डालने का काम किया है। विशेष रूप से कतर में एलएनजी प्लांट पर हुए हमलों के बाद उत्पादन रोकना पड़ा है, जो भारत के लिए एक बड़ा झटका है क्योंकि हम अपनी वार्षिक एलएनजी जरूरतों का 40 प्रतिशत हिस्सा अकेले कतर से पूरा करते हैं।

भारत के भीतर इस अंतरराष्ट्रीय संकट का असर सबसे पहले कॉमर्शियल गैस की आपूर्ति पर पड़ा है। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान और कर्नाटक जैसे बड़े राज्यों में तेल कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस की सप्लाई पर कड़े प्रतिबंध लगा दिए हैं। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने गैस वितरण को चार स्पष्ट श्रेणियों में विभाजित

किया है। प्राथमिकता की पहली श्रेणी में घरेलू रसोई गैस (PNG) और सार्वजनिक परिवहन के लिए सीएनजी को रखा गया है, ताकि आम जनता का जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त न हो। दूसरी श्रेणी में खाद कारखानों को रखा गया है, जिन्हें 70 प्रतिशत आपूर्ति दी जा रही है, बशर्ते वे यह प्रमाणित करें कि इस गैस का उपयोग केवल उर्वरक उत्पादन में ही हुआ है। तीसरी श्रेणी में चाय की फैक्ट्रियों जैसे बड़े उद्योगों को रखा गया है, जो 80 प्रतिशत आपूर्ति प्राप्त कर रहे हैं। सबसे अंतिम और चौथी श्रेणी में छोटे कारखाने, होटल और रेस्टोरेंट शामिल हैं, जिन्हें उनकी पुरानी खपत के आधार पर अधिकतम 80 प्रतिशत सप्लाई का आश्वासन दिया गया है। हालांकि, धरातल पर स्थिति इससे कहीं अधिक गंभीर है और कई छोटे प्रतिष्ठानों को तो पूरी तरह गैस मिलना बंद हो गई है। उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहरों जैसे लखनऊ, कानपुर, वाराणसी और गोरखपुर में स्थिति विकट हो चली है। यहाँ बुकिंग के कई दिनों बाद भी डिलीवरी नहीं हो रही है और गोरखपुर जैसे क्षेत्रों में गैस एजेंसियों के बाहर एक-एक किलोमीटर लंबी कतारें देखी जा रही हैं। तेल कंपनियां अपना पूरा ध्यान घरेलू उपभोक्ताओं पर केंद्रित कर रही हैं, जिसके कारण ढाबा और रेस्टोरेंट संचालकों के सामने अपने शटर गिराने की नौबत आ गई है।

यही हाल महाराष्ट्र का है, जहाँ मुंबई के लगभग 20 प्रतिशत रेस्टोरेंट बंद हो चुके हैं। पुणे में तो संकट इतना गहरा गया है कि नगर निगम को अस्थायी रूप से गैस आधारित शवदाह गृहों को भी बंद करना पड़ा है। 'आहार' जैसे रेस्टोरेंट एसोसिएशनों ने चेतावनी दी है कि यदि अगले 48 घंटों में आपूर्ति बहाल नहीं हुई, तो आधे से ज्यादा प्रतिष्ठान बंद हो जाएंगे, जिसका सीधा असर उन लाखों कर्मचारियों पर पड़ेगा जो इस क्षेत्र में कार्यरत हैं। मध्य प्रदेश में भोपाल के होटल संचालक शादी के इस व्यस्त सीजन में सिलेंडर न मिलने से हताश हैं, जबकि कर्नाटक के बेंगलुरु में स्थिति यह है कि कई रेस्टोरेंट्स में केवल कॉफी उपलब्ध है क्योंकि मुख्य भोजन बनाने के लिए गैस ही नहीं बची है। इस आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पेट्रोलियम मंत्रालय ने युद्ध स्तर पर कदम उठाए हैं। इंडियन ऑयल (IOC), हिंदुस्तान पेट्रोलियम (HPCL) और भारत पेट्रोलियम (BPCL) के कार्यकारी निदेशकों की एक उच्च स्तरीय समिति गठित की गई है जो हर घंटे सप्लाई की समीक्षा कर रही है। आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 को लागू करना सरकार का एक शक्तिशाली कदम है, जो उसे अनाज, ईंधन और दवाओं जैसी जरूरी चीजों की कीमतों और स्टॉक को नियंत्रित करने की शक्ति देता है। इसके तहत व्यापारियों के लिए स्टॉक की सीमा तय कर दी गई है ताकि कोई भी इस संकट का फायदा उठाकर मुनाफाखोरी न कर सके। घरेलू गैस सिलेंडर के लिए भी नियम कड़े कर दिए गए हैं; अब एक सिलेंडर मिलने के 25 दिन बाद ही दूसरी बुकिंग संभव होगी।

डॉ. ओपी त्रिपाठी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और डिजिटल इंडिया के विजन ने अब स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक नई क्रांति का सूत्रपात किया है। हाल ही में संपन्न हुए 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' ने यह साफकर दिया है कि मोदी सरकार एआई को केवल एक तकनीक नहीं, बल्कि गरीब से गरीब व्यक्ति तक बेहतर इलाज पहुंचाने का माध्यम मानती है। पीएम मोदी के नेतृत्व में 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' के मंत्र को अब स्वास्थ्य तकनीक में भी उतारा जा रहा है। इसी कड़ी में जारी की गई 'एस.ए.एच.आई.' (स्वास्थ्य सेवा में एआई रणनीति) भारत को इस क्षेत्र में ग्लोबल लीडर बनाने की ओर एक बड़ा कदम है।

स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में नई क्रांति का सूत्रपात

प्रधानमंत्री मोदी अक्सर कहते हैं कि तकनीक का असली लाभ तब है जब वह अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के काम आए। इसी सोच के साथ आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत 860 मिलियन से अधिक डिजिटल हेल्थ आईडी बनाई जा चुकी हैं। यह विशाल डेटाबेस एआई के लिए एक मजबूत आधार तैयार कर रहा है। अब एआई की मदद से टीबी जैसी बीमारियों की पहचान एक्स-रे के जरिए पल भर में संभव हो रही है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में गेम-चेंजर साबित हो रही है। मोदी सरकार की प्राथमिकता हमेशा 'क्वालिटी' और 'ट्रस्ट' रही है। इसलिए सरकार ने आईआईटी कानपुर के सहयोग से 'बीओडीएच' प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है। यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी एआई टूल भारतीय मरीजों पर इस्तेमाल होने से पहले कड़े परीक्षणों से गुजरे। यह प्लेटफॉर्म पीएम के उस वादे को पूरा करता है जिसमें उन्होंने तकनीक के सुरक्षित और एथिकल एआई पर जोर दिया था। अब डॉक्टर और मरीज, दोनों ही बिना किसी डर के इन आधुनिक मशीनों पर भरोसा कर सकते हैं।

स्वास्थ्य सेवाओं में एआई को एकीकृत करने के तरीके पर एसएएचआई, एक सिफारिशी राष्ट्रीय ढांचे के रूप में कार्य करती है। राष्ट्रीय ढांचे के रूप में शुरू की गई एसएएचआई, पूरे भारत में स्वास्थ्य सेवा वितरण में एआआई को एकीकृत करने के लिए एक संरचित रोडमैप की रूपरेखा पेश करती है। इसका मकसद नीति निर्माताओं, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और प्रौद्योगिकी विकासकर्ताओं को एआई को जिम्मेदारी से अपनाने के लिए मार्गदर्शन देना है, यह सुनिश्चित करते हुए कि नवाचार नैदानिक आवश्यकताओं, नियामक मानकों, समानता संबंधी विचारों और जनविश्वास के अनुरूप हो।

प्रएसएएचआई समावेशी विकास को अपना मुख्य लक्ष्य बनाती है, जिसके तहत जनहित के उद्देश्य से इस अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के उपयोग की ज़रुरत पर बल देते हुए विकसित भारत 2047 का निर्माण करने पर ज़ोर दिया जाता है। यह रणनीति स्वास्थ्य सेवा को अधिक सुलभ, समयबद्ध, उच्च गुणवत्ता वाली और किफायती बनाने में एआई की बदलावकारी भूमिका और क्षमता को पहचानती है, इसे एक शक्तिशाली नवोन्मेषी शक्ति के साथ-साथ जन स्वास्थ्य में सुधार के लिए एक सहायक के रूप में देखती है। इसका मकसद विश्वसनीय, जोखिम-अनुरूप शासन और मजबूत डिजिटल और डेटा आधार स्थापित करना है, ताकि एआई का बड़े पैमाने पर सुरक्षित, नैतिक और जवाबदेह उपयोग किया जा सके। इसका लक्ष्य भविष्य के

लिए तैयार स्वास्थ्य कार्यबल और संस्थानों का निर्माण करना भी है, साथ ही एक स्थायी और समावेशी एआई-फॉर-हेल्थ व्यवस्था को बढ़ावा देना है, जो समानता, गुणवत्ता, दक्षता और जनविश्वास को आगे बढ़ाता है। इस फ्रेमवर्क के 5 प्रमुख स्तंभ शासन और साक्ष्य निर्माण मानकों, सुरक्षित, नैतिक, मजबूत और पारदर्शी डिजिटल और डेटा अवसंरचना और कार्यबल की तैयारी पर केंद्रित हैं।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2018 में शुरू हुई एआई रणनीति अब हकीकत बन रही है। 'स्कैडा ब्रेनसीटी' जैसे एआई टूल्स ने टियर-2 और टियर-3 शहरों में विशेषज्ञों की कमी को दूर कर दिया है। अब छोटे शहरों के मरीजों को भी मुंबई या दिल्ली जैसे बड़े शहरों के स्तर का न्यूरो-डायग्नोसिस मिल रहा है। यह तकनीक स्वास्थ्य सेवाओं का लोकतंत्रीकरण कर रही है, जिससे भौगोलिक दूरियां अब इलाज के आड़े नहीं आतीं।

राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन रणनीति अवलोकन (2020) ने इस दृष्टिकोण को कार्यान्वयन रोडमैप में और आगे बढ़ाया। इसमें यह स्वीकार किया गया कि एआई, आईओटी, ब्लॉकचेन और क्लाउड कंप्यूटिंग एक अधिक समग्र डिजिटल स्वास्थ्य तंत्र के लिए अतिरिक्त अवसर प्रदान करते हैं। यह एक ऐसी व्यवस्था है, जो समान पहुंच बढ़ा सकती है, स्वास्थ्य परिणामों में सुधार कर सकती है और लागत कम कर सकती है। इसमें परिकल्पना की गई कि आधुनिक एआई तकनीकें स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को मौजूदा स्वास्थ्य रिकॉर्ड प्रारूपों से प्रासंगिक जानकारी निकालने और अंदर संचालनीय डेटा मानकों में बदलाव लाने में मदद करेंगी। साथ ही सरकार एआई प्रणालियों की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देश और मानक निर्धारित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस नीतिगत दिशा का समापन स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के शुभारंभ के साथ हुआ, जो व्यापक डिजिटल स्वास्थ्य दृष्टिकोण का परिचालनात्मक क्रियान्वयन है। नागरिकों के लिए 860 मिलियन से अधिक एबीडीएम बनाए जाने के साथ, एबीडीएम भारत का पहला बड़े पैमाने पर स्वास्थ्य सेवा डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का प्रतिनिधित्व करता है।

इसमें दीर्घकालिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं, सुविधाओं और नागरिकों के राष्ट्रीय रजिस्टर और सहमति-आधारित डेटा विनिमय प्रणाली शामिल हैं। यह बुनियादी ढांचा एआई एकीकरण के लिए एक मजबूत आधार तैयार करता है, जिसके कई अनुप्रयोग पहले से ही चल रहे हैं। इसके साथ ही, मंत्रालय ने रोग निगरानी और प्रारंभिक पहचान के लिए एआई-सक्षम उपकरण तैनात किए हैं, जिनमें तपेदिक की जांच के लिए एआई-समर्थित सीने के एक्स-रे व्याख्या प्रणाली शामिल हैं।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू ऋतेश्वर

◆ जीविका की विद्या हर कोई प्राप्त कर लेता है पर जीवन जीने की विद्या नहीं और वो विद्या तो किसी महापुरुष, समबुद्ध सद्?गुरु से ही मिल सकती है।

◆ गुरु से अगर तुम्हें शिकायत है मतलब तुम अहंकारी हो।

◆ कोई सार्थक काम करिए और कर रहे हैं तो सार्थक काम में लगे रहिए तभी गुरु गोविंद को प्राप्त कर सकते हैं।

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 1878 - भारतीय भाषाओं के लिए देसी प्रेस अधिनियम (वर्नाकुलर प्रेस ऐक्ट) पारित किया। इसके अगले ही दिन अमृत बाजार पत्रिका को अंग्रेजी पत्र के रूप में प्रकाशित किया जाने लगा। 1881 - रूसी शासक अलेक्जेंडर द्वितीय की हत्या। 1892 - बॉम्बे-तांसा वाटर वर्क्स को खोला गया। 1940 - पंजाब के पूर्व गवर्नर माइकल ओ डायर को लंदन में उधम सिंह उर्फ मोहम्मद सिंह आजाद ने गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। इसे 1919 के जलियांवाला बाग के नरसंहार के प्रतिशोध के तौर पर देखा गया। 1956 - न्यूजीलैंड ने टेस्ट क्रिकेट खेलने का दर्जा मिलने के 26 साल बाद अपनी पहली जीत हासिल की। 1963 - विभिन्न खेलों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार प्रदान करने का ऐलान किया गया। 1992 - तुर्की में आये भूकंप से करीब 500 लोगों की मौत हो गई और हजारों लोग बेघर हो गए। 1997 - सिस्टर निर्मला का चयन नेता के रूप में ईन्डियन मिशनरीज ऑफ चैरिटी में मदर टेरेसा द्वारा किया गया।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जिंदगी के तराने, सुनाता रहूं। गीत से प्रीति को गुनगुनाता रहूं। जिन हवाओं की आंखों में आंसू भरे रंजोगम उन हवाओं का गाता रहूं। जिन हवाओं .. 1 कंटको से भरा है, यहां का सफर मंजिलों की बड़ी ही कठिन हैं डगर टूट जाए न पतझर से राही का दिल मैं नए फूल पथ में, बिछाता रहूं जिन हवाओं.... आस का चांद लेकर चलूं जिस नगर जगमगाने लगें, जो ।अंधेरे शहर मोम सा । रंज घुल कर पिघलने लगे आंसुओं पर तराने, सजाता रहूं जिन हवाओं... - **अजय कुमार सिंह भदौरिया**

जीवन का यही सत्य है जो आज राजा है कल वही भृत्य है ग़ज़नी आया , गौरी आया और चला गया भारत न जाने ऐसे ही कितनी बार छला गया बड़ी मुश्किल से गोरी चमड़ी से पीछा छूटा था कैसी विडंबना है आज कि पुनः उनके सामने हो रहा नृत्य है जीवन का यही सत्य है जो आज राजा है कल वही भृत्य है। **- रामकिशोर उपाध्याय**

सुना है तुम, हमारी विवाह की रजत जयंती पर खोज रहे हो कुछ उपहार मेरे लिए। बच्चों ने चुगली खाई है – पहले तो मैं यही कहूँगी वे अभी नादान हैं। फिर भी अगर तुम लाना ही चाहते हो कुछ, तो तुलसी के फूल ले आना। तुलसी के उन छोटे-छोटे फूलों में जो हल्का लिलैक छिपा रहता है, वही मेरे मन का रंग है। **- कल्पना मनोरमा**

जब से तुम हाथ की लकीर हुए, दिल की दुनिया में हम अमीर हुए। जिस्म की सरहदें पिघलने लगीं, तेरी कुर्बत में बे-नज़ीर हुए। नाम लेते ही लरजती साँसें, तेरी यादों में हम असीर हुए। 'खुद को खोकर ही तुझको पाया है', इस तरह इश्क़ में फ़क़ीर हुए। क्या भरोसा रखूं ज़माने पर, तुम 'कमल' जब न दस्तगीर हुए। **- रूबी झा 'कमल'**

रहा डर बस कहेगा क्या जमाना दिले जज़्बात कब समझा जमाना। बहे जब अश्क नम आंखें हुईं तो मेरे अश्कों पे था हँसता जमाना। निभा लो रस्म हर शिद्दत से बेशक वफ़ा हरगिज़ नहीं करता जमाना। लगा कर के नमक जखूमों पे अक्सर है मरहम झूठ का मलता जमाना।वो खुश है सिर्फ बस मेरे गमों से खुशी देखे तो है जलता जमाना। हुई आदत मुझे खामोशियों की सुना सच को नहीं सुनता जमाना। कहाँ फरियाद अब गैरों से खुद की "तनुज" ठोकर पे ले चलता जमाना। **- सतीश मैथिल तनुज**

महुआ टपकत टप-टप बा। बाग - बगीचा गमकत बा।। आम प लागल बा मोजर। देख के मनवा चहकत बा।। हवा बहत बा बासंती। प्यार हिया में दहकत बा।। देख के सुंदर फूल सभे। हाथ बढ़ा के लपकत बा।। प्यार के दुश्मन बाटे जे। अंदर - अंदर डहकत बा।। हरा - भरा सभ गाछ रहे। चिरई के ई चाहत बा।। जल जीवन हऽ मानीं बात। जल खातिर लोग लड़त बा।। 'ऐनुल' कहीं गजल बढ़िया। अब दिल सुने के तरसत बा।। **- 'ऐनुल' बरौलवी**

मैं बेबाक़ अभिव्यक्ति हूँ जो किसी बाह्य आवरण से नही डरती, स्त्री हूँ इसलिए आँखों से मर्यादित हूँ बेशक़ पर सुनो तुम्हें नज़रो से उतारने से लेकर उठाने तक कि हिम्मत रखती हूँ। **- सुरेखा अग्रवाल**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज आप एनर्जेटिक रहेंगे। इंजीनियर्स को आज अच्छा प्रोजेक्ट मिलेगा जो उनके जीवन का अहम प्रोजेक्ट होगा। आज आप उस बात का समर्थन करेंगे जो आपके लिए लाभदायक है।

वृष : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। इस राशि के जो लोग बिजनेस करते है आज उन्हें धनलाभ होने के योग बन रहे है। जो लोग नौकरी की तलाश में उन्हें नौकरी मिलने की संभावना है।

मिथुन : आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज बहुत से अच्छे मौके आपका इंतजार कर रहे है। लेकिन आपको उनके लिए लगातार कोशिशें करनी होंगी।

कर्क : आज आप काफी उत्साहित रहेंगे। अपनी आर्थिक स्थिति बेहतर बनाने के लिए आज आप नया प्लान बनाएंगे।

सिंह : आज आपका दिन लकी रहेगा। मेडिकल स्टूडेंट्स आज अपने सीनियर्स से कुछ नया अनुभव सीखेंगे, जो उनको आने वाले जीवन में लाभ देगा। लेखकों की आत्मकथा आज पब्लिश होगी जो लोगों के द्वारा काफी पसंद की जाएगी।

कन्या: आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आप अपने परिवार वालों के साथ समय बिताएंगे जिससे घर में खुशियों का माहौल रहेगा। बच्चों को ज्ञान की बातें बताएंगे जिससे बच्चे अच्छे रास्ते पर चले। आज आप जो भी काम करेंगे उसमें आपको सफलता मिलेगी।

तुला : आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे, जिससे आपको आपके काम के लिए अच्छी रेटिंग मिलेगी। आज आपको धन लाभ के अवसर मिलेंगे जिससे आप खूब सारा धन कमाएंगे।

वृश्चिक : आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। किसी पुरानी बात को लेकर आप उलझन आ सकते है, अपने मित्र से शेयर करके आपको उस उलझन से राहत मिलेगी।

धनु : आज आप ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। आज परिवार वालों के साथ घर की साफ-सफाई में हाथ बटायेंगे। साथ ही कुछ जरुरी सामान खरीदने बाजार जा सकते हैं। आज आप घर में स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेंगे।

मकर : आज आपका दिन बहुत अच्छा रहेगा। बड़ों की सलाह आपके लिए कारगार होगी, इसलिए उनसे सलाह लेकर ही काम को करें। आपको उन लोगों से दूरी बनाकर रखनी है, जिनके विचार नकारात्मक हों। कारोबार में आ रही समस्याएं आज समाप्त होंगी।

कुंभ : आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। शाम को दोस्तों से मिलने के बाद आपकी पुरानी यादें ताजा होगी। जिससे आपका मूड काफी अच्छा रहेगा। जीवनसाथी को आज सरप्राइज पार्टी देंगे, जिससे आपके बीच का प्यार ज्यादा बढ़ेगा।

मीन : आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आप अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए अपने सहयोगियों के साथ मीटिंग करेंगे। अपने बच्चों के साथ आज घर पर गेम खेलेंगे, जिससे पारिवारिक सौहार्द बढ़ेगा।

QUIZ TIME

1) समुद्री शैवाल खेती को बढ़ावा देने पर पहला राष्ट्रीय सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया था?

2) क्वांटम सैटेलाइट क्या है?

3) आर.के. लक्ष्मण उत्कृष्टता पुरस्कार का पहला प्राप्तकर्ता किसे नामित किया गया है?

4) अटल इनोवेशन मिशन किस संस्थान की प्रमुख पहल है?

5) 2 अक्टूबर 2025 को निधन होने वाले जी.जी. पारिख भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान किस आंदोलन से जुड़े थे?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) कच्छ (2) एक सैटेलाइट जो संचार संकेतों को सुरक्षित करने के लिए क्वांटम यांत्रिकी का उपयोग करता है (3) आबिद सुरती (4) नीति आयोग (5) भारत छोड़ो आंदोलन

पहेली

शब्द सामर्थ्य -340

[illegible]



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 339 का हल

महापौर ने कलेक्टर से की निगम कमिश्नर की शिकायत, एक सप्ताह में कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी

■ न्यायालय की शरण में भी जाएंगे एमआईसी मेंबर और पार्षद

भिलाई/नवप्रदेश। महापौर नीरज पॉल ने आज कलेक्टर अभिजीत सिंह से निगम कमिश्नर राजीव पांडेय की लिखित शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की। एमआईसी मेंबर्स व पार्षदों के साथ कलेक्टर से मिलने पहुंचे महापौर ने कमिश्नर की मनमानी और नियम विरुद्ध किये गए कार्यों का पुलिंदा सौंपा। महापौर ने कहा कि एक सप्ताह के भीतर कमिश्नर के विरुद्ध कार्रवाई की जानी चाहिये। ऐसा न होने पर निगम के एमआईसी मेंबर और पार्षद आंदोलन शुरू करेंगे। निगम एक्ट के विरुद्ध कार्य किये जाने के मामले में न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया जाएगा।

महापौर नीरज पॉल ने कहा कि नगर निगम एक्ट के विरुद्ध और शासन की मंशा के अनुरूप कार्य न करने वाले निगम कमिश्नर राजीव पांडे के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई होनी चाहिये। महापौर ने शिकायत में कहा कि एमआईसी या सामान्य सभा की मंजूरी के बिना ही विकास कार्य स्वीकृत किये जा रहे हैं। डीएमएफ मद से राधिका नगर में साढ़े 4 करोड़ के विकास कार्यों के प्रस्ताव एमआईसी और सामान्य सभा में लाए बिना ही स्वीकृत किया गया। इसी तरह वार्ड 4 में 21 करोड़ 45 लाख रुपए के विकास कार्यों के टेंडर भी एमआईसी या सामान्य सभा में लाए बिना ही मंजूर कर दिया गया।

इन कार्यों के टेंडर भी जारी कर दिये गए।

महापौर ने कहा कि निगम कमिश्नर ने पूर्व में 1248 प्लाटों की ई नीलामी से प्राप्त राशि का दुरुपयोग किया। ई नीलामी से प्राप्त राशि नियमानुसार राजकोष में जमा होनी थी। लेकिन इस राशि का दुरुपयोग किया गया। महापौर ने कमिश्नर पर कमीशनखोरी का आरोप भी लगाया।

महापौर ने कहा कि निगम एक्ट में विकास कार्य की मंजूरी देने का अधिकार निगम कमिश्नर को नहीं है। एमआईसी और सामान्य सभा में प्रस्ताव पारित किये जाने के बाद विकास कार्यों के प्रस्ताव शासन को भेजे जाते है। शासन से मंजूरी मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया की जाती है। लेकिन, निगम कमिश्नर ने एमआईसी, सामान्य सभा और शासन से मंजूरी मिले बिना ही विकास कार्य स्वीकृत कर दिये।

संजय नगर-शांति नगर मैदान को लीज पर देने के फैसले की शिकायत भी

महापौर ने कहा कि संजय नगर मैदान और शांति नगर दशहरा मैदान सहित भिलाई के अन्य स्थानों पर उपलब्ध व्यवसायिक भूमि को 30 साल की लीज पर देने का प्रस्ताव 2021-22 में पारित किया गया था। इस प्रस्ताव को शासन के पास मंजूरी के लिये भेजा गया। शासन ने आज तक इन जमीनों को लीज पर देने के प्रस्तावों को मंजूरी नहीं दी। इसके बावजूद निगम कमिश्नर ने भूमि को लीज पर देने का फैसला करते हुए नीलामी के लिये टेंडर जारी कर दिया।

विधायक रिकेश सेन पर साधा निशाना

महापौर नीरज पॉल ने एक बयान में कहा कि पांच बार नगर निगम के पार्षद रहे विधायक रिकेश सेन को यह मालूम होना चाहिये कि नगर निगम को जमीन बेचने का अधिकार ही नहीं है। इसके बावजूद महापौर और परिषद पर गलत ढंग से आरोप लगाना उनके विधिक और निगम के कानूनी समझ पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। महापौर ने कहा कि केवल राजनीति चमकाने और सुर्खियों में बने रहने के लिये नगर निगम परिषद पर अनर्गल आरोप लगाना गलत है। विधायक को निगम कमिश्नर पर नकेल कसना चाहिए।

शिकायतों का पुलिंदा सौंपते हुए महापौर व एमआईसी मेंबरों के साथ पार्षदों ने कलेक्टर से कमिश्नर के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की मांग की। शिकायत करने वालों में निगम सभापति गिरवर बंटी साहू, एमआईसी मेंबर सीजू एंथोनी, एकांश बंछोर, लक्ष्मीपति राजू, चंद्रशेखर, नेहा साहू, आदित्य सिंह, मन्नान गफ्फार खान, पार्षद राजेश चौधरी, भूपेंद्र यादव, सेवन ठाकुर, के जगदीश कुमार, लालचंद वर्मा, अभय सोनी, उषा शर्मा, हरिओम तिवारी, रविशंकर कुर्रे सहित अन्य पार्षद शामिल हैं।

न्यूज गैलरी

जनदर्शन में शिकायत: कातुलबोड़, उरला में अतिक्रमण हटाया, राहगीरों को मिली राहत

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर कलेक्टर जनदर्शन में मिली शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शहर के विभिन्न क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाया गया। दुर्ग में वार्ड 60 कातुलबोड़ क्षेत्र में पुष्पक नगर मार्ग में फल-सब्जी के ठेले व अस्थायी दुकानों के अतिक्रमण के कारण मार्ग संकरा हो गया था। आवागमन में बाधा हो रही थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर अभिजीत सिंह ने नगर निगम दुर्ग के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। नगर निगम की टीम द्वारा ठेले व अन्य अस्थायी अतिक्रमण को हटा दिया गया है। जनदर्शन में उरला क्षेत्र में सार्वजनिक मार्ग पर अवैध निर्माण कर प्लेटफॉर्म व सीढ़ी बनाने से आवागमन प्रभावित हो रहा था। कलेक्टर के निर्देश पर कार्यवाही की गई।

राष्ट्रीय जल महोत्सव 2026 में चिरपोटी की सरपंच पूजा चंद्राकर सम्मानित

दुर्ग। दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय जल महोत्सव 2026 में दुर्ग जिले के ग्राम चिरपोटी की सरपंच पूजा चंद्राकर को गांव में नल-जल प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। सरपंच पूजा चंद्राकर ने अपने गांव में हर घर तक नल के माध्यम से स्वच्छ जल पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने प्रभावी रूप से जल कर लागू करते हुए गांव के लोगों को जल संरक्षण और जल प्रबंधन के प्रति जागरूक किया। उनके प्रयासों से गांव में जल जीवन मिशन का संचालन सुचारू रूप से किया जा रहा है। सरपंच द्वारा लगातार ग्रामीणों को इस योजना के महत्व के बारे में समझाया गया, जिससे गांव के सभी परिवारों तक नल के माध्यम से पानी पहुंचाने का लक्ष्य सफलतापूर्वक पूरा हो सका।

सात दिवसीय स्वदेशी मेला आज से

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा जयंती स्टेडियम के सामने मैदान में स्वदेशी मेले का आयोजन 13 मार्च से 19 मार्च 2026 तक किया जा रहा है। भारतीय विपणन विकास केंद्र (सीबीएमडी) स्वदेशी जागरण फाउंडेशन की इकाई है। सीबीएमडी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना और शासन की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाना है। राज्य के सभी प्रमुख विभागों को इस मेले में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया है। मेले में छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम, खनिज साधन विभाग, ग्रामोद्योग विभाग, समाज कल्याण विभाग, कृषि, छत्तीसगढ़ राज्य पर्यटन मंडल, वन विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, जल संसाधन विभाग, पीडब्लूडी, ऊर्जा विभाग, और आयुष, पीएचई, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मुख्य रूप से शामिल होंगे।

9 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

दुर्ग। वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों और संभावित आपूर्ति दबाव को ध्यान में रखते हुए घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक व अन्य अनाधिकृत उपयोग को रोकने कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर खाद्य विभाग द्वारा 12 मार्च को जिले के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की जांच की गई। दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में दोसा किंग अग्रसेन चौक से 3 नग, मुकेश फास्ट फूड सेंटर पोलसाय पारा से 2 नग घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किया गया। भिलाई नगर निगम क्षेत्र में दुर्गा मिष्ठान भंडार से 1 और शिव प्रसाद भोजनालय सुपेला से 3 नग घरेलू गैस का व्यवसायिक उपयोग पाए जाने पर जप्त किया गया।

शहर में आज पानी सप्लाई प्रभावित

दुर्ग। विद्युत विभाग द्वारा शिवनाथ नदी इंटेकवेल में तकनीकी सुधार व आवश्यक मरम्मत कार्य किया जाएगा। इस वजह से 13 मार्च को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। विद्युत विभाग द्वारा आपूर्ति बंद किये जाने के कारण इंटेकवेल से संचालित पंपों का संचालन प्रभावित रहेगा, जिसके कारण संबंधित क्षेत्रों में द्वितीय पहर की जलापूर्ति में विलंब होने की संभावना है। निगम द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि आवश्यकतानुसार पहले से पानी का संग्रह कर लें, ताकि असुविधा से बचा जा सके।

कुम्हारी-अहिवारा-बेरला मुख्य मार्ग के लिए 90.70 करोड़ स्वीकृत

दुर्ग। राज्य शासन ने कुम्हारी-अहिवारा-बेरला मुख्य जिला मार्ग के मजबूतीकरण और चौड़ीकरण के लिए 90 करोड़ 69 लाख 87 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। इस राशि से 51.40 किमी सड़क का मजबूतीकरण और चौड़ीकरण किया जाएगा। 1.40 किमी लंबाई के अंधे मोड़ का पुनर्रेखन भी किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद राज्य शासन ने मंत्रालय से राशि स्वीकृति के संबंध में प्रमुख अभियंता को परिपत्र जारी कर दिया है। साव ने कार्य में प्रयुक्त की जाने वाली सामग्रियों और संपूर्ण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए हैं। किसी भी स्तर पर कार्य की गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर उत्तरदायित्व का निर्धारण करते हुए कार्यवाही की जाएगी।

निधन : सूरज साहू

दुर्ग। कसारीडीह निवासी एवं झाडूराम देवांगन शासकीय उच्च. माध्य. विद्यालय के क्लर्क सूरज कुमार साहू (नब्बू) 55 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 13 मार्च को सुबह 11 बजे शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे पार्षद व दुर्ग जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष दीपक साहू के छोटे भाई और कुसुम साहू के पति व आशुतोष साहू, उज्जवल साहू के पिताजी थे। स्व. सूरज साहू के निधन पर पूर्व विधायक अरुण वोरा, दुर्ग जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, पार्षदगण व अन्य जनप्रतिनिधियों ने उनके आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि दी।

अफीम की खेती : कांग्रेस ने किया भाजपा कार्यालय का घेराव

दुर्ग/भिलाई/नवप्रदेश। जिले के ग्राम समोदा के अलावा बलरामपुर में अफीम की खेती का मामला उजागर होने पर कांग्रेस ने आज प्रदेशव्यापी प्रदर्शन किया। दुर्ग के समोदा में भाजपा नेता द्वारा अफीम की खेती किये जाने पर विरोध जताते हुए कांग्रेस ने भाजपा कार्यालय का घेराव किया। कांग्रेस पदाधिकारियों ने राजीव भवन से बीजेपी कार्यालय तक पैदल यात्रा निकालकर सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बीजेपी कार्यालय के चारों तरफ पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। कुछ समय के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया। बाद में पुलिस ने स्थिति को संभाल लिया। दुर्ग ग्रामीण जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में किये गए प्रदर्शन के दौरान पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा, प्रतिमा चंद्राकर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री राजेंद्र साहू, पूर्व महापौर आरएन वर्मा सहित दुर्ग शहर और दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि प्रदेश में नशे का कारोबार बढ़ रहा है और इसमें बीजेपी से जुड़े लोगों के नाम सामने आ रहे हैं। समोदा और बलरामपुर इलाके में अफीम की खेती होने के मामले सामने आए हैं। पूरे मामले की गहराई से जांच होनी चाहिए। यह भी पता लगाया जाना चाहिए कि अफीम का पौधा कहां से आया, किसने इसकी खेती की, इसे कहां बेचा गया और इससे जुड़े लोग कौन-कौन हैं। प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि तीन जगहों पर अफीम की खेती का मामला उजागर होने से साफहो गया है कि प्रदेश में नशे का संगठित नेटवर्क पनप रहा है। धान का कटोरा कहलाने वाला छत्तीसगढ़ भाजपा राज में अफीम का कटोरा बनने जा रहा है। सत्ता के संरक्षण के बिना अफीम की खेती संभव ही नहीं है। दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि बीजेपी सरकार में प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में अफीम की खेती के मामले सामने आ रहे हैं। दुर्ग जिले में एक रसूखदार बीजेपी नेता के खेत में अफीम की खेती पकड़ी गई है। इतनी बड़ी खेती कैसे शुरू हुई। भाजपा सरकार नशे के बढ़ते नेटवर्क को रोकने में पूरी तरह विफल रही है।

प्रदर्शन में नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, अलताफ अहमद, सुनीत घोष, रमेश पटेल, शिवाकांत तिवारी, अशोक मेहरा, श्रद्धा सोनी, शकुन ढीमर, राजकुमार पाली, अजय शर्मा, निखिल खिचरिया, शिशिरकांत कसार, राजकुमार वर्मा, जमुना साहू, मीना पॉल, रफीक अहमद उपस्थित थे।

भिलाई में भी भाजपा कार्यालय का घेराव

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भिलाई जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के नेतृत्व में बीजेपी कार्यालय का घेराव किया। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अफीम की खेती के मामले में शामिल लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रियदर्शिनी परिसर में स्थित बीजेपी कार्यालय के बाहर सुबह से ही पुलिस तैनात थी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के पहुंचने से पहले ही पुलिस ने चारों ओर बैरिकेडिंग कर कार्यालय को घेर लिया था। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कार्यालय की ओर बढ़ने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की हुई। कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश की, लेकिन पुलिस बल ने उन्हें रोक लिया। काफी देर तक नारेबाजी और प्रदर्शन जारी रहा। प्रदर्शन के दौरान भिलाई जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने सरकार और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि आज अगर कोई व्यक्ति बिना हेलमेट सड़क पर निकल जाए तो उसका चालान तुरंत काट दिया जाता है, लेकिन इतनी बड़ी मात्रा में अफीम की खेती की पुलिस को भनक तक नहीं लगी। छत्तीसगढ़ में नशे का कारोबार तेजी से फैल रहा है और इसके लिए सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार से जुड़े कुछ लोग ही इस तरह के काम में शामिल हैं और राजस्व विभाग आंख बंद कर रिपोर्ट दे रहा है।

मीटिंग के बहाने युवती से अश्लील हरकत, पुलिस ने निकाला जुलूस

भिलाई/नवप्रदेश। शहर में एक युवती को मीटिंग के बहाने लॉज में बुलाकर उसके साथ अश्लील हरकत करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। युवती के विरोध करने पर आरोपी ने उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर इलाके में उसका जुलूस भी निकाला। लक्की जॉर्ज के खिलाफ कई मामले दर्ज है। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि पिछले कुछ समय से अकाउंट का काम कर रही थी। वी. लक्की जार्ज उर्फ सोनू ने व्यापार से जुड़ी बातों को लेकर हफ्ते में एक-दो बार होटल में मीटिंग करता था। 5 मार्च को आरोपी ने उसे पावर हाउस इलाके के एक लॉज में मीटिंग के लिए बुलाया। पीड़िता ने अनुसार वह शाम करीब चार बजे होटल पहुंची। होटल के कमरे के अंदर आरोपी अकेला बैठकर शराब पी रहा था। शराब पीते देखकर वो बाहर जाने लगी। इसी दौरान आरोपी लक्की ने उसे जबरदस्ती कमरे में बंद कर लिया। आरोपी ने युवती के साथ अश्लील हरकत की। पीड़िता किसी तरह धक्का देकर बाहर निकलने में कामयाब रही।

गैस सिलेंडर महंगा : महिला कांग्रेस ने निकाली एलपीजी गैस की अर्थी

दुर्ग/नवप्रदेश। रसोई गैस और कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि को लेकर कांग्रेस ने मोदी सरकार को घेरा है। दुर्ग शहर में महिला कांग्रेस ने गैस सिलेंडर की अर्थी यात्रा निकालकर मोदी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कांग्रेस भवन से गांधी चौक होते हुए इंदिरा मार्केट तक यात्रा के दौरान महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गैस सिलेंडर के बढ़ते दामों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। केंद्र सरकार की नीतियों का कड़ा विरोध किया।

महिला कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि रसोई गैस के दामों में हाल ही में लगभग 60 रुपये की वृद्धि कर दी गई है, जिससे आम गृहिणियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में रसोई गैस सिलेंडर लगभग 450 रुपये में उपलब्ध था, लेकिन आज इसकी कीमत 1100 रुपये के आसपास पहुंच चुकी है, जिससे मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों का बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। महंगाई के कारण सबसे अधिक परेशानी घर चलाने वाली महिलाओं को उठानी पड़ रही है। सरकार को तुरंत गैस सिलेंडर के बढ़े हुए दाम वापस लेने चाहिए। इस दौरान दुर्ग शहर कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि भाजपा सरकार में छात्र, नौजवान, किसान, महिलाएं, मजदूर और व्यापारी सभी वर्ग महंगाई से प्रभावित हैं।

प्रदर्शन में पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, प्रेमलता साहू, निकिता मिलिंद, मनीषा सोनी, एमन साहू, माहेश्वरी ठाकुर, शकुन ढीमर, श्रद्धा सोनी, निकिता सिंह, मंजू सोनी, रानी देवांगन, खुशी निर्मलकर, सुनीता देवांगन, निगम के नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, अजय शर्मा, अब्दुल गनी, दीपक साहू व महिला कांग्रेस की पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उन्होंने सरकार से महंगाई पर नियंत्रण करने और रसोई गैस के दाम कम करने की मांग की।

बेदखली से पहले पीएम आवास आबंटित करें प्रशासन

■ जनदर्शन में रैबीज वैक्सीन उपलब्ध कराने सहित 136 आवेदन मिले

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। जनदर्शन में डिप्टी कलेक्टर हितेश पिस्दा भी मौजूद रहे। जनदर्शन में विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 136 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर अभिजीत सिंह ने अनेक आवेदनों पर त्वरित संज्ञान लिया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन कर प्रकरण की जानकारी ली और तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। हुडको संघर्ष समिति ने पेयजल पाइपलाइन में लीकेज को सुधारने आवेदन दिया। यहां के नागरिकों ने बताया कि वार्ड क्रमांक 69 और 70 में पेयजल आपूर्ति की एमडीपी पाइपलाइन में लगातार लीकेज की समस्या आ रही है। वर्ष 2014-15 में बिछाई गई एमडीपी पाइपलाइन से 2021 में पानी की आपूर्ति शुरू हुई, लेकिन लंबे समय तक खाली रहने के कारण पाइप की गुणवत्ता कमजोर हो गई है। करीब दो दर्जन जगहों पर पाइप फटने की शिकायतें मिली है। समिति ने स्थायी समाधान के लिए एमडीपी की जगह डीआई पाइप लगाने की मांग की। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त भिलाई को निरीक्षण कर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। दीक्षित कॉलोनीवासियों ने कोसानगर भिलाई में किए गए अतिक्रमण को हटाने की मांग की। 15 फीट की कच्ची सड़क पर टीन शेड लगाकर कब्जा कर लिया गया है। मार्ग पर लोहे का गेट, पानी की टंकी व बोरिंग कर रास्ता बंद कर दिया गया है। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त भिलाई को निरीक्षण कर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने कहा।

ग्राम नगपुरा के ग्रामवासियों ने रेबीज टीका उपलब्ध कराने आवेदन दिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुरा सहित जिले के कई स्वास्थ्य केंद्रों में रेबीज (कुत्ता काटने) का टीका उपलब्ध न होने से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। उन्होंने नगपुरा सहित सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में रेबीज टीका उपलब्ध कराने की मांग की।

बीएसपी के सिंटर प्लांट 2 से कोक ओवन के बीच नवनिर्मित कॉक्रीट सड़क का उद्घाटन

भिलाई/नवप्रदेश। सेल-बीएसपी में आंतरिक संयंत्र अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत सिंटर प्लांट 2 से कोक ओवन के बीच यांत्रिकी संगठन द्वारा निर्मित नई कॉक्रीट सड़क का उद्घाटन 10 मार्च को किया गया। सड़क का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक (संकार्य) राकेश कुमार ने मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (सेवाएं) तुषार कांत और मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (एम एंड यू) बीके बेहेरा की उपस्थिति में किया। लगभग तीन महीने के रिकॉर्ड समय में पूर्ण हुई यह परियोजना संयंत्र परिसर के भीतर वाहनों की सुरक्षित और अधिक कुशल आवाजाही सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

विभिन्न विभागों के बीच उत्कृष्ट समन्वय और प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप सड़क विकास कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा किया गया। नवनिर्मित सड़क से संयंत्र परिसर में ड्राइविंग की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार होने की उम्मीद है। पूर्व में यह मार्ग संकरा, असमतल और गड्ढों से युक्त था, जिससे वाहन चालकों को असुविधा होती थी। अब चौड़ी और समतल कॉक्रीट सड़क के निर्माण तथा भारी वाहनों के लिए समर्पित मार्ग के विकास से असुविधाजनक यात्रा समाप्त होगी। इससे दोपहिया और साइकिल चालकों की सुरक्षा में भी उल्लेखनीय सुधार होगा। सड़क की चिकनी सतह से धूल उत्सर्जन भी कम होगा।

प्रशासन अलर्ट

शिकायत या जानकारी के लिए टोल-फ्री नंबर 1800-233-3555 पर करें संपर्क

जिले में घरेलू गैस व डीजल-पेट्रोल की पर्याप्त उपलब्धता : कलेक्टर

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले में घरेलू एलपीजी गैस और डीजल-पेट्रोल की उपलब्धता और आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा के लिए कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ऑयल कंपनियों के अधिकारियों, डिस्ट्रीब्यूटरों और गैस एजेंसियों की बैठक लेकर घरेलू गैस की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था की विस्तृत जानकारी ली। ऑयल कंपनियों के अधिकारियों ने बताया कि जिले में घरेलू एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और इसकी आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है। ऑयल कंपनियों के अधिकारियों ने बताया कि जिले के सभी एलपीजी वितरक के पास गैस का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है।

कलेक्टर ने बताया कि उज्ज्वला योजना के कनेक्शन को मिलाकर जिले में लगभग 4 लाख गैस कनेक्शन हैं। वर्तमान में प्रतिदिन करीब 9750 गैस सिलेंडरों की रिफिलिंग की जा रही है। कलेक्टर ने अधिकारियों को एलपीजी गैस की दैनिक आपूर्ति और वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर ने वितरण प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता या कालाबाजारी न होने दें। ऑयल कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर केवल विशेष अत्यावश्यक संस्थानों जैसे अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों को ही सप्लाई किए जा रहे हैं। बैठक में जिले में डीजल और पेट्रोल की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि जिले में डीजल-पेट्रोल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और इसकी आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि जिन उपभोक्ताओं का ई-केवाईसी नहीं हुआ है, वे संबंधित गैस एजेंसी में जाकर जल्द से जल्द ई-केवाईसी करा लें, ताकि भविष्य में परेशानी न हो। इस प्रक्रिया में फेस स्कैन और अंगूठे का सत्यापन किया जाएगा, जिसमें केवल एक मिनट का समय लगता है। जिला प्रशासन व ऑयल कंपनियों के अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि घबराने या पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि जिले में घरेलू गैस की पर्याप्त उपलब्धता है। त्यौहार के बाद बुकिंग की संख्या बढ़ने के कारण कुछ स्थानों पर प्रतीक्षा हो सकती है, लेकिन आपूर्ति नियमित रूप से जारी है।

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने उपभोक्ताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि जिले में एलपीजी गैस और डीजल-पेट्रोल की पर्याप्त उपलब्धता है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। गैस सिलेंडरों की आपूर्ति गैस एजेंसियों के माध्यम से नियमानुसार नियमित रूप से की जा रही है। उन्होंने बताया कि आपूर्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत या जानकारी के लिए उपभोक्ता टोल-फ्री कॉल सेंटर नंबर 1800-233-3555 पर संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर खाद्य नियंत्रक अनुराग सिंह भदौरिया और आयल कंपनी के अधिकारी सहित खाद्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

जनहित के मामलों का समय-सीमा में करें निराकरण, पेयजल सप्लाई की पुख्ता व्यवस्था जरूरी : कलेक्टर

समय-सीमा बैठक में पर्यटन, स्वास्थ्य योजनाओं और राजस्व प्रकरणों की समीक्षा

खैरागढ़/नवप्रदेश। साप्ताहिक समयसीमा की बैठक मे कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों तथा जनहित से जुड़े मुद्दों की विस्तार से समीक्षा करते आम जनता से जुड़े मामलों में गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करते निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने गर्मी के दौरान जिले में पेयजल व्यवस्था की विशेष समीक्षा कर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की जानकारी लेते कहा कि गर्मी के दिनों में कहीं भी पेयजल संकट की स्थिति नहीं बननी चाहिए। जिन क्षेत्रों में पेयजल की समस्या की आशंका है, वहां समय रहते आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने, खराब हैंडपंपों की शीघ्र मरम्मत, जलस्रोतों के नियमित रखरखाव तथा

वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि गर्मी के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य जनसुविधाओं को सुदृढ़ बनाए रखने पर प्राथमिकता से ध्यान दिया जाए। बैठक में जिले में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के संबंध में कलेक्टर ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चिन्हांकित होटलों को पर्यटन विभाग में अनिवार्य रूप से पंजीकृत कराने, जिले में आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं देकर स्थानीय स्तर पर पर्यटन को बढ़ावा देने कहा। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में आयुष्मान कार्ड, आभा आईडी तथा वय वंदन कार्ड के निर्माण की प्रगति की जानकारी लेकर कलेक्टर ने अधिकारियों को पात्र हितग्राहियों के अधिक से अधिक कार्ड बनाने और उन्हें शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का समुचित लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

बैठक में प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने , सभी अधिकारियों को अपने घरों में सौर पैनल लगाने ,अपने अधीनस्थ कर्मचारियों और कार्यालयों में भी सौर ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करने कहा। राजस्व विभाग के नामांतरण, बंटवारा सहित अन्य लंबित प्रकरणों की में कलेक्टर ने लंबित राजस्व मामलों के शीघ्र निराकरण के निर्देश देते हुए समय-सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों पर नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

नारियों को सजग व सचेत होना जरूरी: डॉ. सुचित्रा गुप्ता

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में 9 मार्च 2026 को प्राचार्य डॉक्टर सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन में महिला प्रकोष्ठ द्वारा महिला दिवस पर काव्य पाठ एवं विचार अभिव्यक्ति का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्राचार्या महोदया ने अपने प्रेरक उद्बोधन में भारतीय नारियों को कई अन्य देशों की तुलना में अधिक सशक्त बताया।उन्होंने महिला दिवस पर उत्सव मनाने की अपेक्षा महिलाओं को अपने अधिकार एवं कर्तव्य के प्रति सजग व सचेत रहने का आह्वान किया। डॉ प्रियंका सिंह ने अपने स्वागत उद्बोधन में महिला दिवस की सार्थकता को निरूपित किया । महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं कु. चेतना सिन्हा, विनय वासनिक, गजेंद्र ,दीपिका साहू, डोली साहू, माही सिंह ,दीपक कुमार, कुमारी यामिनी साहू, ने नारी विमर्श पर केंद्रित कविता पाठ किया एवं अपने विचार? व्यक्त किये। महिला प्रकोष्ठ की सदस्य डॉक्टर किरण जैन, प्रोफेसर स्वयंसिध्दा झा,डॉक्टर नीलम तिवारी, डॉक्टर रोहिणी समरित ने भी काव्य पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर नीलम तिवारी ने एवं आभार प्रदर्शन प्रोफेसर स्वयंसिध्दा झा ने किया।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती के आवेदन 26 तक

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिला महिला बाल विकास विभाग द्वारा जिले मे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका के रिक्त पदो पर भर्ती के लिए आनलाइन आवेदन मंगाए गए है । विभाग द्वारा परियोजना छुईखदान अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 2 पद तथा आंगनबाड़ी सहायिका के 0× पदों पर भर्ती होगी। इ'छुक एवं पात्र महिला अभ्यर्थी 26 मार्च 2026 तक ई-भर्ती पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। रिक्त पदों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद छुईखदान वार्ड 4 एवं वार्ड 5 में तथा आंगनबाड़ी सहायिका के पद आंगनबाड़ी केंद्र देवपुरा-01, कोर्राय तथा सिंगबोरा में रिक्त हैं। अभ्यर्थी की आयु 18 से 44 वर्ष , संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र के राजस्व ग्राम/वार्ड की निवासी महिला ही आवेदन करने के लिए पात्र होंगी।

नवजीवन मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर आज से

राजनांदगांव / नव प्रदेश। शहर के नव जीवन मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल एवं डायग्नोसिस सेंटर, राजनांदगांव द्वारा आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 13, 14 और 15 मार्च को तीन दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच, परामर्श और आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि शिविर में विभिन्न बीमारियों से पीड़ित मरीजों का परीक्षण किया जाएगा तथा उन्हें उचित उपचार और स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी जाएगी। इस दौरान अस्पताल के अनुभवी डॉक्टरों की टीम मरीजों की जांच कर आवश्यक चिकित्सा परामर्श देगी, जिससे लोगों को समय रहते बीमारी की पहचान और उपचार का लाभ मिल सके।शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है, ताकि वे बिना किसी आर्थिक बोझ के विशेषज्ञ डॉक्टरों से अपनी स्वास्थ्य जांच करवा सकें। इसके साथ ही कुछ आवश्यक जांचों पर विशेष रियायत भी दी जाएगी। अस्पताल प्रबंधन ने जिले एवं आसपास के क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और निर्धारित तिथियों में नव जीवन सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल एवं डायग्नोसिस सेंटर, राजनांदगांव पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में अपनी जांच कराएं।

घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग, 11 प्रतिष्ठानों से सिलेंडर जब्त

कवर्धा/नवप्रदेश। जिला प्रशासन कबीरधाम द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर के व्यावसायिक उपयोग पर रोक लगाने के लिए सख्ती के साथ निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के निर्देश पर खाद्य विभाग की टीमों ने शहर के विभिन्न होटल और रेस्टोरेंट में निरीक्षण कर कार्रवाई की है। अभियान के दौरान चार प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करते पाए जाने पर सिलेंडर जब्त कर संबंधित संचालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई है।खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 11 मार्च को निरीक्षण के दौरान गोस्वामी रेस्टोरेंट से 2, कबीरधाम टी स्टॉल से 1, दंतेश्वरी होटल से 1 तथा शिवा होटल से 1 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किया गया है। वहीं 12 मार्च को निरीक्षण के दौरान होटल तिरुपति रेस्टोरेंट एवं ढाबा से 2 सिलेंडर, एससीजी ढाबा एंड रेस्टोरेंट 1, इस्माइल कैफे से 3, इको होटल फूड से 1, गुड्डू होटल से 1, जेठालाल चाय से 1 और जय बजरंग होटल से 1 घरेलू सिलेंडर जप्त किया गया है। टीम ने इस दौरान होटल रॉयल सेलिब्रेशन, नारायणी, छप्पन भोग, डीएफसी कैफे और श्रीधर जोधपुरी रेस्टोरेंट में भी जांच की गई। किंतु यहां घरेलू सिलेंडर का उपयोग नहीं पाया गया। अधिकारियों ने बताया कि घरेलू उपयोग के लिए उपलब्ध कराए जाने वाले एलपीजी सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग करना नियमों का उल्लंघन है, जिस पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। भारत सरकार द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं को रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

कार्यालयों के चक्कर काटने से मिला छुटकारा

जिले में ऑनलाइन जमीन डायवर्सन की कार्यवाही शुरू

■ 15 दिन मे मिलेगी डायवर्सन की प्रति, पहले आवेदक को दिए कागजात

खैरागढ़/नवप्रदेश। खैरागढ़ जिले मे अब जमीन का डायवर्सन आनलाइन होगा । इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई और आनलाइन आवेदन जमा करने वाले पहले आवेदक को एसडीएम खैरागढ़ द्वारा 15 दिन के भीतर ही जमीन डायवर्सन की प्रतिलिपि भी प्रदान कर दी गई । प्रदेश मे जमीन के डायवर्सन प्रक्रिया का आनलाइन आवेदन लेकर कार्यवाही करने वाला खैरागढ़ जिला मामले मे सबसे आगे हो गया है । आनलाइन आवेदन प्रक्रिया से अब हितग्राही को कार्यालयों के चक्कर नही लगाने पड़ेगें । समय और पैसो की बचत होगी । जमीन डायवर्सन के नाम पर दलाली और कमीशन खोरी से भी राहत मिलेगी ।

निर्धारित प्रारूप मे जमा करना होगा आवेदन

कृषि जमीन का घरेलू, व्यवसायिक सहित अन्य कार्यो के लिए जमीन डायवर्सन कराने के लिए अब कार्यालयों के चक्कर लगाने की बजाय अब हितग्राही को लोक सेवा केन्द्र अथवा अन्य कम्प्यूटर माध्यम से साइट पर जाकर आनलाइन आवेदन जमा करना होगा । निर्धारित आनलाइन आवेदन के साथ मांगे गए दस्तावेज भी आनलाइन जमा कराने होंगे । प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्धारित राशि का चालान बैंक के माध्यम से जमा करना होगा । इसके बाद सारी प्रक्रिया एसडीएम कार्यालय स्तर पर की जाएगी ।

इन मुसीबतो से मिलेगी राहत

जमीन डायवर्सन के लिए वर्तमान मे हितग्राही को कई प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है । एसडीएम और जिला स्तर पर आवेदन सहित कागजात जमा करने चक्कर लगाने पड़ते है । एसडीएम से प्रक्रिया पूरी होने के बाद नगर निवेश सहित अन्य कार्यालयो तक एनओसी के लिए जाना पड़ता है । इसके बाद भी पूरी प्रक्रिया कराने दो माह से अधिक समय लग जाता है । ऐसे मे जरूरतमंद हितग्राही को मुसीबतो का सामना करना पड़ता है । जिला निर्माण के बाद यहां कई कमीशन मे काम करने वाले भी सामने आ गए है जो जमीन डायवर्सन कराने 15 से 20 हजार रू लेते है ।

डड़सेना कलार समाज कबीरधाम के दोबारा जिलाध्यक्ष बने रूपेन्द्र जायसवाल

कवर्धा / नवप्रदेश। डड़सेना कलार समाज कबीरधाम की महत्वपूर्ण सामाजिक बैठक सामाजिक भवन कवर्धा में आयोजित की गई। बैठक में समाज के वरिष्ठजन, युवा साथी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के इष्ट देव भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की आरती एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।बैठक में समाज के संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, सामाजिक एकता को बढ़ावा देने तथा समाज के विकासात्मक कार्यों को आगे बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान समाज के सक्रिय, कर्मठ एवं समाजहित में सदैव अग्रणी रहने वाले रूपेन्द्र जायसवाल को उनके पिछले पाँच वर्षों के बेहतर एवं सफल कार्यकाल को देखते हुए सर्वसम्मति से पुनः डड़सेना कलार समाज कबीरधाम का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। उनके मनोनयन की घोषणा होते ही उपस्थित समाजजनों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया।

समाजजनों ने विश्वास व्यक्त किया कि रूपेन्द्र जायसवाल के नेतृत्व में समाज को नई दिशा और मजबूती मिलेगी तथा सामाजिक एकता, शिक्षा, सहयोग और विकास के कार्यों को और गति मिलेगी। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों ने समाज को संगठित रखने, युवाओं को समाज सेवा से जोड़ने तथा जरूरतमंद समाजजनों की सहायता के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. वी.पी. जायसवाल, डॉ. रामकुमार सिन्हा, गुलाब जायसवाल, गणेश, सहित समाज के अनेक पदाधिकारी, ग्राम प्रमुख एवं समाजजन उपस्थित रहे।

मानव समाज को एकजुट करने पर जोर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। सदगुरु कबीर धनी धर्मदास साहब वंशावली प्रतिनिधि सभा धर्म नगरी दामाखेड़ा से पधारे परम पूज्य पंथ श्री हुजूर उदित मुनि नाम साहब जो परम सौभाग्य की बात है।

दो दिवसीय संत समागम समारोह में मां भानेश्वरी धरा - धाम धर्म नगरी ग्राम सिंघोला में पधारे जिसमें साहब का आशीष वचन एवं भेंट बंदगी आशीर्वाद अपने संत जनों का हजारों की संख्या लोग पहुंचे हुए थे। जिसमें हुजूर साहब के द्वारा संत जनों को आशीष वचन के दौरान संपूर्ण मानव समाज को एकजुट रहने एवं एकता बनाए रखना एवं जीवों दया करने पर जोर दिया गया।

इंडेन का सर्वर ठप्प, तीन दिनों से नहीं मिल रहा सिलेंडर

खैरागढ़ /नवप्रदेश। जिले मे गैस सिलेंडर प्रदाता कंपनी इंडेन गैस कं पनी के घरेलू उपभोक्ताओ को कंपनी का सर्वर तीन दिन से बंद होने के चलते सिलेंडर नही मिल पा रहा है । ईरान अमेरिका युद्ध के बीच गैस सिलेंडरो की कमी की खबर के बीच जिले मे सिलेंडर का पर्याप्त स्टाक बताया जा रहा है । लेकिन पिछले तीन दिन से उपभोक्ताओं द्वारा सिलेंडर बुक करने किया जाने वाला मिस काल, डिलवरी काल और ओटीपी का सर्वर पूरी तरह ठप्प पड़ा है। इसके चलते समय पर सिलेंडर लेने वालो को एजेंसी की दुकान के सामने घंटो खड़ा होना पड़ रहा है । और अफरा तफरी भी मच रही है । इस बीच कंपनी के स्थानीय वितरक ने सिलेंडरो की कमी की बात को नकारते कहा कि जिले मे घरेलू गैस सिलेंडर का पर्याप्त स्टाक है । तीन ट्रक सिलेंडर लेकर आए खड़े है । गोदाम मे भी उपभोक्ताओ के लिए निर्धारित स्टाक उपलब्ध है । लेकिन कंपनी का सर्वर काम नही करने से किसी भी उपभोक्ता को सिलेंडर नही मिल पा रहा है । सिलेंडर के लिए निर्धारित मिस काल नही हो रहा है इससे डिलवरी रिर्पोट नही आ रही है । उपभोक्ताओ को डिलवरी के दौरान मिलने वाली ओटीपी भी नही मिल रही है । इसके चलते सिलेंडर का वितरण लगभग बंद पड़ा है । जिले मे तीन से अधिक कंपनियों के सिलेंडर वितरण होते है । लेकिन सबसे 'यादा उपभोक्ताओ वाले इंडेन गैस के सिलेंडर का वितरण तीन दिन से पूरी तरह ठप्प पड़ा है । कंपनी के वितरण दुकान मे भी सर्वर की समस्या के चलते कर्मचारी शटर गिराकर बैठे है । उनका कहना है कि सर्वर नही होने के चलते वितरक एजेंसी के बाद कोई काल और डिलवरी रिर्पोट नही आ रही है इसके चलते उपभोक्ताओ को सिलेंडर नही मिल पा रहा है । जबतक कंपनी का सर्वर शुरू नही हो पाएगा तब तक सिलेंडर की बुकिंग और डिलवरी नही हो पाएगी । बिना आनलाइन बुकिंग के सिलेंडर वितरण करने से स्थानीय वितरक ने पूरी तरह मना कर दिया है ।

व्यवसायिक सिलेंडर की डिलीवरी बंद

जिले मे घरेलू गैस सिलेंडर मे इंडेन सहित अन्य कंपनी के सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता का दावा किया जा रहा है। लेकिन व्यवसायिक सिलेंडरो की डिलीवरी 6 मार्च से पूरी तरह बंद कर दी गई है। व्यवसायिक सिलेंडरो का उपयोग करने वाले ढाबा, होटल संचालको की मुसीबते बढ़ गई है । अन्य जगह उपयोग होने वाले व्यवसायिक सिलेंडर भी डिलीवरी नही हो पा रही है। स्थानीय वितरक ने बताया कि कंपनी से ही व्यवसायिक सिलेंडरो की डिलीवरी पूरी तरह बंद कर दी गई है ।

इंडेन कंपनी के घरेलू सिलेंडरो की आनलाइन बुकिंग कंपनी का सर्वर बंद होने से तीन दिन से नही हो रहा है । इसके कारण उपभोक्ताओ को सिलेंडर नही दे पा रहे है । जिले मे सिलेंडर का पर्याप्त स्टाक उपलब्ध है । सर्वर ठीक होते ही सप्लाई करेंगें।

अतुल वासनिक वितरक इंडेन गैस खैरागढ़

खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई : जांच के लिए भेजे गए आइस कैंडी, गुलाब जामुन और पनीर के सैंपल

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार जिला कबीरधाम में आम उपभोक्ताओं को सुरक्षित, स्वच्छ और मानक अनुरूप खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत खाद्य प्रतिष्ठानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों में निरीक्षण कर खाद्य नमूने संग्रहित किए गए हैं, जिन्हें जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 मार्च 2026 को रायपुर रोड, कवर्धा स्थित मधुरम स्वीट्स प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान से गुलाब जामुन, पनीर एवं गोल्डन नमकीन (पैक्ड) के खाद्य नमूने निर्धारित प्रक्रिया के तहत जाँच के लिए संग्रहित किए गए।

निर्माणाधीन पीएम आवास का सीईओ ने किया निरीक्षण

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले मे जारी प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास के निर्माण की प्रगति देखने जिले के चकनार पहुँचे जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने वहाँ हितग्राहियों के निर्माणाधीन आवास का अधिकारियो के साथ मुआयना किया और हितग्राहियों से चर्चा की।

इस दौरान सीईओ पटेल ने हितग्राहियों से निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता पूर्ण कार्य की जानकारी लेकर समयसीमा मे आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए । इस दौरान जिपं सीईओ पटेल ने ग्राम पंचायत चकनार में संचालित गौधाम का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौधाम में पशुओं के रख-रखाव, चारा-पानी की व्यवस्था तथा साफ-सफाई की स्थिति का अवलोकन किया गया। संबंधित अधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों को गौधाम के सुचारू संचालन तथा आवश्यक व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए।

कार्यकर्ताओं ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की

अफीम खेती के विरोध में कांग्रेस ने किया भाजपा कार्यालय का घेराव

कवर्धा/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक में प्रदेश में बढ़ते नशे के कारोबार और कथित तौर पर सामने आ रही अफीम की खेती के मामलों को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला गया। बैठक के बाद कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय का घेराव कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान की समीक्षा भी की गई। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में नशे के कारोबार को रोकने में भाजपा सरकार पूरी तरह विफल रही है। उनका कहना था कि अब तो भाजपा से जुड़े लोगों के खेतों में ही अफीम की खेती उजागर होने लगी है, जो बेहद गंभीर और चिंताजनक है।

जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के संगठन प्रभारी पदम कोठारी ने कहा कि भाजपा शासन में प्रदेश के चौक-चौराहों और दुकानों में अवैध शराब, गांजा और अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री खुलेआम हो रही है। इससे युवाओं का भविष्य बर्बादी की ओर बढ़ रहा है और समाज में गलत माहौल बन रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक तरफ भाजपा सरकार नशा मुक्त समाज की बात करती है, वहीं दूसरी तरफ उनके ही नेताओं के खेतों में अफीम जैसी नशीली फसल उगाने के मामले सामने आ रहे हैं।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने सवाल उठाते हुए कहा कि इतनी बड़ी मात्रा में अफीम की खेती आखिर किसके संरक्षण में हो रही थी। बिना राजनीतिक और प्रशासनिक संरक्षण के इतने बड़े स्तर पर नशीले पदार्थों की खेती संभव नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि जिस खेत में यह खेती पाई गई है, वह व्यक्ति भाजपा किसान मोर्चा का पूर्व पदाधिकारी और वर्तमान में भाजपा का सक्रिय नेता बताया जा रहा है, जिससे सत्ता संरक्षण की आशंका और गहरा जाती है।

अफीम की खेती के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल

खैरागढ़/नवप्रदेश। प्रदेश के समोदा और बलरामपूर मे अफीम की खेती के मुददे को लेकर कांग्रेस के जिला स्तरीय प्रदर्शन कर पिपरिया स्थित भाजपा कार्यालय का घेराव किया । प्रदेश कांग्रेस के निर्देश के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष कोमल साहू की अगुवाई मे बड़ी संख्या मे रैली के साथ पिपरिया पहुँचे कांग्रेसियों ने भाजपा कार्यालय के सामने पुलिस द्वारा लगाए गए बेरिकेटस मे जमकर हंगामा किया ।

खाद्य विभाग की टीम ने दुकानों में दी दबिश, 5 नग गैस सिलेंडर जब्त

बलौदाबाजार/ नवप्रदेश। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर खाद्य अधिकारी पुनीत वर्मा के नेतृत्व में जिले में खाद्य विभाग द्वारा अलग-अलग टीम बनाकर घरेलू गैस सिलेण्डर के व्यवसायिक उपयोग पर रोक लगाने होटल, ढाबा, केन्टीन आदि प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। टीम द्वारा बलौदाबाजार के बिरयानी सेंटर 1 नग,आकाश भोजनालय 1, गढ़ कलेवा 1, मुस्कान टी स्टाल 1 एवं देवांगन बिरयानी से 1 कुल 5 नग घरेलू गैस सिलेण्डर जप्त किया गया।खाद्य अधिकारी ने बताया कि उक्त प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यावसायिक उपयोग कर खाद्य पदार्थों की बिकी की जा रही थी।

हिन्दू नववर्ष पर भजन-कीर्तन, झांकियों, पारंपरिक नृत्य, आतिशबाजी के साथ 19 को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

महासमुंद/नवप्रदेश। हिन्दू नववर्ष पर हिन्दू नववर्ष उत्सव समिति महासमुंद द्वारा 19 मार्च को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा की तैयारी को लेकर समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम को भव्य और आकर्षक बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी भजन-कीर्तन, आकर्षक झांकियों, पारंपरिक नृत्य, डमरू वादन और आतिशबाजी के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजन को सफल बनाने के लिए शहर में सघन जनसंपर्क अभियान चलाने तथा समाज के सभी वर्गों को इस उत्सव से जोड़ने पर भी सहमति बनी।

टेकराम सेन ने बताया कि शोभायात्रा 19 मार्च की शाम 4 बजे शारदा मंदिर, तुमगांव रोड से प्रारंभ होकर गुलशन चौक, एकता चौक, ओव्हरब्रिज, बग्गा स्टोर्स चौक, स्वामी चौक, कांग्रेस भवन चौक, कचहरी चौक होते हुए मां दुर्गा भवानी मंदिर, बरोंडा चौक में समापन करेगी। शोभायात्रा के मार्ग में आने वाले विभिन्न चौक-चौराहों पर श्रद्धालुओं द्वारा भव्य स्वागत एवं आतिशबाजी की जाएगी।

इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की भी विशेष झलक देखने को मिलेगी। कार्यक्रम में आरंग का सुआ नृत्य, पंथी नृत्य, राऊत नाचा, भिलाई की मां शांकभरी रोड शो-टीम की आकर्षक प्रस्तुति, महाकाल आरती समिति द्वारा भव्य डमरू वादन तथा विभिन्न भजन मंडलियों द्वारा भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही गुरुकुल आश्रम कोसरंगी एवं सरायपाली से आने वाली संकीर्तन मंडलियां भी भक्तिमय माहौल तैयार करेंगी।

बैठक में विक्रम सिंह ठाकुर, हेमंत बघेल, अमन चंद्राकर, गणेश नायक, राजू चंदेल, टेकराम सेन, विजय चंद्राकर, भरत साहू, नीरज वर्मा (पप्पू), नितेश श्रीवास्तव, राजू दीवान, उमेन्द्र गिरि, योगेश्वर गिरि सहित अन्य सदस्यों ने विचार व्यक्त किए। समिति की ओर से विक्रम सिंह ठाकुर, हेमंत बघेल और अमन चंद्राकर ने शहरवासियों से अपील की है कि हिन्दू नववर्ष के इस पावन अवसर पर तन-मन-धन से सहयोग प्रदान करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाएं तथा सनातन परंपरा को आगे बढ़ाने में अपनी सहभागिता निभाएं।

न्यूज गैलरी

भाजपा ने मंडल अध्यक्ष की घोषणा की, हुमित लिमजा को मिली जिम्मेदारी

नगरी/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा धमतरी जिले के सिहावा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बेलरगांव मंडल के लिए नए मंडल अध्यक्ष की घोषणा की गई है। पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हुमित लिमजा को भाजपा बेलरगांव मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश महामंत्री एवं रायपुर संभाग प्रभारी अखिलेश सोनी, प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी नवीन मारकण्डे तथा भाजपा जिला संगठन प्रभारी धमतरी डॉ. किरण बघेल की अनुशंसा पर की गई। इसके बाद भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने हुमित लिमजा के नाम की औपचारिक घोषणा की। हुमित लिमजा इससे पहले जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष रह चुके हैं और लंबे समय से पार्टी संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनकी नियुक्ति से बेलरगांव मंडल क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा पार्टी की गतिविधियों को नई गति मिलेगी। नियुक्ति की घोषणा के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, जिला उपाध्यक्ष अकबर कश्यप, पत्रकार गोपी कश्यप, जिला मंत्री दिनेश्वरी नेताम, पूर्व नगर अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, कमल डागा, पूर्व नगर उपाध्यक्ष अजय नाहटा, नगर उपाध्यक्ष विकास बोहरा, जिला पंचायत सभापति अजय ध्रुव, महामंत्री रूपेंद्र साहू, सुलोचना साहू, मोनू साहू, राजेश नाथ गोसाई, शुभम यदु सहित नगरी नगर पंचायत के पार्षदगण, जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने हुमित लिमजा को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना।

उधार की रकम मांगने पर दुकानदार को पीटा

महासमुंद/नवप्रदेश। उधारी का पैसा वापस मांगने पर दुकानदार से चार लोगों ने मारपीट कर दी। बसना पुलिस को वार्ड- 9 बसना निवासी पंकज अग्रवाल (29) ने बताया कि उसकी किराना व डेली नीड्स की दुकान है। करीब एक साल पहले उसने भतीजा हिमांशु अग्रवाल को 4 .91 लाख रुपए उधार दिया था। उधार का पैसा वापस मांगने पर वह टाल-मटोल करता था। 10 मार्च को जब उसने अपने भतीजे हिमांशु अग्रवाल से उधार का पैसा वापस मांगा तब संतोष अग्रवाल, लक्ष्मीबाई अग्रवाल, तानिया अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल ने गाली-गलौज कर मारपीट की। बीच बचाव करने आई पत्नी और मां के साथ भी मारपीट की। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296, 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया है।

पिता के साथ मारपीट के मामले में चार के खिलाफ कार्रवाई

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना पुलिस ने ग्राम जबलपुर में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में चार लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि जबलपुर के धनीराम राणा के साथ उसके बेटे तुकाराम राणा, सिंधु राणा, प्रताप राणा, सुनील राणा ने मारपीट कर दी। इस दौरान बीच बचाव करने पर उनके छोटे पुत्र के साथ तुकाराम ने मारपीट की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

गांजा तस्करी के मामले में नाबालिग समेत तीन गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में गांजा के अवैध परिवहन के दो मामलों में पुलिस ने एक नाबालिग सहित तीन के विरूद्ध कार्रवाई की है। आरोपियों से करीब 1,47,500 रुपए का गांजा बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार सूचना पर पहुंचकर पुलिस ने संदेही को रोका, जिसने पूछताछ में अपना नाम बालीगुडा ओडिशा निवासी कृष्णचंद्र राणा (22) बताया। आरोपी के कब्जे से 5 .329 किलो गांजा (कीमत एक लाख रुपए) और बाइक को जब्त किया गया। इसी तरह पटेवा पुलिस ने एनएच-53 मेन रोड बोडरा चौक पर एक स्कूटी को रोका। संदेहियों ने अपना नाम वार्ड -53 संतोषी नगर टिकरापारा रायपुर निवासी ऋषभ बघेल (23) बताया तथा दूसरा नाबालिग था। आरोपियों से 950 ग्राम गांजा और बिना नंबर की स्कूटी जब्त किया। आरोपियों के खिलाफ धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

हाईवा की ठोकर से एक घायल

महासमुंद/नवप्रदेश। सिटी कोतवाली पुलिस ने हाईवा की टक्कर से एक व्यक्ति के घायल होने के मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि बिरकोनी निवासी नरेंद्र चंद्राकर 23 दिसंबर 2025 को बाइक सीजी 06 जीडी 3165 से बेलसोंडा सोसाइटी से काम कर घर ग्राम बिरकोनी जा रहा था। दोपहर करीब 3.30 बजे रायपुर रोड धरमकांटा के आगे ग्राम बेंलसोंडा पहुंचा था तभी ग्राम घोड़ारी की तरफ से आ रहे हाईवा क्र. सीजी 04 क्यूजे 9772 के चालक ने बाइक को सामने से ठोकर मार दिया। दुर्घटना में नरेंद्र के दाहिने पैर में चोंट आई । 11 मार्च को कोतवाली में वाहन चालक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई।

हृदय रोग जाँच व परामर्श आज

महासमुंद/नवप्रदेश। लभरा खुर्द स्थित सोहम हॉस्पिटल में 13 मार्च को हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सुलभ चंद्राकर मरीजों की जाँच एवं परामर्श के लिए सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक उपस्थित रहेंगे। हॉस्पिटल की विज्ञप्ति में बताया गया कि मरीजों को यहां राजधानी जैसी सुविधा मिलेगी।

रक्षा मंत्रालय को भेजा गया प्रस्ताव

गरियाबंद में सैनिक स्कूल के लिये भूमि चिन्हित

जीवन एस साहू

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में नवीन सैनिक स्कूल के लिये भूमि चिन्हित कर ली गई है, जो एक तरह से जिला मुख्यालय के आस-पास ही होगी। इस बहुप्रतीक्षित स्कूल के लिये गरियाबंद तहसील अंतर्गत ग्राम बिन्द्रानवागढ़ में 101.18 हेक्टेयर भूमि की जानकारी प्राप्त हुई है।

आपको बता दें कि छत्तीसगढ़ में अब तक एकमात्र सैनिक स्कूल अंबिकापुर में संचालित है। केंद्र सरकार की 100 नये सैनिक स्कूल खोलने की योजना है। केंद्र सरकार, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप,गैर-सरकारी संगठनों , निजी स्कूलों और राज्य सरकारों के सहयोग से 100 नये सैनिक स्कूल स्थापित करने की योजना पर काम कर रही है।

इसी के तहत संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग रायपुर के द्वारा गरियाबंद जिले में सैनिक स्कूल खोले जाने के संबंध में पत्राचार किया जा रहा था। कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) गरियाबंद द्वारा बिन्द्रानवागढ़ में 101.18 हेक्ट. भूमि की जानकारी प्रदान की गई है।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल बिन्द्रानवागढ़ तहसील गरियाबंद द्वारा कलेक्टर को प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार ग्राम बिन्द्रानवागढ़ प.ह.न.27 तहसील गरियाबंद जिला गरियाबंद में ख.न.383, 395, 399, 401, 434, 509,510 रकबा कमश: 10.23, 37.37, 7.58, 12.87, 8.73, 19.79, कुल ख.न. 07 कुल रकबा 101.18 हे.भूमि, अध्यक्ष कृषि सहकारी समिति सामूहिक भूमिस्वामी बिन्द्रानवागढ़ के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज थी।

सैनिक स्कूल खोलने के संबंध में भूमि प्रस्ताव प्राप्त हुआ

लोक शिक्षण संचनालय संभाग रायपुर द्वारा हाल ही में जारी किये गये एक पत्र के अनुसार गरियाबंद में नवीन सैनिक स्कूल खोलने के संबंध में अनु. अधिकारी (रा) गरियाबंद द्वारा बिन्द्रानवागढ़ में 101.18 हेक्ट. भूमि का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, जिसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली को प्रेषित किया गया है।

कार्यालय पंजीयन सहकारी समिति पृ.क./3 प. र/परि/2785 रायपुर दिनांक 26/03/2004 के अनुसार उप पंजीयन सहकारी संस्था छ.ग. सह.समितिया अधि.1960 की धारा 18 (1) (2) एवं म.प्र. शासन सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्र.05/01/99 15 सी दिनांक 16 जु.1999 द्वारा वैष्ठित है, का प्रयोग करते हुये उक्त सहकारी समिति का पंजीयन निरस्त कर अस्तित्व समाप्त किया गया,तथा ना.क. 21 आ. दि. 14/01/2010 के अनुसार अध्यक्ष आदिवासी कृषि सहकारी समिति सामूहिक संस्था नवागढ़ का नाम खारिज कर शासकीय (काबिल काश्त) में दर्ज किया गया है। वर्तमान में उपरोक्त सभी ख.न. 383, 395, 399, 401, 434, 509,510 रकबा कमश: 10.23, 37.37, 7.58, 12.87, 8.73, 19.79, कुल ख.न. 07 कुल रकबा 101.18 हे. शासकीय मद में दर्ज है।

संकुल भवन मरम्मत के नाम पर फर्जी बिल वाऊचर से रकम निकाली

छुरा/ नवप्रदेश। गरियाबंद जिले के छुरा विकास खण्ड अन्तर्गत मुढीपानी संकुल भवन की स्थिति जर्जर हो चुका है, विगत आठ वर्ष से संकुल समन्वयक एवं संकुल प्रभारी द्वारा फर्जी बिल व्हाऊचर रंग रोगन सीमेंट झड के नाम पर राशि आहरण तो किया गया है लेकिन आठ बरस से ग्रामीणों के अनुसार उक्त भवन का ताला ही नहीं खुला है, जर्जर भवन बया की स्थिति देखकर पता चलता है कि दस बरस से भवन में मरम्मत कार्य के नाम पर फूटी कौड़ी संकुल समन्वयक द्वारा खर्च जमीनी स्तर पर न कर सिर्फ बिल व्हाऊचर केश बुक में किया गया है। शासन द्वारा प्रति ? वर्ष संकुल केंद्र को अस्सी हजार रुपए आवंटित किया जाता है, जिसमें स्टेशनरी, बैठक, फर्नीचर, भवन मरम्मत जैसे कार्य के लिए लेकिन उपरोक्त राशि सिर्फ आधा तेरा आधा मेरा में बंटवारा हो जाता है और काम कुछ नहीं होता है। खंड स्रोत समन्वयक, जिला स्रोत समन्वयक तक हिस्सा जाता है। आठ बरस में एक भी जिम्मेदार अधिकारी की नजर संकुल भवन की जर्जर भवनों पर नहीं पड़ना आखिरकार क्या दर्शाता है, इस भ्रष्टाचार में सभी लोगों का सहभागिता के चलते आंखों में पट्टी बंधा हुआ है। आरटीआई में प्राप्त दस्तावेज बिल व्हाऊचर प्रथम दृष्टया में फर्जी नज़र आता है,को जिला समन्वयक कलेक्टर को जांच के लिए दस माह बीत जाने के बाद भी कोई जांच कार्यवाही नहीं होना ही अपने आप में अनेकों संदेहों को जन्म देता है।

> मुझे संकुल समन्वयक बने सात महीने हुआ है , इसके पहले सुशील वर्मा थे।
>
> **गोवर्धन यदु,** संकुल समन्वयक मुढीपानी

लंबित मांगों पर सहकारी कर्मचारियों ने मंत्री केदार कश्यप व शशिकांत द्विवेदी से की मुलाकात

गरियाबंद/नवप्रदेश। छ. ग. सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ एवं छ. ग. समर्थन मूल्य धान खरीदी कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ के प्रांतीय टीम ने सहकारिता मंत्री केदार कश्यप एवं छ. ग. राज्य विपणन संघ मार्कफेड के प्राधिकृत अध्यक्ष शशिकांत द्विवेदी से लंबित मांगों को लेकर की मुलाक़ात।

प्रदेश कर्मचारी संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने आज सहकारिता मंत्री से सौजन्य मुलाकात कर कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों एवं समस्याओं से अवगत कराया। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि लंबे समय से कर्मचारियों की कई महत्वपूर्ण मांगें लंबित हैं, जिनके समाधान की अपेक्षा कर्मचारी वर्ग कर रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने सहकारिता मंत्री एवं प्राधिकृत अध्यक्ष मार्कफेड को ज्ञापन सौंपते हुए प्रमुख रूप से सेवा शर्तों में सुधार, धान की सुखत में प्रावधान,लंबित वेतन/भत्तों के भुगतान, कम्प्यूटर ऑपरेटर कर्मचारियों से संबंधित वेतन विसंगति के समाधान तथा अन्य विभागीय मुद्दों पर शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया। साथ ही हड़ताल के दौरान हुवे समस्त कार्यवाही को शून्य करने हेतु निवेदन किया। सहकारिता मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि कर्मचारियों की जायज़ मांगों पर सकारात्मक विचार कर यथाशीघ्र समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

महिला दिवस : खेल प्रतियोगिता में महिला विजेताओं को मिला पुरस्कार

नगरी/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वार्ड क्रमांक 03 में श्री राम रामेश्वर समिति द्वारा महिलाओं के लिए विशेष खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वार्ड की बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

आयोजित प्रतियोगिताओं में जलेबी दौड़ में श्रीमती हेमीन साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मटका फोड़ प्रतियोगिता में पार्षद मिक्की गुप्ता प्रथम रहीं, वहीं कुर्सी दौड़ में संतोषी साहू ने प्रथम स्थान हासिल किया।

विधानसभा में परिवहन व्यवस्था पर घमासान

■ ओंकार साहू के सवाल का जवाब नहीं दे पाए परिवहन मंत्री केदार कश्यप

धमतरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के दौरान परिवहन व्यवस्था को लेकर सदन में तीखी बहस देखने को मिली। ओंकार साहू, विधायक धमतरी, ने प्रदेश में व्यावसायिक वाहनों के फिटनेस प्रमाण-पत्र जारी करने की प्रक्रिया और परिवहन नियमों के उल्लंघन के मामलों को लेकर सरकार को घेरते हुए महत्वपूर्ण सवाल उठाए।

विधायक ओंकार साहू ने सदन में पूछा कि पिछले तीन वर्षों में प्रदेश में कितने व्यावसायिक वाहनों को बिना भौतिक परीक्षण के फिटनेस प्रमाण-पत्र जारी किए गए हैं तथा इसका जिला-वार विवरण क्या है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी जानना चाहा कि इस अवधि में ओवरलोडिंग, बिना परमिट संचालन और बिना बीमा के संचालन करने वाले वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग द्वारा कितने प्रकरण दर्ज किए गए और उनसे कितनी राशि की वसूली की गई। इस पर जवाब देते हुए प्रदेश के परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि विभाग के पास बिना भौतिक परीक्षण के फिटनेस प्रमाण-पत्र जारी किए जाने की कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। हालांकि उन्होंने यह जानकारी दी कि पिछले तीन वर्षों में ओवरलोडिंग और बिना परमिट संचालन के कुल 77,810 प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202603104300005 /अ-2/वर्ष 2025-26

ग्राम-जामुल, प.ह.न.01, तह. भिलाई-03

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनील कुमार सिंह पिता जितेन्द्र सिंह, निवासी मदर टेरेसा नगर भिलाई. द्वारा ग्राम जामुल, प.ह.नं 01, रा.नि.मं. जामुल, तहसील भिलाई 03, जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 119/59, 119/51 रकबा 0.020, 0.014 हैं, कुल रकबा 0.034 हे. भू-राजस्व 0.02 रूपये को आवासीय प्रयोजन हेतु छ. ग. शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटलनगर के द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 22.12.2025 के अनुसार छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता (व्यपवर्तित भूमि के लिए भू-राजस्व का निर्धारण एवं पुनर्निर्धारण) नियम 2025 में दिये गये निर्धारित प्ररूप-एक में भूमिस्वामी द्वारा भूमि उपयोग के व्यपवर्तन तथा स्वनिर्धारण की सूचना व घोषणा पत्र छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 यथासंशोधित 2022 की धारा 59/172 के तहत् इस न्यायालय में अन्य दस्तावेजों सहित प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 18.03.2026 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने पर जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे प्रकरण नियत दिनांक 18.03.2026 तक स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/ दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी भिलाई-3 (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

क्रमांक /क/ बी-121/2025-2026

ग्राम - रायपुर खास

तहसील रायपुर, जिला रायपुर (छ0ग0)

रायपुर, दिनांक 02/03/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक/आवेदक **अमृत लाल ताम्रकर, पिता- अशोक कुमार ताम्रकर** द्वारा इस न्यायालय मृत्यु प्रमाण-पत्र बाबत् आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है, आवेदक के **पिता अशोक कुमार ताम्रकर, पिता- प्यारे लाल ताम्रकर** की मृत्यु दिनांक 04.08.2023 को **घर** / हॉस्पिटल मुकुट नगर **रायपुर** में हो चुकी है। उनके मृत्यु उपरांत आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण-पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 17/03/2026 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नही किया जावेगा । आज दिनांक 02/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी रायपुर, छ.ग.

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर

Email ID - rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **29113** दिनांक **06.03.2026**

वार्ड का नाम- **52- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **52** स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR446J00053** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **CHANNU LAL THAKUR** पिता / पति श्री/ श्रीमती **B. L. THAKUR** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **KISHAN SINGH RAJPUT** पिता /पति श्री/श्रीमती **HARI SINGH RAJPUT** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "

श्री विवेकानंद दुबे (जोन कमिश्नर) जोन (10) नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

।। कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग ।।

Emailld:- durgmc2019@gmail.com Phone: 0788-2322148

-:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना ::-

क्रमांक/1200/लो0क0वि0/2026 दिनांक 12/03/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों से नीचे उल्लेखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आंमत्रित की जाती है-

क्र.	कार्य का नाम	लागत (लाख में)	निविदा जारी दिनांक
1.	**वार्ड क्रमांक 02 एवं 04 राजीव नगर गार्डन से राजा घर तक बी.टी. रोड निर्माण कार्य।** System No. 187094 Dated:12.03.2026	**रू. 30.23**	12.03.2026 से 02.04.2026 खोलने की तिथि 07.04.2026

निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है अथवा ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाइट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202602101000248 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस आवेदिका श्रीमती नमिता पिता/पति श्री लाल मोहन यादव निवासी आदिवासी नगर भिलाई द्वारा ग्राम खेदामारा प.ह.न. 11 रा.नि.मं. जेवरा सिरसा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 986/12 रकबा 0.0132 हे. भूमि को रजिस्ट्री बैनामा के आधार पर दिनांक 03.05.2024 के आधार पर विक्रेता दिवाकर सिंह आ. तेजभान से क्रय किया गया है कि रजिस्ट्री बैनामा के आधार पर नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 20.03.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या आने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.02.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202602101000246 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.कं. 202602101000246/ अ-6/ वर्ष 2025-26 में आवेदिका/आवेदक मनीष कुमार सिंह आ./ध.प. सुरेन्द्र प्रसाद सिंह निवासी सेक्टर-6 सिविक सेंटर भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा ग्राम कुरुद प.ह.न. 46 रा.नि.मं. कोहका व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 1560/97 रकबा 0.008 हे. है। जो भूमिस्वामी प्रीति सिंह ध.प. मनीष सिंह के नाम पर दर्ज है । जिसमें भूमिस्वामी प्रीति सिंह ध.प. मनीष सिंह की मृत्यु दिनांक 26.08.2023 को फौत हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके वैध वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।।

अतः उपरोक्त भूमि फौती नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 20.03.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या आने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.02.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण-आर.डी. 202526430103900116

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी राखी कसेर पिता/पति स्व. गौरीशंकर कसेर पता संतराबाड़ी दुर्ग, सर्वेश कसेर पिता/पति स्व. नरेन्द्र कसेर पता संतराबाड़ी दुर्ग, गायत्री कसेर पिता/पति स्व. गौरीशंकर कसेर पता संतराबाड़ी दुर्ग, गिरीश कसेर पिता/पति स्व. गौरीशंकर कसेर पता संतराबाड़ी दुर्ग, आकांक्षा कसेर पिता/पति स्व. नरेन्द्र कसेर पता संतराबाड़ी दुर्ग, विनोद कसेर पिता/पति स्व. गौरीशंकर कसेर पता संतराबाड़ी दुर्ग, माधुरी वर्मा पिता/पति स्व. गौरीशंकर कसेर पता संतराबाड़ी दुर्ग, जयश्री कसेर पिता/पति स्व. नरेन्द्र कसेर पता संतराबाड़ी दुर्ग, आरती कसेर पिता/पति स्व. गौरीशंकर कसेर पता संतराबाड़ी दुर्ग, विपल्व कसेर पिता/पति स्व. गौरीशंकर कसेर पता संतराबाड़ी दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1179/321(0.0170) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता राखी कसेर पिता/पति स्व. गौरीशंकर कसेर पता संतराबाड़ी दुर्ग, सर्वेश कसेर पिता/पति स्व. नरेन्द्र कसेर पता संतराबाड़ी दुर्ग, आरची कसेर पिता/पति स्व. गिरीश कसेर पता संतराबाड़ी दुर्ग, आरती कसेर पिता/पति स्व. गौरीशंकर कसेर पता संतराबाड़ी दुर्ग, विपल्व कसेर पिता/पति स्व. गौरीशंकर कसेर पता संतराबाड़ी दुर्ग, धीरज पिता/पति निर्भय सिंह हरिकृष्ण पता संतराबाड़ी दुर्ग, विनोद कसेर पिता/पति स्व. गौरीशंकर कसेर पता संतराबाड़ी दुर्ग, जयश्री कसेर पिता/पति स्व. नरेन्द्र कसेर पता संतराबाड़ी दुर्ग, श्रीमती राखी कसेर पिता/पति स्व. गिरीश कसेर पता संतराबाड़ी दुर्ग, गायत्री कसेर पिता/पति स्व. गौरीशंकर कसेर पता संतराबाड़ी दुर्ग, आकांक्षा कसेर पिता/पति स्व. नरेन्द्र कसेर पता संतराबाड़ी दुर्ग, लक्ष्मी ताम्रकार पिता/पति निर्भय सिंह हरिकृष्ण पता संतराबाड़ी दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 23.03.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.02.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-6अ/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक इन्द्रदत्त मित्तल पिता विनोदीमल मित्तल निवासी एम.आई.जी. मुकुट नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम तितुरडीह, प.ह.न. 41, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 32/81 रकबा 0.0220 है. भूमि जो कि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में भूमिस्वामी हक में दर्ज है। किन्तु वर्तमान राजस्व अभिलेख में खसरा नं. 32/81 रकबा 0.22 है. व जाति-ब्राम्हण दर्ज हो गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है, जबकि आवेदक की वास्तविक जाति अग्रवाल एवं वास्तविक खसरा नं. 32/81 रकबा 0.022 हे. होना था, परन्तु त्रुटिवश खसरा नं. 32/81 रकबा 0.22 हे. दर्ज हो चुका है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर राजस्व अभिलेख में खसरा नं. 32/81 रकबा 0.22 है. व जाति-ब्राम्हण को सुधार कर खसरा नं. 32/81 रकबा 0.022 हे. व जाति मित्तल (ब्राम्हण) दर्ज कर रिकार्ड शुद्ध किये जाने बाबत् आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों को संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 26.03.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.03.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग

कार्यालय कार्यपालन अभियंता

जल संसाधन संभाग, कोटा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

निविदा निरस्तीकरण आदेश

आदेश क्र. 1476/व.ले.लि./ कोटा, दिनांक 11.03.26

निविदा सूचना क्र. 12/व.ले.लि./2025-26 दिनांक 29.01.2026 सिस्टम नं. 184538 "बिलासपुर जिले के विकासखण्ड कोटा अंतर्गत ढोलमहुआ एनीकट निर्माण कार्य" की अनुमोदित (प्रथम आमंत्रण) राशि रू. 1150.56 लाख की निविदा को मुख्य अभियंता, हसदेव कछार, जल संसाधन विभाग, बिलासपुर (छ.ग.) के ज्ञाप. क्र. सा-1-113 का-2025 554 बिलासपुर, दिनांक 11.03.2026 (जी क्र.-252606354/10) के परिपेक्ष्य में उक्त निविदा निरस्त की जाती है।

कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग कोटा जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

जी- 252607150/8

न्यूज गैलरी

ट्रैक्टर पलटने से युवती की मौत, चार अन्य घायल

महासमुंद/नवप्रदेश। कोमाखान थाना क्षेत्र के ग्राम बोइरगांव में बुधवार सुबह ट्रैक्टर पलटने से एक युवती (22) की मौत हो गई, वहीं चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार ट्रैक्टर चालक मजदूरों को लेकर ग्राम जुनवानी खुर्द में मकान ढलाई के कार्य के लिए जा रहा था। सुबह करीब 9 बजे जैसे ही ट्रैक्टर बोइरगांव बस्ती के पास इंजन की बेरिंग टूटने से सामने का पहिया निकलकर अलग हो गया, जिससे चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और भारी-भरकम ट्रैक्टर का इंजन बीच सड़क पर पलट गया। इंजन के पलटते ही उस पर सवार ग्राम भोथा निवासी अनिता ठाकुर (22) दब गई। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने घायलों को तत्काल एम्बुलेंस के माध्यम से बागबाहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उनका इलाज शुरू किया। चिकित्सकों के अनुसार घायलों में से एक-दो की हालत नाजुक बनी हुई है। सूचना मिलते ही कोमाखान पुलिस मौके पर पहुंची । पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सामूहिक दादा गुरुदेव इकतीसा जाप का हुआ आयोजन

महासमुंद/नवप्रदेश। आचार्य भगवंत मनोज्ञ सागर महाराज के स्वप्न को यथार्थ में बदलने चादर महोत्सव का आयोजन जैसलमेर में गुरु भगवंत युग दिवाकर, राष्ट्र रत्न संत खरतरगच्छाचार्य जिनमणिप्रभ सागर महाराज साहब की निश्रा में 6, 7, 8 मार्च को मनाया गया और उन्हीं के आदेशों का पालन करते हुए पूरे विश्व में 7 मार्च को एक करोड़ लाख गुरु इकतीसा का जाप एक ही दिन हुआ। उक्त कार्यक्रम के तहत स्थानीय गांधी चौक शांतिनाथ भवन में जैन संघ के तत्वावधान में खरतरगच्छ महिला परिषद द्वारा संकट मोचन दादा गुरुदेव इकतीसा पाठ का आयोजन किया गया। निश्चित समय में लगभग 500 लोगों ने एक साथ गुरु इकतीसा का जाप प्रारंभ किया। गुरु इकतीसा जाप उपरांत खरतरगच्छ महिला परिषद ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, भारतीय जनता पार्टी के जिला के अध्यक्ष ऐतराम साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी रश्मि चंद्राकर, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल शर्मा, प्रलय थिटे आदि का तिलक ,दुपट्टा व फ्ल से सम्मान किया । उद्बोधन में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि उक्त कार्यक्रम से व्यक्ति निर्माण तथा सामूहिक एकता की झलक दिखाई देती है। बाद लकी ड्रॉ के माध्यम से उपस्थित लोगों में से कुछ विजेताओं को खरतरगचछ महिला परिषद तथा गुरुदेव भक्त मंडल ने पुरस्कृत किया।

जायसवाल निको इंडस्ट्रीज द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

धरसीवां/कूंरा/नवप्रदेश। जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा संयंत्र के आसपास के गांव में लगातार शिक्षा स्वास्थ्य एवं जागरूकता गतिविधियों का आयोजन करता है इसी कड़ी में आज कंपनी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री एस के स्वेन एवं अध्यक्ष मानव संसाधन विभाग श्री आलोक पांडे के नेतृत्व में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं स्तम्भ के अन्तर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय, निमोरा में संस्थान द्वारा 200 विद्यार्थियों का स्वस्थ्य परीक्षण किया गया, जिसके अंतर्गत ब्लड ग्रुप,हीमोग्लोबिन की मात्रा,आँख की जांच आदि,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरसिवा के सहयोग से डॉ रवि चंद्राकर एवं डॉक्टर मिलिंद श्रीवास्तवद्वारा द्वारा किया गया। इस अवसर पर माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक महोदया श्रीमती मेघ लता बंजारे, शिव पूजन सिंह, चंद्र कांत एवं , प्राथमिक विद्यालय के प्रधान पाठक राम निषाद, व अन्य शिक्षिका एवं शिक्षक गड़ ,ग्राम प्रधान श्रीमती गौरी परिधि मानव संसाधन विभाग के मो0 मोहिबुल्लाह खान,श्री आर एस गौराहा, राजेन्द्र राठौर, तथा शुभांशु नायक उपस्थित थे।

डड़सेना कलार समाज ने भगवान आदिनाथ की रथ यात्रा का किया स्वागत

भाटापारा/नवप्रदेश। भगवान आदिनाथ जयंती पर निकली रथ यात्रा का गुरूवार को जय हिन्द होटल के पास छत्तीसगढ़ डड़सेना कलार समाज भाटापारा द्वारा फूलो की वर्षा कर तथा श्रद्धालु भक्तों को शरबत पिलाकर सभी का उत्साह पूर्वक स्वागत किया । इस अवसर पर समाज के दिनेश जायसवाल, आशीष जायसवाल, सुरेश सिन्हा, कीर्तन जायसवाल, मुकेश जायसवाल, सुरेन्द्र जायसवाल, विनोद जायसवाल, भरत जयसवाल,अंजनी जयसवाल,गज्जू जाय सवाल,रूपेश सिन्हा, छन्नू जायसवाल सहित सामाजिक लोग उपस्थित थे।

कलेक्टर ने भाटापारा नगर पालिका कार्यालय का किया निरीक्षण

भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने अपने भाटापारा दौरे के दौरान गुरुवार को नगर पालिका कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने शासकीय योजनाओं का लाभ लोगों को समय पर दिलाने एवं समस्याओं का शीघ्र निराकरण के निर्देश अधिकारियो को दिये। कलेक्टर व नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने राशन कार्ड एवं पेंशन शाखा के निरीक्षण के दौरान प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति का जायजा हेतु पंजी का अवलोकन किये। उन्होंने निराकरण में विलम्ब का कारण पूछते हुए समय पर निराकरण करने के निर्देश दिये। इसीतरह प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को नियमानुसार आवास स्वीकृत करने कहा। इसके साथ ही स्वच्छता में भी बेहतर काम करने के निर्देश दिये। इसके पश्चात् रोकड़ अनुभाग, राजस्व अनुभाग,आधार पंजीयन आदि क्क्ष का निरीक्षण कर जरुरी निर्देश दिये। इस दौरान इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम श्यामा पटेल, पालिका अधिकारी सहीत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

10वीं उत्तीर्ण बालिकाओं को सिलाई एवं कम्प्यूटर प्रशिक्षण

महासमुंद/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत नाव्या प्रोजेक्ट के तहत सिलाई एवं कम्प्यूटर कोर्स में नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदाय किया जाना है। यह केन्द्र सरकार की एक पहल है जिसे कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय तथा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रारंभ किया गया है। इसका उद्देश्य 10वीं उत्तीर्ण 16 से 18 वर्ष के किशोरी बालिकाओं को विभिन्न रोजगारों में कुशल बनाना है ताकि रोजगार को बढ़ावा मिल सके। यह विकसित भारत के लक्ष्यों के अनुरूप है और आकांक्षी जिलों पर केंद्रित है। जिसके लिए सिलाई एवं कम्प्यूटर कोर्स में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए इच्छुक युवा जिला कौशल विकास प्राधिकरण जिला पंचायत महासमुंद अथवा लाइवलीहुड कॉलेज बरोंडा बाजार महासमुंद में आवेदन सहित 01 फोटो, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की फोटोकॉपी जमा कर प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं।

इसी तरह जिले में संचालित मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के

माध्यम से 18 से 45 वर्ष तक के युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार मूलक कौशल प्रशिक्षण प्रदाय किया जाना है। जिसके तहत मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन सीसीटीवी इंस्टालेशन टेक्निशियन सोलर पैनल इंस्टालेशन टेक्निशियन जनरल ड्यूटी असिस्टेंट होम हेल्थ एंड जल वितरण संचालक सेल्स पर्सन डिस्ट्रिब्यूशन आईटी टेक्निकल सपोर्ट एसोसिएट कोर्स में नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदाय किया जाना है। साथ ही साथ प्रशिक्षण उपरांत युवाओं को रोजगार से जोड़ने एवं स्वरोजगार स्थापित कराए जाने में सहायता की जाएगी। प्रशिक्षण का संचालन लाइवलीहुड कॉलेज बरोंडा बाजार महासमुंद लाइवलीहुड कॉलेज एक्सटेंशन बिरकोनी एवं आईटीआई सरायपाली में किया जाएगा। जिसके लिए संबंधित कोर्स में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए इच्छुक युवा जिला कौशल विकास प्राधिकरण जिला पंचायत महासमुंद अथवा लाइवलीहुड कॉलेज बरोंडा बाजार महासमुंद, लाइवलीहुड कॉलेज एक्सटेंसन बिरकोनी/आईटीआई सरायपाली में आवेदन सहित 01 फोटो शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की फोटोकॉपी जमा कर प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं।

कबीरधाम में होटल-रेस्टोरेंट पर खाद्य विभाग की दबिश, घरेलू गैस के दुरुपयोग पर कार्रवाई

घरेलू गैस सिलेंडर के व्यवसायिक उपयोग पर प्रशासन की सख्ती

कवर्धा/नवप्रदेश। जिला प्रशासन कबीरधाम द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर के व्यावसायिक उपयोग पर रोक लगाने के लिए सख्ती के साथ निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के निर्देश पर खाद्य विभाग की टीमों ने शहर के विभिन्न होटल और रेस्टोरेंट में निरीक्षण कर कार्रवाई की है। अभियान के दौरान चार प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करते पाए जाने पर सिलेंडर जब्त कर संबंधित संचालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 11 मार्च को निरीक्षण के दौरान गोस्वामी रेस्टोरेंट से 2, कबीरधाम टी स्टॉल से 1, दंतेश्वरी होटल से 1 तथा शिवा होटल से 1 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किया गया है। वहीं 12 मार्च को निरीक्षण के दौरान होटल तिरुपति रेस्टोरेंट एवं ढाबा से 2 सिलेंडर, एससीजी ढाबा एंड रेस्टोरेंट 1, इस्माइल कैफे से 3, इको होटल फूड से 1, गुड्डू होटल से 1, जेठालाल चाय से 1 और जय बजरंग होटल से 1 घरेलू सिलेंडर जप्त किया गया है। टीम ने इस दौरान होटल रॉयल सेलिब्रेशन, नारायणी, छप्पन भोग, डीएफसी कैफे और श्रीधर जोधपुरी रेस्टोरेंट में भी जांच की गई। किंतु यहां घरेलू सिलेंडर का उपयोग नहीं पाया गया।

अधिकारियों ने बताया कि घरेलू उपयोग के लिए उपलब्ध कराए जाने वाले एलपीजी सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग करना नियमों का उल्लंघन है, जिस पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

भारत सरकार द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं को रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इन्हीं निर्देशों के अनुरूप जिला प्रशासन कबीरधाम द्वारा लगातार निरीक्षण और कार्रवाई की जा रही है, ताकि घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग केवल घरेलू उपभोक्ताओं तक ही सीमित रहे और आम नागरिकों को गैस की उपलब्धता में किसी प्रकार की समस्या न हो।अधिकारियों ने यह भी बताया कि वर्तमान में घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देते हुए होटल और रेस्टोरेंट के लिए कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति अस्थायी रूप से रोक दी गई है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि घरेलू उपभोक्ताओं को मिलने वाली गैस की आपूर्ति प्रभावित न हो और उन्हें समय पर सिलेंडर उपलब्ध हो सके। जिला प्रशासन ने होटल एवं रेस्टोरेंट संचालकों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि वे घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों में न करें। यदि निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रतिष्ठान में घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग पाया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

भाटापारा के तरेंगा में कलेक्टर ने पेड़ के नीचे लगाई चौपाल

n **ग्रामीणों की समस्याओ के निराकरण का दिया निर्देश**

भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने गुरुवार को भाटापारा भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत तरेंगा में पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर लोगों की समस्या सुनी। उन्होंने ग्रामीणों की मांगो और शिकायत का त्वरित निराकरण के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिये।

ग्रामीणों ने मिडिल स्कूल में शिक्षकों के विलम्ब से पहुंचने और बच्चों पर नियंत्रण की कमी तथा शाला विकास समिति की बैठक व फण्ड की पारदर्शिता की समस्या बताई। इस पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को फ़ोन पर निर्देशित किया कि कल ही बीईओ और बीआरसी को स्कूल भेजकर स्कूल की व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिये। इसीतरह प्रधानमंत्री आवास, पेंशन, पहुंच मार्ग की समस्या का भी जल्द निराकरण के निर्देश दिये। इसके पश्चात् कलेक्टर ने टीटीसी लाइब्रेरी परिसर में पीपल पौधे का रोपण किया वहीं लाइब्रेरी भवन के पास मोर गांव, मोर पानी अभियान के तहत सोखता गड्ढा निर्माण में श्रमदान कर लोगों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान सरपंच की मांग पर लाइब्रेरी में अतिरिक्त क़क्ष निर्माण हेतु जनपद सीईओ को प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्राम के नवनियुक्त पुलिस आरक्षको को शुभकामनायें दी और यहां बनाये गए जिम सेंटर की भी सराहना किये। इस दौरान सी ई ओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम श्यामा पटेल सहीत अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। इसके पूर्व ग्राम तरेंगा पहुंचने पर कलेक्टर कुलदीप शर्मा का तरेंगा सरपंचत्रिवेणी धनेश साहू जनपद सदस्य खन्ना साहू ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया।

'गौ सम्मान आव्हान अभियान' के तहत श्रीमद् गौ भागवत कथा का आयोजन

धरसीवां / कूंरा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत कुकेरा (धरसीवां) में'श्रीराम गौ सेवा संगठन' एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित श्रीमद् गौ भागवत कथा के छठे दिन भक्ति और उत्साह का सैलाब उमड़ पड़ा। जगत जननी भगवती गौ माता की कृपा से संचालित 'गौ सम्मान आव्हान अभियान' के प्रचारार्थ आयोजित इस कथा में आज कंश वध और रुक्मिणी मंगल (विवाह उत्सव) का प्रसंग जीवंत हो उठा।

प्रमुख आकर्षण: रुक्मिणी विवाह और गौ महिमा

कथा वाचक श्रद्धेय सुरभि दास जी महाराज ने अपनी ओजस्वी वाणी से भगवान श्री कृष्ण द्वारा अधर्मी कंश के वध का प्रसंग सुनाया। इसके पश्चात जब रुक्मिणी मंगल (विवाह उत्सव) का प्रसंग शुरू हुआ, तो संपूर्ण पंडाल भक्तिमय भजनों और नृत्य से सराबोर हो गया। महाराज जी ने विशेष रूप से गौ माता को 'राष्ट्रमाता' के रूप में प्रतिष्ठित करने और उनकी सेवा को ही सबसे बड़ा धर्म बताया। आज के इस आध्यात्मिक समागम में कई राजनीतिक और सामाजिक विभूतियों ने शिरकत की, जिन्होंने गौ सेवा के संकल्प को दोहराया।

घरेलू गैस की सुचारू उपलब्धता और आपूर्ति के निर्देश

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में घरेलू एलपीजी गैस की सुचारू उपलब्धता और आपूर्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर विनय लंगेह ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बताया कि वर्तमान में जिले में घरेलू एलपीजी गैस की उपलब्धता सामान्य बनी हुई है।कलेक्टर लंगेह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में संचालित सभी गैस एजेंसियों और ऑयल कंपनियों के अधिकारियों की नियमित बैठक लेकर घरेलू एलपीजी गैस की उपलब्धता और दैनिक आवश्यकता की समीक्षा की जाए, ताकि उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का

सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों की दैनिक आवक और वितरण व्यवस्था पर सतत निगरानी रखी जाए। साथ ही घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग और अन्य प्रकार के दुरुपयोग को रोकने के लिए राजस्व विभाग, खाद्य विभाग और ऑयल कंपनियों के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर समय-समय पर जांच की जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि जांच के दौरान यदि घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग या किसी प्रकार का दुरुपयोग पाया जाता है तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों की उपलब्धता और आपूर्ति की स्थिति के संबंध में समय-समय पर मीडिया के माध्यम से नागरिकों को जानकारी दी जाए।

आमाकोनी सबस्टेशन की क्षमता बढ़ी 19 गांवों को मिलेगी लो वोल्टज से मुक्ति

महासमुंद/नवप्रदेश। क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों के लिए बिजली से जुड़ी समस्याओं में अब बड़ी राहत मिलने जा रही है। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आमाकोनी 33/11 केवी सबस्टेशन की क्षमता में वृद्धि की गई है। विद्युत विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में सबस्टेशन के ट्रांसफार्मर का अपग्रेडेशन किया गया, जिसके तहत इसकी क्षमता 3.15 एमवीए से बढ़ाकर 5 एमवीए कर दी गई है। ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ने से क्षेत्र के 19 गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। इन गांवों में लंबे समय से बिजली की बढ़ती मांग के कारण लो-वोल्टेज और ओवरलोडिंग की समस्या बनी हुई थी। विद्युत विभाग के अनुसार सबस्टेशन की क्षमता बढ़ने से अब क्षेत्र में होने वाली ओवरलोडिंग और लो-वोल्टेज की समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी। खासकर कृषि सीजन के दौरान किसानों को बार-बार होने वाली ट्रिपिंग की समस्या से भी राहत मिलेगी, जिससे सिंचाई कार्य सुचारू रूप से हो सकेगा।

चैंबर ऑफ कॉमर्स के होली मिलन में शामिल हुए मंत्री टंकराम

भाटापारा/नवप्रदेश। चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा दशहरा मैदान स्थित यज्ञ परिसर में हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के कैबिनेट एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में शहर के व्यापारी, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत चैंबर ऑफ कॉमर्स बलोदा बाजार के अध्यक्ष लक्ष्मी साहू एवं पदाधिकारियों द्वारा मंत्री टंकराम वर्मा का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत के साथ हुई। इसके पश्चात

उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और फूलों की होली खेलकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। पूरे दशहरा मैदान में रंग, गुलाल और उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस दौरान मंत्री टंकराम वर्मा ने नगाड़ों की ताल पर होली गीत गाकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। अपने संबोधन में मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि होली का पर्व प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और आपसी भाईचारे को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि जिले के विकास में व्यापारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है और सरकार व्यापार व उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार प्रयासरत है। चैंबर ऑफ कॉमर्स के विशेष सलाहकार अभिषेक मिकी तिवारी ने बताया कि होली मिलन समारोह का उद्देश्य व्यापारियों और नागरिकों को एक मंच पर लाकर आपसी सौहार्द एवं सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में होली गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी लोगों ने आनंद लिया। समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केसरवानी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष रवि वर्मा, कांग्रेस शहर ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण सेन, चैंबर ऑफ कॉमर्स भाटापारा के उपाध्यक्ष अमरजीत सलूजा सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

पेज 1 का शेष...

डेटा प्रोटेक्शन कानून: ..

विचार करना होगा कि क्या डेटा विदेश जा रहा है और उसे कैसे सुरक्षित रखा जा रहा है? उन्होंने कहा कि डेटा प्रोटेक्शन बोर्ड की भूमिका और डेटा प्राइवेसी के उल्लंघन पर मुआवजे के मुद्दे पर भी विचार करा चाहिए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें इन याचिकाओं पर सुनवाई करने का भरोसा दिया।

होर्मुज से मुंबई पहुंचा...

से रवाना हुआ। 8 मार्च को जहाज को होर्मुज जलडमरूमध्य में ट्रैक किया गया, जिसके बाद यह कुछ समय के लिए ट्रैकिंग सिस्टम से गायब हो गया था। रिपोर्ट के मुताबिक जहाज ने जोखिम भरे समुद्री क्षेत्र से गुजरते समय अपना ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम ट्रांसपोंडर बंद कर दिया था। यह प्रणाली जहाज की पहचान, स्थिति, गति और दिशा की जानकारी प्रसारित करती है, जिससे समुद्री यातायात को सुरक्षित रखने में मदद मिलती है।

लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष...

सदन में पिछले दो दिनों में 12 घंटे से अधिक बहस हुई, ताकि सभी सदस्यों के विचार और चिंताएं सामने आ सकें। उन्होंने कहा ÷यह सदन 140 करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करता है। यहां हर सांसद अपनी जनता की समस्याओं और अपेक्षाओं के साथ आता है। मैंने हमेशा कोशिश की कि हर सांसद नियमों के तहत अपनी बात रखे। मैं हर उस सांसद को बोलने के लिए प्रेरित करने का प्रयास करता रहा जो कम बोलते थे, क्योंकि बोलने से लोकतंत्र का संकल्प मजबूत होता है।

आईपीएस अमित कुमार फिर...

का नाम भी शामिल है।

पहले भी केंद्र में निभा चुके हैं बड़ी जिम्मेदारी

आईपीएस अमित कुमार वर्तमान में छत्तीसगढ़ के इंटेलिजेंस चीफ के पद पर पदस्थ हैं। उन्हें जनवरी 2024 में राज्य सरकार ने यह जिम्मेदारी सौंपी थी। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटने के बाद उन्हें राज्य की खुफिया व्यवस्था की कमान दी गई।

केवल इनकम के आधार...

गलत तरीके से क्रीमी लेयर की श्रेणी में डाल दिया था। अदालत ने साफ किया कि अधिकारियों ने उम्मीदवारों को आरक्षण से बाहर करने के लिए गलत पैमाना अपनाया। जस्टिस महादेवन ने फैसले में लिखा कि कोई उम्मीदवार क्रीमी लेयर में आता है या नहीं, इसका फैसला केवल आय के आधार पर नहीं हो सकता।

यह पूरा विवाद उन उम्मीदवारों से जुड़ा था जिनके माता-पिता सार्वजनिक उपक्रमों (पीएसयू), बैंकों या इसी तरह के संस्थानों में काम करते थे। सरकार ने 2004 के एक स्पष्टीकरण पत्र का सहारा लेकर उनकी सैलरी को आय में जोड़ दिया था। इस वजह से वे आरक्षण के लाभ से वंचित हो गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने 1993 के सरकारी आदेश का हवाला दिया। यह आदेश इंदिरा साहनी मामले के बाद बना था। इसमें स्पष्ट है कि क्रीमी लेयर तय करने के लिए माता-पिता का पद (जैसे ग्रुप ए या ग्रुप बी अधिकारी) मुख्य आधार है। इस नियम के तहत सैलरी और खेती से होने वाली कमाई को आय/संपत्ति टेस्ट में शामिल नहीं किया जाता।

चार दिन में गैस सिलेंडर नहीं...

उद्योग विभाग से मुलाकात करने की तैयारी कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार अधिकांश लौह उद्योगों में गैस सिलेंडर का उपयोग निर्माण कार्यों, ताप देने, वेल्डिंग और कटाई जैसी प्रक्रियाओं में किया जाता है। सिलेंडर उच्च तापमान उपलब्ध कराते हैं, जो धातु प्रसंस्करण के लिए जरूरी होता है। इसके अलावा कांच, मिट्टी के बर्तन तथा रबर से जुड़े उद्योगों में भी गैस सिलेंडर की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में आपूर्ति ठप रहने से उत्पादन प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है।

प्रदेश में व्हाट्सएप और...

सकता है। इस बीच खाली सिलेंडर जमा नहीं होने के कारण रिफिलिंग व्यवस्था पर भी असर पड़ने लगा है। रायपुर और कोरबा स्थित बॉटलिंग प्लांट तक पर्याप्त खाली सिलेंडर नहीं पहुंच पा रहे हैं। आमतौर पर एजेंसियां नया सिलेंडर देने के बाद खाली सिलेंडर प्लांट तक पहुंचाती हैं, जहां उसे दोबारा भरकर उपयोग में लाया जाता है। लेकिन कॉमर्शियल सिलेंडर की बुकिंग बंद होने से यह प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। जानकारी के मुताबिक अकेले रायपुर में इंडेन गैस के 14 और जिले में कुल 33 डीलर कार्यरत हैं। शहर में कॉमर्शियल और घरेलू मिलाकर करीब 10 लाख गैस कनेक्शन हैं।

शतरंज एक खेल नहीं, बल्कि रणनीति, धैर्य और निर्णय क्षमता का उत्कृष्ट संगम: बिरंची दास

■ **एसईसीएल में कोल इंडिया अंतर-कंपनी शतरंज प्रतियोगिता 2025-26 शुरु**

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज 12 मार्च को एसईसीएल वसंत विहार टाउनशिप स्थित वसंत क्लब में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) की मेजबानी में कोल इंडिया अंतर-कंपनी शतरंज प्रतियोगिता 2025-26 का भव्य शुभारंभ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एसईसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास उपस्थित रहे। 12 से 14 मार्च तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में कोल इंडिया की सभी आठ अनुषंगी कंपनियों के साथ-साथ सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड के प्रतिभागी भी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर एसईसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास ने सभी खिलाड़ियों एवं उपस्थितजनों को खेल भावना की शपथ दिलाई। खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शतरंज केवल एक खेल नहीं है, बल्कि यह रणनीति, धैर्य, योजना और निर्णय क्षमता का उत्कृष्ट संगम है। 64 खानों वाले शतरंज पट पर हर निर्णय सोच-समझकर लेना होता है। यही गुण हमें अपने व्यावसायिक जीवन और दैनिक कार्यों में भी बेहतर बनने के लिए प्रेरित करते हैं।

अतिथियों ने प्रतिभागियों को दी शुभकामनाएं

इस अवसर पर श्रमसंघ प्रतिनिधियों में एसईसीएल कल्याण मंडल के सम्मानित सदस्य बजरंगी शाही, मुख्यालय के विभिन्न विभागाध्यक्षगण, एसईसीएल मुख्यालय कल्याण मंडल समिति, संयुक्त परामर्श समिति के सदस्य, क्षेत्रीय कल्याण समिति के सदस्य, विभिन्न परिषदों एवं संघों के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी

उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा विभिन्न टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दी गईं। कार्यक्रम के आरंभ में एक सुंदर स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ के पारंपरिक कर्मा नृत्य तथा ओडिसी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम में स्वागत भाषण जी. श्यामला राव, महाप्रबंधक (कल्याण) द्वारा प्रस्तुत किया गया। मंच संचालन शेख जाकिर हुसैन, मुख्य प्रबंधक (पर्यावरण) द्वारा किया गया तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन विवेक कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (कल्याण) द्वारा प्रस्तुत किया गया।

न्यूज गैलरी

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भर्ती, आवेदन 27 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। एकीकृत बाल विकास परियोजना मस्तुरी अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र मल्हार 1, वार्ड क्र 5 खईयापारा में कार्यकर्ता के 1 रिक्त पद पर 27 मार्च तक ऑनलाईन आवेदन किये जा सकते है। ई-भर्ती ऑनलाईन लिंक estb@jskbmbilaspur.bank.in में जाकर अनिवार्य दस्तावेजों की फाइल अपलोड करते हुए आवेदन कर सकते है। आवेदन ऑफलाईन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। नियत समय के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा।

महिला दिवस पर महिलाओं का सम्मान

बिलासपुर/नवप्रदेश। महिला दिवस एवं होली मिलन का कार्यक्रम स्वयं सिद्धा फाउंडेशन के तत्वाधान में निजी होटल भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला अधिकारी, उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर सीएचएमओ सुधा गढ़वाल, सीएमडी कॉलेज की अध्यक्ष श्रद्धा संजय दुबे, रितु शैलेश पांडे, स्मृति तिलक श्रीवास, आशा अग्रवाल, योगिता आनंद श्रीवास, डॉ रश्मि शर्मा , विशेष रूप से उपस्थित रहीं। अतिथि श्रद्धा संजय दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं ने समाज में लंबा सफर तय किया है।

अपोलो हॉस्पिटल्स बिलासपुर में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

वर्ल्ड किडनी डे: देश में हर दस में से एक भारतीय किडनी की बीमारी से पीड़ित

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज 'वर्ल्ड किडनी डे 2026' के अवसर पर अपोलो हॉस्पिटल्स बिलासपुर द्वारा विशाल जागरुकता कार्यक्रम आयोजन विभिन्न समाजों एवम् के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। अपोलो के वरिष्ठ किडनी रोग विशेष डॉ. जिग्नेश पंड्या एवम् डॉ. विनय कुमार बताया की किडनी शरीर का बेहद ही महत्वपूर्ण अंग है. ये शरीर से टॉक्सिन पदार्थों, यूरिया, क्रिएटिनिन को बाहर निकाल कर रक्त को साफ करती है। आपको पेट, कमर के आसपास दर्द हो, पेशाब में जलन या कोई अन्य समस्या नजर आए तो किडनी संबंधित कोई समस्या हो सकती है।

डॉ. जिग्नेश पंड्या बताया की आज यानी 12 मार्च को वर्ल्ड किडनी डे सेलिब्रेट किया जाता है। हर साल एक खास थीम रखी जाती है और लोगों को किडनी जैसे महत्वपूर्ण अंग को प्रभावित करने वाले कारकों, बीमारियों और इसे हेल्दी रखने के बारे में जागरूक किया जाता है। वर्ष 2026 में वर्ल्ड किडनी डे की थीम 'किडनी हेल्थ फॉर ऑल: केयरिंग फॉर पीपल, प्रोटेक्टिंग द प्लैनेट' रखी गई है. किडनी (गुर्दा) शरीर का बेहद ही महत्वपूर्ण अंग है, जो कई जरूरी कार्य करता है. किडनी खून से टॉक्सिन पदार्थों, यूरिया, क्रिएटिनिन को बाहर निकाल कर रक्त को साफ बनाए रखती है. शरीर से एक्स्ट्रा पानी को पेशाब के रूप में बाहर निकालने का काम करती है। शरीर में पोटैशियम, सोडियम के बैलेंस को बनाए रखती है। शरीर में यूरिया लेवल बढ़ना किडनी के लिए सही नहीं है।

इन सभी कार्यों को करने में यदि किडनी असमर्थ होती है, तो समझ लें आपकी किडनी बीमार हो गई है। ऐसे में बेहद जरूरी है किडनी को हेल्दी रखना। इसके लिए आपको अपनी डेली हैबिट्स, खानपान में बदलाव करना होगा. हेल्दी लाइफस्टाइल और ईटिंग हैबिट्स को अपनाकर आप किडनी को हेल्दी रख सकते हैं। इस अवसर पर क्षेत्रीय राठौर समाज की अध्यक्ष षष्ठी राठौर, पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष विनोद मेंगनी, क्रेडाई के अध्यक्ष सुशील पटेरिया, सिंधु चेतना युवा अध्यक्ष रॉबिन वाधवानी, हैंड्स ग्रुप अभिषेक विधानी एवं अन्य सदस्य बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे। इस अवसर पर क्विज कंप्टीशन का भी आयोजन किया गया एवं इस माध्यम से कार्यक्रम को रूचिपूर्ण बनाया गया।

किडनी को हेल्दी रखने के टिप्स

कुछ लोग दिन भर में आधा लीटर भी पानी नहीं पीते हैं। ऐसा करना किडनी के लिए सही नहीं है. आप दिन में कम से कम 3 लीटर पानी जरूर पिएं ताकि किडनी शरीर से टॉक्सिक पदार्थों को बाहर निकाल सके। यदि आपका ब्लड प्रेशर लेवल हाई रहता है तो डाइट में नमक की मात्रा का कम कर दें। उच्च रक्तचाप होने से भी किडनी के कार्यों पर नेगेटिव असर पड़ सकता है. आप बाहर की चीजें जैसे प्रॉसेस्ड फूड, फास्ट फूड, तली-भुनी, ऑयली चीजें, अधिक नमकीन स्नैक्स का सेवन सीमित मात्रा में ही करें। डायबिटीज होने पर भी किडनी पर नेगेटिव असर पड़ता है। यदि आपको डायबिटीज की बीमारी है और ब्लड शुगर लेवल हाई रहता है तो इससे किडनी के खराब होने की संभावना बढ़ सकती है। ऐसे में रेगुलर ब्लड शुगर लेवल चेक करते रहें. उन चीजों का सेवन करें, जो डायबिटीज में खा सकते हैं। डॉ विनय कुमार ने बताया की किडनी के साथ ही संपूर्ण सेहत को अच्छा बनाए रखना चाहते हैं तो रेगुलर कम से कम 30 मिनट तक एक्सरसाइज जरूर करें। आप टहलने जाएं. घर पर 30 मिनट तक योग करें. साइकिलिंग करके भी ओवरऑल हेल्थ को सही रख सकते हैं। इससे वेट तो कंट्रोल में रहेगा ही ब्लड प्रेशर भी नॉर्मल रहेगा, जिससे किडनी हेल्दी रहेगी।

शराब पीकर स्कूल आने वाले दो शराबी शिक्षक निलंबित

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ बिलासपुर जिले के मस्तूरी बीईओ कार्यालय अंतर्गत आने वाले दो शराबी सहायक शिक्षकों को डीईओ ने निलंबित कर दिया है। दोनों शिक्षकों पर आरोप है, शराब के नशे में स्कूल आते हैं और बच्चों की पढ़ाई को लेकर ध्यान नहीं देते हैं। शराबी शिक्षकों के बारे में ग्रामीणों ने शिकायत की थी। शिकायत के बाद डीईओ ने जांच कराई। जांच में शिकायत की पुष्टि होने के बाद यह कार्रवाई की है। पहला मामला ग्राम पंचायत जुनवानी स्थित शासकीय प्राथमिक शाला का है। यहां 6 मार्च को ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि स्कूल के निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने स्कूल में पदस्थ सहायक शिक्षक संदीप रात्रे शराब के नशे में मिले। बीईओ की जांच में भी शिकायत सही मिली। दूसरा मामला मस्तूरी ब्लॉक के पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला कुकुर्दीकला का है।

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) GSTN-22AADCC5773E1ZX CIN-U40108CT2003SGC015820
OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (LINE)
Block-4, Near CSPTCL Dispensary, Dagania, Raipur (C.G.) Website: www.cspc.co.in
E-Mail- ce.eht@cspc.co.in Phone no. 0771 – 2574221, 2574028 Fax No.2574222

ED/Line/Works/EE-I/TR-1150,1153 & 1154/2923 Raipur, Date:11.03.2026

NOTICE INVITING TENDER (Through E-bidding module of SAP-SRM)

Online bids are invited for following EHV work on labour contract basis as detailed here under:

TR No	Name of work	EMD (Rs)	Cost of tender form (Rs) (Incl. GST)	Date of opening
TR-1150 **RFX No. 8100050082**	Completion of remaining work for construction of 132 KV DCDS Bhanupratappur – Rowghat line from location No. AP/55 A to proposed 132/33 KV Substation Rawgaht (RL-1.0 KM approx.)	30,700/-	5,000/-	08.04.2026
TR-1153 **RFX No. 8100050083**	Replacement of earth wire of 132 KV DCDS Dongargarh – Paniyajob Railway Traction line (RL-15.21 KM approx) when line is charged	6,100/-	2,000/-	09.04.2026
TR-1154 **RFX No. 8100050084**	Shifting of existing tower location No. 08 (D + 0) of 132 KV Kanwargaon Railway Traction Feeder under Jurisdiction of EHT: Maintenance Dn., Jagdalpur	5800/-	2,000/-	24.03.2026

For all other details of NIT and terms & conditions, please visit our web site: https://cspc.co.in/csptcl_tendernotices (OR) https://www.cspc.co.in> ebidding > ebidding web portal (OR) https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal

-sd-
EXECUTIVE DIRECTOR (LINE)
CSPTCL, Raipur

SAVE ELECTRICITY S- 47174/3

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता विक्रम सिंह भारती (VIKRAM SINGH BHARTI) उम्र 54 वर्ष पिता लुरू राम भारती पता- वार्ड नं.55, पुलगांव-दुर्ग स्कूल पारा, तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. का रहने वाला हूं, जो कि निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन प्रस्तुत करता हूं कि यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरे पुत्र लिलेश कुमार भारती का आधार कार्ड पंजीयन हुआ है जिसका पंजीयन कमांक 8856 3548 9065 है जिसमें मेरे पुत्र का नाम लिलेश भारती (LILESH BHARTI) दर्ज है जो त्रुटिपूर्ण है । यह कि मेरे पुत्र के समस्त नाम लिलेश कुमार भारती शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में एवं जन्म प्रमाण पत्र में मेरा पुत्र का (LILESH KUMAR BHARTI) दर्ज है जो कि सही व सत्य है। यह कि लिलेश भारती एवं लिलेश कुमार भारती ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति का नाम है जो कि मेरा पुत्र का नाम है। यह कि मेरा पुत्र के आधार कार्ड में उनका नाम लिलेश कुमार भारती दर्ज किये जाने के संबंध में गजट में प्रकाशन कराने के समर्थन में श्रीमान् सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
विक्रम सिंह भारती
पिता लुरू राम भारती
पता वार्ड नं.55, पुलगांव दुर्ग स्कूल पारा तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202602101200026
/अ-6अ/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बिशंभर साहू आ. धरमू साहू निवासी ग्राम चंदखुरी तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम भनपुरी प.ह.न. 36 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 88/2 रकबा 0.31 हे. भूमि विसम्भर, विक्रम, पुनीतराम, शंभू, घनश्याम, पिसराम निरंजन लाल एवं इन्द्रोतीन बाई बेवा निरंजन लाल के नाम पर संयुक्त नाम पर राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। आवेदक एवं उनके भाईयों के आधार कार्ड में पिता जी का नाम धरमू साहू दर्ज है एवं इन्द्रोतीन बाई पति धरमू राम दर्ज है। आवेदक के द्वारा राजस्व अभिलेख में विसम्भर, विक्रम, पुनीतराम, शंभू, घनश्याम, पिसराम निरंजन लाल एवं इन्द्रोतीन बाई बेवा निरंजन लाल के स्थान पर धरमू राम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19.03.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.02.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202602101200055
/अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमर सिंह आ. सुकालु निवासी ग्राम चंदखुरी तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम चंदखुरी तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1560, 1561 रकबा कुल 0.068 हे. भूमि जो कि केजा बाई पिता सुकालु के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी के मृत्यु 20.06.2021 को हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19.03.2026 तक स्वयं अथवा अपने के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.02.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

दिल की बीमारी से जूझ रही पीहू का 'प्रोजेक्ट धड़कन' से सफल इलाज

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जिला प्रशासन रायपुर की पहल 'प्रोजेक्ट धड़कन' के तहत बिलासपुर की पीहू को नया जीवन मिला है। 'प्रोजेक्ट धड़कन' के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य सेवाओं से बिलासपुर के ग्राम भोजपुरी में रहने वाली 11 वर्षीय पीहू कारके की हृदय संबंधी समस्या का इलाज किया गया। पीहू लंबे समय से हृदय संबंधी स्वास्थ्य समस्या से जूझ रही थी। पीहू अब सफल उपचार के बाद पूरी तरह स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जी रही है।

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/महाप्र/कुस/क्षेत्र/भू.रा./2026/1849 दिनांक 23.02.2026

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा ग्राम बरपाली की भूमि का अर्जन एमपीएलआरसी 1959 के तहत अवार्ड दिनांक 08.11.1988 को किया गया है, जिसमें से 01 भूस्वामी/आश्रित द्वारा रोजगार हेतु नामांकन पत्र जमा किया गया है, जिसका विवरण अधो लिखित तालिकानुसार है:-

क्र.	पत्रक -13 अनुसार भूस्वामी का नाम/पिता का नाम	खाता नंबर पत्रक 13 के अनुसार	खसरा नम्बर	कुल रकबा (एकड में)	उम्मीद्वार का नाम (नामांकित व्यक्ति का नाम) एवं खातेदार से संबंध	भूस्वामियों/नामित उम्मीद्वार द्वारा जमा किए गए पत्रों में भूस्वामी/उम्मीद्वार का नाम			टिप्पणी
						विभिन्न दस्तावेज	विभिन्न दस्तावेज के आधार पर खातेदार का नाम	विभिन्न दस्तावेज के आधार पर उम्मीद्वार का नाम	
1	दुकालू, सुकालू सुकुल पिता ढुनमुन	(142) अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महोदय कटघोरा के पत्र क्र. 1065 दिनांक 13.02. 2024 द्वारा संसोधित खाता क्र.- 49/148	470/1	0.54	राजकुमार यादव पिता मिलापराम	पत्रक 13	दुकालू, सुकालू सुकुल पिता ढुनमुन	-	खातेदार एवं उम्मीद्वार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों/दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है।
						नामांकन	मिलापराम पिता स्व. सुकालू	राजकुमार पिता मिलापराम	
						सत्यापन	मिलापराम पिता दुकालु (फौत) पश्चात वारिसान हारबाई पुत्री दुकालू जीवराखन पिता सुकालू (फौत) दिलराखन पिता सुकालु, दिलकुंवर पुत्री सुकालू, बरपलहिन बेवा सुकालू (फौत) सुकुलराम पिता दुनमुन (फौत) राधाकृष्ण यादव पिता सुकुलराम (फौत) पवन कुमार यादव पिता स्व. राधाकृष्ण यादव, राजकुमार यादव पिता मिलापराम, सीमा यादव पिता मिलापराम, सपना यादव पिता मिलापराम।	राजकुमार पिता मिलापराम	
						पी-2 वर्ष 1983-84 से 1986-86)	दुकालू, सुकालू सुकुल पिता ढुनमुन	-	
						बी-1 वर्ष (1987-88) एवं वर्ष 1985-86)	दुकालू, सुकालू सुकुल पिता ढुनमुन	-	
						पत्रक 22	दुकालू, सुकालू सुकुल पिता ढुनमुन/ मिलापराम, हारबाई पी. दुकालू जीवराखन दिलराखन, दिलकुंवर पिता सुकालू बरपलहीन बे. सुकालू	-	
						ऋण पुस्तिका	मिलापराम पिता सुकालू	-	
						वंशवृक्ष	स्व.दुकालूराम पिता स्व. ढुनमुन सुकालूराम पिता स्व. ढुनमुन सुकुलराम पिता स्व. ढुनमुन	राजकुमार यादव पिता स्व. मिलापराम यादव	
						शैक्षणिक दस्तावेज	-	राजकुमार यादव पिता मिलापराम यादव	
						निवास प्रमाण पत्र	-	राजकुमार यादव पिता मिलापराम यादव	
						रोजगार पंजी	-	राजकुमार यादव पिता मिलापराम यादव	
						जाति प्रमाण पत्र	-	राजकुमार यादव पिता मिलापराम यादव	
						आधार कार्ड एवं मतदाता परिचय पत्र	राधा कृष्णा पिता सुकुलराम, दिलकुंवर पिता सुकालू दिलराखन यादव पिता सुकालू राम, सीमा यादव, पति दयाराम, सपना यादव पिता मिलापराम	राजकुमार यादव पिता मिलापराम यादव	

उक्त भूस्वामी/नामांकित व्यक्ति (उम्मीद्वार) के रोजगार या उनके नाम के संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की यदि आपत्ति हो तो वे प्रकाशन दिवस से 7 दिनों के अंदर अपना दावा आपत्ति महाप्रबंधक, कार्यालय एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र में प्रस्तुत कर सकते है, दिये गये समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

स्टाफ अधिकारी (भू.राजस्व)
एसईसीएल, कुसमुण्डा क्षेत्र

SECL/25-26/340

NAME CHANGE

Main shabjahan begam JC-573936N Rank Nayab Subedar, Name Nausad Ahmed ki mata hun, Jo ki vartman mein 13 Mahar (Thanpir) Battalion, Marfat 56 APO, Pin 911513 mein sevarat hai. I Mera sthayi pata 6/A, Street -51 Sector-6 Civic Centre, Bhilai Nagar, Zila Durg (Chhattisgarh) hi. Mere putra ke seva dastavejon mein main mera naam shajhan begum(purana) se Shahjahan Begam(naya) aur janam tithi 06 Mar 1957(Purani) se 01 Jan 1959(Nayi) kar di jaye

shabjahan begam
Mera sthayi pata 6/A, Street -51 Sector-6 Civic Centre, Bhilai Nagar, Zila Durg (Chhattisgarh)

NAME CHANGE

It is Informed to the general public that, I CHANCHAL KANKARIYA W/o SHRI NITIN KANKARIYA Resident of H.No 131, Ward. No.33. Near Hanuman Mandir Kankariya Sadan Durg, 'Distt.Durg (C.G.) 491001 have changed my old name CHANCHAL JAIN in the all Documents. So in future I sould be recognized by my new name in the Documents that is CHANCHAL KANKARIYA in all Government & other documents.

CHANCHAL KANKARIYA
W/o SHRI NITIN KANKARIYA
Resident of H.No 131, Ward.No.33. Near Hanuman Mandir Kankariya Sadan Durg, Distt. Durg (C.G.) 491001

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202603100400036
/अ-02/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्री अभिनव अग्रवाल आ. श्री विपिन कुमार अग्रवाल निवासी म.नं. 231 ग्राम करमदा बलौदाबाजार द्वारा नीचे वर्णित अनुसूची में उल्लेखित ग्राम, खसरा, रकबा भूमि के दर्शित प्रयोजन अनुसार छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटलनगर के द्वारा जारी अधीसूचना दिनांक 22.12.2025 के अनुसार छत्तीसगढ़ भू- राजस्व संहिता (व्यपवर्तित भूमि के लिए भू-राजस्व का निर्धारण तथा पुनर्निर्धारण) नियम 2025 में दिये गये निर्धारित प्ररूप-एक में भूमिस्वामी द्वारा भूमि उपयोग के व्यपवर्तन तथा स्वनिर्धारण की सूचना व घोषणा पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 यथासंशोधित 2022 की धारा 59/172 के तहत् इस न्यायालय में अन्य दस्तावेजों सहित प्रस्तुत किया गया है :-

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	आवेदि.भू. खसरा नं.	रकबा हे. वर्गमीटर	प्रयोजन
ग्राम अंजोरा प.ह.न.24 तह. व जिला दुर्ग	672/86	0.020	आवासीय

अतएव उपरोक्त उपर वर्णित भूमि के व्यपर्वतन / पुर्ननिर्धरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा जारी होने की तिथि से 07 दिवस के भीतर लिखित आपत्ति अथवा दावा स्वयं अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति/अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि में दावा आपत्ति के पश्चात् दावा आपत्ति प्राप्त होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया ।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.//अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामकुमार देशमुख पिता भरतलाल निवासी ग्राम थनौद तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है कि उनके पिता के नाम पर ग्राम थनौद प.ह.न. 28 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 278 रकबा 0.67 हे. भूमि एकल खाता/खामिल खाता में दर्ज है। खातेदार/सहखातेदार भरतलाल देशमुख की मृत्यु होने से उनका नाम विलोपित कर वारिसान हक में मृतक खातेदार के विधिक वारिसानों का नाम दर्ज करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 07.04.2026 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति/आक्षेप पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12.03.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

निष्पक्षता, संवेदनशीलता और संविधान के मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुए इन जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगे

प्रशिक्षु न्यायाधीश लोकतंत्र के तीसरे स्तंभ के रूप में निभाएंगे महत्वपूर्ण भूमिका : मुख्यमंत्री साय

■ छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी के प्रशिक्षु न्यायाधीशों ने मुख्यमंत्री से की सौजन्य मुलाकात

अधिकारों की रक्षा को मजबूत देने में न्यायपालिका की अहम भूमिका : साय

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि न्यायपालिका आमजन के अधिकारों की रक्षा और न्याय व्यवस्था में जनता के विश्वास को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाती है।

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज विधानसभा स्थित उनके कार्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी, बिलासपुर के प्रशिक्षु न्यायाधीशों ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय ने सभी प्रशिक्षु न्यायाधीशों को न्यायिक सेवा में चयन के लिए बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि न्यायपालिका लोकतंत्र का महत्वपूर्ण और सशक्त स्तंभ है। आने वाले समय में आप सभी के कंधों पर समाज और न्याय व्यवस्था से जुड़ी बड़ी जिम्मेदारियां होंगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आप सभी निष्पक्षता, संवेदनशीलता और संविधान के मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुए इन जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर विधि विभाग के प्रमुख सचिव श्रीमती सुषमा सावंत, छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी की संचालक निधि शर्मा तिवारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

बकाया बिजली बिल भुगतान पर मिलेगी भारी छूट

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज गुरुवार को रायपुर स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ सरकार बिजली बिल भुगतान पर भारी छूट दी है। योजना के तहत 29 लाख उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। लगभग 75% तक बिजली बिल माफकिया जाएगा। मामले में बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कोरोना काल के समय आर्थिक स्थिति खराब होने की वजह से बहुत से लोग बिजली बिल नहीं भर पाए थे। जिस वजह से उनका बिजली बिल धीरे-धीरे करके बढ़ते चल गया। सरकार ऐसे लोगों को राहत देने के लिए मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना के तहत उन्हें छूट देगी। यदि उपभोक्ता की बिजली बिल राशि अधिक है और उसे वह भुगतान नहीं कर पता है तो उसे किस्तों में भी पटाने की सुविधा दी जाएगी। इस योजना का लाभ 29 जून 2026 तक दिया जाएगा।

बिजली बिलः उपभोक्ताओं को विभागीय वेबसाइट पर करना होगा पंजीयन

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल अपना महिला दिवस भव्य पैमाने पर शनिवार, 14 मार्च को शाम 3:30 बजे से आयोजित कर रहा है। चौबे कॉलोनी, रोहिणीपुरम, सुंदर नगर और डंगनिया महिला केंद्रों की ओर से संत ज्ञानेश्वर सभागृह में आयोजित इस कार्यक्रम में संजीवनी और वीवाय अस्पतालों के 20 नर्सों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पद्मश्री फुलबासन बाई यादव होंगी। चौबे कॉलोनी केंद्र की संयोजिका अक्षता पंडित, रोहिणीपुर की साधना बरिष्ट, डंगनिया की अनुभा जाऊलकर, सुंदर नगर केंद्र की संयोजिका स्मिता टेंबे ने बताया कि देश की प्रेरणास्पद महिला व्यक्तित्व को नाटिका के रूप में चौबे कॉलोनी महिला केंद्र प्रस्तुत करेगा। डंगनिया व रोहिणीपुरम केंद्र की ओर से महिला दिवस पर नृत्य पेश किए जाएंगे। महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले के अनुसार महिला दिवस का आकर्षण तात्कालिक भाषण स्पर्धा होगी। इस स्पर्धा में सभी 17 महिला केंद्रों से एक- एक प्रतिस्पर्धी को शामिल किया जाएगा। स्पर्धा में वक्ताओं को अपने- अपने विषय पर बोलने के लिए दो मिनट दिया जाएगा। उपाध्यक्ष गीता दलाल ने अधिक से अधिक महिला सभासदों से कार्यक्रम में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

मंत्री राजवाड़े के विभागों के लिए 11763 करोड़ की अनुदान मांगें पारित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के विभागों के लिए 11 हजार 762 करोड़ 53 लाख रूपए की अनुदान मांगें पारित कर दी गई है। इनमें महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए 10,162 करोड़ 53 लाख रूपए तथा समाज कल्याण विभाग के लिए 1600 करोड़ रूपए से अधिक का बजट प्रावधान किया गया है। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने सदन में चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि राज्य सरकार मातृशक्ति के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए अनेक योजनाओं का प्रभावी संचालन कर रही है। श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि महतारी वंदन योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में से एक है। यह योजना राज्य की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहल साबित हुई है। इसके तहत प्रदेश की लगभग 70 लाख महिलाओं को लाभान्वित किया जा रहा है। अब तक 25 किश्तों में 14 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रदान की जा चुकी है। इससे महिलाओं के जीवन में आर्थिक मजबूती के साथ आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा मिला है और उनके जीवन में स्वावलंबन लाने का काम किया है।

लकड़ी के अवैध परिवहन पर कार्रवाई, पिकअप वाहन जप्त

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के प्रबंध संचालक के निर्देशानुसार वन क्षेत्रों में वनों की अवैध कटाई, अतिक्रमण और अवैध उत्खनन को रोकने के लिए सभी परियोजना मंडलों में नियमित गश्त की जा रही है। इसी क्रम में कोटा परियोजना मंडल, बिलासपुर की टीम ने गश्ती के दौरान अवैध लकड़ी परिवहन पर कार्रवाई की। परिक्षेत्र भैंसाझार के कक्ष क्रमांक पी-1604 में पलाश प्रजाति की 02 नग जलाऊ चट्टा लकड़ी को महिंद्रा पिकअप वाहन से अवैध रूप से ले जाया जा रहा था। वन विभाग की टीम ने वाहन को पकड़कर पिकअप वाहन क्रमांक सीजी-05 एबी- 8843 को जप्त कर लिया। इस मामले में आरोपी अमृत लाल धीवर, पिता नरोत्तम प्रसाद धीवर, निवासी गिरजाबंध, नवागांव, तहसील रतनपुर, जिला बिलासपुर (छत्तीसगढ़) के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 41(2)(ख) और 52 के तहत प्रकरण क्रमांक 80/3991, दिनांक 10 मार्च 2026 दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई क्षेत्रीय महाप्रबंधक अभिषेक सिंह और मंडल प्रबंधक सत्यदेव शर्मा के मार्गदर्शन में परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी वैभव साहू के नेतृत्व में की गई।

छत्तीसगढ़ के होटलों-उद्योगों में कमर्शियल एलपीजी सप्लाई बंद

■ अस्पताल-स्कूलों में जारी रहेगी, अफसर बोले- घरेलू गैस का पर्याप्त स्टॉक

एलपीजी बॉटलिंग प्लांटों में पर्याप्त गैस स्टॉक मौजूद

बैठक में यह भी बताया गया कि कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर केवल अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थाओं को ही उपलब्ध कराए जा रहे हैं। खाद्य सचिव ने कहा कि परीक्षाओं के समय स्कूल और छात्रावासों को गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जरूरतमंद होटलों आदि को 15% तक कमर्शियल सप्लाई दी जा सकती है।

कालाबाजारी रोकने टोल-फ्री नंबर जारी

रीना कंगाले ने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि एलपीजी गैस और डीजल-पेट्रोल की कोई कमी नहीं है। लोग गैस एजेंसी के जरिए सिलेंडर समय पर ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर किसी को आपूर्ति में परेशानी या शिकायत हो, तो टोल फ्री नंबर 1800-233-3663 पर कॉल कर सकते हैं।

रायपुर/नवप्रदेश। इजरायल-अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते युद्ध जैसे हालातों से बनी अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के बीच छत्तीसगढ़ में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति सीमित कर दी गई है। इसका असर मुख्य रूप से होटल और रेस्टोरेंट कारोबार पर पड़ रहा है। हालांकि राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि आम उपभोक्ताओं के लिए घरेलू गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और कहीं भी कमी की स्थिति नहीं है। प्रशासन ने कालाबाजारी और दुरुपयोग को रोकने के लिए सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं। साथ ही किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए टोल-फ्री नंबर भी जारी किया गया है। राज्य में घरेलू एलपीजी गैस और डीजल-पेट्रोल की उपलब्धता की समीक्षा के लिए मंत्रालय महानदी भवन में खाद्य, नागरिक आपूर्ति-उपभोक्ता संरक्षण विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने ऑयल कंपनियों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में संचालित सभी 5 एलपीजी बॉटलिंग प्लांटों में घरेलू गैस का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और इसकी आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है। अधिकारियों को गैस की दैनिक आपूर्ति और वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। मीटिंग में खाद्य सचिव ने कहा कि रोजाना आपूर्ति सुचारू बनी रहे और किसी भी उपभोक्ता को गैस या ईंधन की कमी का सामना न करना पड़े। आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों के लिए टोल-फ्री नंबर 1800-233-3663 भी जारी किया गया है। जिलों में एलपीजी गैस के दुरुपयोग और अवैध रिफिलिंग पर रोक लगाने के लिए भी अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं।

नारी-शक्ति, सृजन एवं संस्कार की आधारशिला : पाण्डेय

रायपुर/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम 2026 के मौके पर राजधानी के प्रगति महाविद्यालय, रायपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमती शताब्दी पाण्डेय पूर्व अध्यक्ष बाल अधिकार संरक्षण आयोग छ.ग. एवं प्रवक्ता उपस्थित थी। सर्वप्रथम सरस्वती पूजा एवं दीप प्रज्वलन कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। श्रीमती शताब्दी पाण्डेय जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अपनी बात की शुरूआत महिला सशक्तिकरण से कि जिसमें उन्होंने महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु अपने अन्दर बहुत सारे अच्छे गुणों का विकास होना चाहिए जैसे समानता, आत्मनिर्भरता, सामजस्यता, ईमानदारी, आत्मविश्वास कर्तव्यनिष्ठता गुण आदि। उन्होंने आगे यह बताया कि महिलाएं स्वर्णिम भारत की आधारशिला एक ओजस्वी, तेजस्वी गुणो से परिपूर्ण होती है। समाज में बेटियां, नारी को आगे बढ़ने के लिए योगदान देने पर बल दिया। तत्पश्चात् प्राचार्य डॉ. सौम्या नैय्यर ने कहा कि नारी प्रेम, त्याग, सहनशीलता कि मूरत होती है, वह परिवार का केन्द्र बिन्दु होती है। इसलिए उनकी सोच बहुत मजबूत होनी चाहिए तभी उनका परिवार भी सशक्त बनता है। महिलाओं को अपने अस्तित्व एवं लक्ष्य निर्धारण पर फोकस कर उसे निरंतर प्राप्त करते रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन मिस चिनमयी दास एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. गुंजन शर्मा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सौम्या नैय्यर, शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. के.एन.गजपाल, एडमिनिस्टेटर मिस ज्योति ठाकुर एवं समस्त प्राध्यापकगण, शिक्षा विभाग के विद्यार्थी उपस्थित थे।

सेंट्रिंग प्लेट के व्यवसाय से बढ़ा महिलाओं में आत्मविश्वास सुधार रही आर्थिक स्थिति

■ 'बिहान' से सशक्त हो रहीं धमतरी जिले की ग्रामीण महिलाएं

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम बनता जा रहा है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश की महिलाएं स्वसहायता समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भरता की नई मिसाल कायम कर रही हैं। «बिहान» का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को संगठित कर उन्हें स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है, ताकि वे आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनकर आत्मसम्मान के साथ जीवन यापन कर सकें। धमतरी जिले में बिहान योजना के अंतर्गत 58 महिला सदस्यों को सेंट्रिंग प्लेट निर्माण एवं किराये के व्यवसाय के लिए ऋण उपलब्ध कराया गया है। इनमें धमतरी विकासखंड की 27, कुरूद की 15, मगरलोड की 7 तथा नगरी विकासखंड की 9 महिलाएं शामिल हैं। इन समूहों को प्रकरण तैयार कर आरएफ मद से 15 हजार रुपये, सीआईएफ से 60 हजार रुपये तथा बैंक ऋण के रूप में 3 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई। प्राप्त राशि से महिलाओं के समूहों ने 59 हजार 300 वर्गफीट सेंट्रिंग प्लेट की खरीदी की है। इन प्लेटों को महिलाएं प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) सहित अन्य शासकीय निर्माण कार्यों और स्थानीय बाजार में 20 से 25 रुपये प्रति वर्गफीट के किराये पर उपलब्ध करा रही हैं। इससे उन्हें नियमित रूप से अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है।

14 मार्च को प्रदेशभर में लगेगी लोक अदालत

■ 6 हजार ई-चालानों का पहले होगा निपटारा, फिर सख्ती करेगी पुलिस

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी समेत प्रदेशभर में 14 मार्च को लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में लंबित ई-चालान के मामलों को पेश किया जाएगा। रायपुर में अब तक 6 हजार से ज्यादा ई-चालानों का रजिस्ट्रेशन लोक अदालत के लिए किया जा चुका है। इस बार भी लोक अदालत हाइब्रिड मोड में आयोजित होगी। इसमें पक्षकारों की भौतिक उपस्थिति के साथ-साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी मामलों का निराकरण किया जाएगा। यातायात पुलिस ने इसे चालान निपटाने का अंतिम मौका बताया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक लोक अदालत के बाद चालान नहीं पटाने वाले वाहन मालिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। चालान नहीं पटाया जब्त होगा वाहन : ट्रैफिक चालान पटाने के लिए पहले 90 दिन का समय दिया जाता है। इसके बाद मामला स्वतः कोर्ट में चला जाता है, जहां करीब 45 दिन का समय मिलता है। इस तरह कुल 135 दिन मिलते हैं। इसके बाद भी चालान नहीं पटाने पर वाहन जब्ती जैसी कार्रवाई की जा सकती है। 15 अक्टूबर 2025 से पहले के चालान ही होंगे शामिल लोक अदालत में केवल उन्हीं ई-चालानों का निराकरण किया जाएगा जो 15 अक्टूबर 2025 से पहले जारी हुए हैं और न्यायालय में ट्रांसफर हो चुके हैं। यातायात पुलिस ने 10 मार्च तक इसके लिए नजदीकी यातायात थाने में रजिस्ट्रेशन कराने को कहा था। अब तक शहर के सभी यातायात थानों में 6 हजार से ज्यादा चालानों का पंजीयन किया गया है। वाहन मालिकों को मोबाइल कॉल और वाट्सएप के जरिए लोक अदालत में शामिल होने की सूचना भी दी जा रही है।

10,000 चूजों की क्षमता वाले एयर कंडीशनर मुर्गी फार्म का संचालन कर रही है माँ लक्ष्मी महिला समूह

■ मुर्गी फार्म से लगभग 80 हजार से अधिक का मासिक आय कर रहे है अर्जित

रायपुर/नवप्रदेश। महासमुंद जिले के बागबाहरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम एम.के. बाहरा की जय माँ लक्ष्मी महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाएं आज राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) से जुड़कर आत्मनिर्भरता की नई मिसाल कायम कर रही हैं। आजीविका मिशन 150 के द्वितीय चरण के अंतर्गत समूह द्वारा स्थापित 10,000 चूजों की क्षमता वाले एयर कंडीशनर मुर्गी फार्म का शुभारम्भ जिला स्काउट गाइड के अध्यक्ष श्री एतराम साहू एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत नंदनवार के द्वारा किया गया। समूह की अध्यक्ष युगेश्वरी साहू बताती है कि समूह की सदस्य महिलाएं पहले मुख्य रूप से खेती-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करती थीं। उनके पास आय का स्थायी साधन और पर्याप्त संसाधन नहीं थे, जिसके कारण उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं थी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) से जुड़ने के बाद उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आने लगा। समूह की सभी सदस्यों ने मिलकर आजीविका गतिविधियों की शुरुआत की और धीरे-धीरे अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाया। युगेश्वरी बताती है कि समूह को एनआरएलएम के तहत 15 हजार रुपये की चक्रीय निधि प्राप्त हुई, जिससे उन्होंने छोटे स्तर पर मुर्गी फार्म की शुरुआत की।

बिहान से बदली महिलाओं की जिंदगी, बन रही लखपति दीदी

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य में केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित योजनाओं का प्रभाव अब गांव-गांव में दिखाई देने लगा है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाएं स्वरोजगार और समूह आधारित गतिविधियों से जुड़कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं और 'लखपति दीदी' के रूप में अपनी नई पहचान बना रही हैं। जांजगीर-चांपा जिले के अकलतरा विकासखंड के ग्राम पोड़ीदल्हा की निवासी श्रीमती पुष्पलता साहू इसका प्रेरक उदाहरण हैं। पहले उनका परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा था और सीमित आय में परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो जाता था।

संगीता बनी महिला सशक्तिकरण की मिसाल

आधार से जुड़ी सेवाएं उपलब्ध करा आत्मनिर्भर बनी संगीता सिंह

■ स्वयं सहायता समूह से मिली आर्थिक मजबूती

उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला आधार किट

संगीता सिंह के समर्पण और उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन को देखते हुए मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के जिला प्रशासन ने उन्हें नई जिम्मेदारी देने का निर्णय लिया। आदिवासी और दूरस्थ क्षेत्रों में आधार सेवाओं के विस्तार के उद्देश्य से जिले में पांच नए आधार केंद्र खोले जा रहे हैं। इसी पहल के तहत संगीता सिंह को लैपटॉप सहित आधार किट प्रदान की गई। जिला प्रशासन की ओर से ईडीएम श्री नारायण केवर्त ने उन्हें यह आधार किट सौंपा।

रायपुर/नवप्रदेश। स्वयं सहायता समूहों को कम ब्याज दर पर ऋण और कौशल विकास के अवसर प्रदान किए जाते हैं, जिससे महिलाएं छोटी-छोटी आजीविका गतिविधियां (जैसे- खेती, पशुपालन, सिलाई, आधार से जुड़ी सेवाएं) शुरू कर सकें। इस मिशन के अंतर्गत महिलाएं सशक्त बनकर न केवल परिवार की आय में वृद्धि कर रही हैं, बल्कि वे आत्मनिर्भर होकर सामाजिक रूप से भी सशक्त हो रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सरकार और प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जब महिलाओं को सही अवसर, संसाधन और मार्गदर्शन मिलता है, तो वे न केवल अपने जीवन में बदलाव लाती हैं बल्कि पूरे समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के ग्राम दुधाशी की निवासी श्रीमती संगीता सिंह की कहानी भी महिला सशक्तिकरण की ऐसी ही प्रेरक मिसाल है, जिन्होंने अपने परिश्रम और आत्मविश्वास से एक नई पहचान बनाई है। संगीता सिंह ने वर्ष 2021 में बीसी सखी के रूप में अपने कार्य की शुरुआत की। उनके माध्यम से गांव के लोगों को बैंकिंग सेवाओं का लाभ मिलने लगा। पहले जहां ग्रामीणों को पैसे निकालने या बैंक से जुड़े कार्यों के लिए दूर शहर या ब्लॉक मुख्यालय तक जाना पड़ता था, वहीं अब यह सुविधाएं गांव में ही उपलब्ध होने लगीं। इससे ग्रामीणों का समय और पैसा दोनों बचने लगा और गांव के लोगों को बड़ी सुविधा मिली।

धमतरी जिले में चल रहा जुए का संगठित सिंडिकेट

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस अनुविभागीय कुरुद अंतर्गत शांत दिखने वाले खेतों में इन दिनों फसलों की नहीं, बल्कि 'हार-जीत' की खुशबू आ रही है। भखारा थाना क्षेत्र एक बार फिर जुआरियों का अड्डा बन गया है। रामपुर की नहरों हो या कोसमर्रा, देवरी और लोहरपथरा के सुनसान खेत, हर तरफ ताश के पत्तों की गड़गड़ाहट है। चर्चा तो यह है कि पुलिस की पिछली रेड सिर्फ एक ट्रेलर थी, असली फिल्म तो अब होली के बाद रिलीज हुई है। सूत्रों की मानें तो पुलिस की कार्रवाई महज एक नियोजित ड्रामा बनकर रह गई है। आरोप लग रहे हैं कि साहबों के साथ ऐसी तगड़ी सेटिंग बैठी है कि पुलिस के जूते की आहट आने से पहले ही फड़ साफ हो जाता है।

अमेरिका ने माना ईरान में हो गया फेल! खामेनेई के बेटे की सरकार को कोई खतरा नहीं

नई दिल्ली/ए.। अमेरिका और इजरायल बीते 13 दिनों से ईरान पर लगातार हमले कर रहे हैं। शुरुआती दिनों ही ईरान के शीर्ष नेता अयातुल्लाह खामेनेई मारे गए थे, लेकिन अब भी देश की जनता का भरोसा अपने नेतृत्व पर कायम है। यह बात तो खुद अमेरिकी एजेंसियों ने भी स्वीकार की है। अमेरिकी इंटेलिजेंस सूत्रों का कहना है कि ईरान की सरकार गिरने का फिलहाल कोई संकेत नहीं है। इसकी वजह यह है कि अब भी जनता पर उसकी पकड़ बनी हुई है। तीन अमेरिकी खुफिया सूत्रों ने कहा कि ईरान की जनता पर लीडरशिप की पकड़ कायम है। इसका अर्थ यह है कि अयातुल्लाह खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई को जनता ने स्वीकार कर लिया है। सूत्रों का कहना है कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने बीते कुछ दिनों में यह जानकारी निकाली है। दुनिया भर में तेल की कीमतों में तेजी से इजाफा हुआ है। इसके अलावा गैस की भी किल्लत हो रही है। शायद इसी को ध्यान में रखते हुए अमेरिका का कहना है कि हम जल्दी ही जंग खत्म कर सकते हैं। लेकिन यह ईरान के नेतृत्व का शायद जज्बा है या फिर उसे मिल रहा जनता का समर्थन है कि उसका कहना है कि जंग भले ही अमेरिका ने शुरू की थी, लेकिन इसे अब खत्म हम ही करेंगे। यह बात दिलचस्प है कि ईरान के शीर्ष नेता मारे गए हैं। फिर भी उसकी नई लीडरशिप को जनता ने ना सिर्फस्वीकार किया है बल्कि उसके साथ खड़ी है। बता दें कि जंग के पहले ही दिन अयातुल्लाह खामेनेई मारे गए थे। उनका तब से अब तक जनाजा नहीं निकाला गया है। माना जा रहा है कि इस नमाज-ए-जनाजा में करोड़ों की भीड़ जुटेगी। इसी के कारण ईरानी लीडरशिप उन्हें अभी दफनाने से बच रहा है। यदि ऐसा कोई आयोजन हुआ तो अमेरिका और इजरायल एक बार फिर से बड़ी तबाही कर सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि सीजफायर के हालात बनने पर ही शायद अब खामेनेई का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

ईरानी लीडरशिप को मिली ताकत से कैसे अमेरिका को झटका

यह अहम इसलिए भी है क्योंकि अमेरिका को उम्मीद थी कि खामेनेई के मारे जाने के बाद ईरान की जनता सड़कों पर होगी। फिर लोकतंत्र बहाली के नाम पर वह दखल दे सकेगा और अपने किसी करीबी को कमान सौंपा देगा। निर्वासित क्राउन प्रिंस रजा पहलवी को ऐसी उम्मीदें भी थीं, लेकिन जनता ने खामेनेई के बेटे को ही लीडर मान लिया है। ऐसे हालात तब हैं, जबकि अमेरिका लगातार हमले कर रहा है और मुजतबा खुद भी खतरे में हैं।

न्यूज गैलरी

इराक में हुए हमले में भारतीय की मौत, टैंकर में लगी आग

नई दिल्ली/ए.। इराक के खोर अल जुबैर बंदरगाह के पास बुधवार को एक अमेरिकी तेल टैंकर पर बड़ा हमला हुआ। इस हमले में एक भारतीय नागरिक की जान चली गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, ईरान की एक सुसाइड बोट ने इस टैंकर को निशाना बनाया। यह घटना इराक की समुद्री सीमा के अंदर हुई। जिस जहाज पर हमला हुआ, उसका नाम 'सेफसी विष्णु' है। यह अमेरिका का जहाज है और इस पर मार्शल आइलैंड्स का झंडा लगा है। हमले के समय जहाज पर कुल 28 लोग मौजूद थे। इनमें से एक भारतीय की मौत हो गई, जबकि बाकी 27 कर्मियों को सुरक्षित बचा लिया गया है। बचाए गए सभी लोगों को इराक के बसरा शहर ले जाया गया है। जहाज की कंपनी 'सेफसी' ने इस घटना पर गहरा दुख जताया है। कंपनी ने भारत सरकार से अपील की है कि वह इस हमले की कड़ी निंदा करे। उन्होंने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच समुद्र में काम करने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की है।

मुस्लिम प्रेमी से हुई शादी, मोनालिसा बोली-लव जिहाद नहीं

नई दिल्ली/ए.। महाकुंभ से चर्चा में आई मोनालिसा ने बीते दिन अपने बॉयफ्रेंड फरमान खान से शादी रचाई। उन्होंने केरल में जाकर शादी की। इस शादी पर मोनालिसा का परिवार खुश नहीं है। वहीं, मोनालिसा को एक्टिंग ब्रेक देने वाले निर्देशक सनोज मिश्रा ने तो इसे 'लव जिहाद' तक कह दिया है। अपनी शादी पर हो रही कंट्रोवर्सी के बाद मोनालिसा ने चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस की है, जहां कहा कि यह शादी हिंदू रीति-रिवाज से हुई है। केरल में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान वायरल महाकुंभ गर्ल मोनालिसा ने कहा, 'मैंने हिंदू रीति-रिवाजों से शादी की है। यह 'लव जिहाद' नहीं है। मैं सभी धर्मों का सम्मान करती हूं और हर धर्म को बराबर मानती हूं'।

पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या के आरोपियों को जमानत

नई दिल्ली(वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट ने 2022 में पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या से जुड़े मामले में दो आरोपियों पवन बिश्नोई और जगतार सिंह को जमानत दे दी है। अदालत के आदेश के अनुसार दोनों आरोपी मुकदमे की सुनवाई जारी रहने के दौरान हिरासत से रिहा हो सकेंगे। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश दिया।

महाराष्ट्र विधानसभा में बम की धमकी निकली झूठी

मुंबई(वार्ता)। मुंबई के महाराष्ट्र विधान भवन में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक धमकी भरा ईमेल मिला। इस ईमेल में विधान भवन को बम से उड़ाने की बात कही गई थी। जिस समय यह धमकी मिली, वहां बजट सत्र की कार्यवाही चल रही थी।

ईरान का ओमान पर बड़ा हमला सलालाह पोर्ट के तेल टैंकरों पर अटैक

■ **हॉर्मुज के पास जहाजों पर भी हमला**

मस्कट/ए.। खाड़ी क्षेत्र में तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। अमेरिका और इस्राइल के साथ चल रहे युद्ध के बीच ईरान ने अब ओमान के सलालाह बंदरगाह पर ड्रोन से हमला किया है। इस हमले में तेल के स्टोरेज टैंकों को निशाना बनाया गया है। इस घटना ने क्षेत्र में एक नया संकट पैदा कर दिया है, क्योंकि ओमान अब तक इस युद्ध में एक तटस्थ देश की भूमिका निभा रहा था। अल जजीरा और ओमान टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, ड्रोन हमलों ने सलालाह बंदरगाह पर स्थित तेल टैंकों को काफी नुकसान पहुंचाया है। ब्रिटेन की समुद्री सुरक्षा कंपनी एम्ब्रे ने भी इस हमले की पुष्टि की है। हालांकि राहत की बात यह है कि इस हमले में किसी भी व्यापारिक जहाज को नुकसान नहीं पहुंचा है। यह हमला ईरान द्वारा खाड़ी देशों के ऊर्जा ठिकानों पर किए जा रहे हमलों का हिस्सा माना जा रहा है। सिर्फ ओमान ही नहीं बल्कि हॉर्मुज जलडमरूमध्य के पास भी जहाजों को निशाना बनाया जा रहा है। यूके मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर ने जानकारी दी है कि तीन व्यापारिक जहाजों पर अज्ञात चीजों से हमला किया गया है। इस इलाके में लगातार हो रहे हमलों ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार और समुद्री सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा पैदा कर दिया है। अमेरिका और इस्राइल की सैन्य कार्रवाई के जवाब में ईरान इन इलाकों में अपनी सक्रियता बढ़ा रहा है।

मध्यस्थता की कोशिशों को लगा झटका

बता दें कि यह हमला उस समय हुआ जब सुल्तान हैथम ने अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई को ईरान का नया सर्वोच्च नेता बनने पर बधाई दी थी। ओमान की न्यूज एजेंसी के मुताबिक सुल्तान ने खामेनेई के चयन पर उन्हें शुभकामना संदेश भेजा था। ओमान लंबे समय से ईरान और अमेरिका के बीच मध्यस्थता करता रहा है। लेकिन पिछले 11 दिनों से जारी युद्ध के कारण अब यह कोशिशें कमजोर पड़ती दिख रही हैं।

ओमान के सुल्तान ने जताई कड़ी आपत्ति

इस हमले के बाद ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक अल सैद ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान से संपर्क किया। सुल्तान ने ओमान की धरती पर हुए इन हमलों पर कड़ा विरोध दर्ज कराया और इसकी निंदा की। उन्होंने साफ किया कि ओमान युद्ध में किसी का पक्ष नहीं ले रहा है। सुल्तान ने कहा कि ओमान अपनी सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा।

अभेद्य रहेगा राष्ट्रपति का सुरक्षा घेरा, खुफिया एजेंसियों ने डाला डेरा

अयोध्या। राम मंदिर के नव संवत्सर कार्यक्रम में आ रहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का सुरक्षा घेरा अभेद्य करने की कवायद शुरू हो गई। कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्रों में बहुस्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया जाएगा। इसके लिए विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों और पुलिस इकाइयों के जवान तैनात रहेंगे, जिनके समन्वय के लिए नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं। आगामी 19 मार्च को राष्ट्रपति के हाथों राम मंदिर के दूसरे तल पर श्रीराम यंत्र की स्थापना होनी है। इसी दौरान सम्मान समारोह का आयोजन होगा, जिसमें राम मंदिर आंदोलन से जुड़े कारसेवकों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में राम मंदिर के कुछ मंदिरों पर ध्वजारोहण भी किया जाएगा। आयोजन में लगभग छह हजार वीवीआईपी के आने की उम्मीद है। आयोजन के वृहद् स्वरूप को लेकर पिछले करीब एक माह से ही मंदिर ट्रस्ट के अलावा पुलिस-प्रशासन के लोग तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। सूत्रों के अनुसार राष्ट्रपति की सुरक्षा में सबसे भीतरी घेरा उनकी पारंपरिक सैन्य इकाई के जवान संभालेंगे। इनके साथ नजदीकी सुरक्षा में विशेष रूप से प्रशिक्षित सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे। इसके बाद के घेरों में स्थानीय पुलिस, खुफिया इकाइयों और विशेष सुरक्षा बलों के जवानों की तैनाती रहेगी। आयोजन को लेकर बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड और खुफिया टीमें लगातार निगरानी रखेंगी। आवागमन मार्गों की पहले से ही गहन जांच कराई जा रही है और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल लगाया जाएगा। इसे लेकर रेंज और जोन के अन्य जिलों से भी पुलिसकर्मियों की डिमांड की जा रही है।

संसद में उठा फारूक अब्दुल्ला पर फायरिंग का मुद्दा

■ **हमला चिंता का विषय, घटना की पूरी जांच की जाएगी: नड्डा**

नई दिल्ली(वार्ता)। नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला पर हुए जानलेवा हमले का मुद्दा संसद में उठा। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाए कि फारूक अब्दुल्ला की सुरक्षा खतरे हैं और जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं दिया जाना इसका प्रमुख कारण है। हालांकि, कांग्रेस के आरोपों और फारूक अब्दुल्ला पर हमले को लेकर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने सदन में जवाब दिया। इस पर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा बुधवार रात फारूक अब्दुल्ला पर जानलेवा हमला हुआ। यह बहुत ही चिंता का विषय है और गंभीर मामला है। भारत सरकार इस घटना को लेकर बहुत गंभीर है। मैं सरकार की ओर से इस बात का विश्वास दिलाता हूं कि इस घटना की पूरी जांच की जाएगी। गिरफ्तार आरोपी के मंसूबों के बारे में गहराई से पता किया जाएगा। इस तरह की घटना दोबारा न हो और फारूक अब्दुल्ला के जीवन की रक्षा से जुड़ा हर कदम जरूर उठाया जाएगा। इसी बीच, जेपी नड्डा ने मल्लिकार्जुन खरगे के आरोपों को लेकर कांग्रेस की निंदा करते हुए कहा कि हर घटना को राजनीतिक चश्मे से देखना और उसे राजनीतिक रूप देना उचित नहीं है। पूर्व राज्य का दर्जा नहीं मिला, इस कारण यह घटना हुई, इस निष्कर्ष पर पहुंचना और सरकार पर गंभीर आरोप लगाना निंदनीय है। जेपी नड्डा ने अपने जवाब में आगे कहा कि विपक्ष के नेता की ओर से यह कहना कि सरकार का मंसूबा उनकी (फारूक) की जान लेना है। इस पर मेरा कहना है कि यह कांग्रेस की सोच का नतीजा है।

खरगे ने फारूक अब्दुल्ला पर हमले का मुद्दा उठाया

मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा "फारूक अब्दुल्ला पर हमला हुआ है। उनकी सुरक्षा खतरे में है। जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा था। अब वहां की पुलिस और सुरक्षा की जिम्मेदारी केंद्रीय गृह मंत्री के पास होने से आज जम्मू-कश्मीर में ऐसी हालत है। जम्मू-कश्मीर से कानून व्यवस्था खत्म हो रही है और प्रमुख नेताओं को मारने का मंसूबा है। फारूक अब्दुल्ला को भी इस तरह मार दिया गया होता। उनके सुरक्षाकर्मियों ने उनकी जान बचाई।" कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा कि मैं जानना चाहता हूं कि क्या सरकार का फारूक अब्दुल्ला को मारने का इरादा है। अगर उनको सुरक्षित रखना चाहते थे, तो फुल सिक्योरिटी होनी चाहिए।

नोएडा की फैशन प्रोफेशनल पंखुरी सोनी बनी "यंग अचीवर" अहमदाबाद में सम्मानित

नई दिल्ली। तेजी से उभरती नोएडा की फैशन प्रोफेशनल पंखुरी सोनी को अहमदाबाद में आयोजित भव्य कार्यक्रम में प्रतिष्ठित "यंग विमेन अचीवर अवार्ड" से नवाजा गया। पंखुरी अरविंद फैशन लिमिटेड में कार्यरत हैं। इस अवसर पर पंखुरी ने आयोजकों का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि फैशन को भारतीयता के साथ वो इस तरह जोड़ कर उकेरने चाहती हैं ताकि हमारी बेहद समृद्ध संस्कृति, सभ्यता और सामाजिकता की झलक वैश्विक फैशन जगत में और खिले। पंखुरी ने कहा फैशन कोई विलासिता नहीं, आज की दैनिक जरूरतों में शुमार है। केवल बनियान पहने, कंधे पर लाल गमछा रखे उस शख्स को बारे में भी अगर आप एक तस्वीर दिमाग में लाएंगे तो वो भी फैशन की एक गंवई तस्वीर है। उन्होंने कहा उनकी ख्वाहिश है कि भारतीयता से ओतप्रोत खास डिजाइन के वस्त्र पहन कर ही हमारे सांसद सदनों में आयें ताकि परिधानों से देश प्रेम के साथ अनुशासन झलके। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उन्हें ÷यंग विमेन अचीवर अवार्ड÷ से भूषित किया गया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने अपने संदेश में कहा कि महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व के बिना किसी भी समाज का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आज की भारतीय महिलाएं शिक्षा, विज्ञान, उद्योग और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रही हैं और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

पश्चिम एशिया तनाव का असर; डॉलर के मुकाबले रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर

■ **भारी बिकवाली ने रुपये को कमजोर किया**

नई दिल्ली/ए.। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच गुरुवार को भारतीय रुपये पर भारी दबाव देखने को मिला। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 35 पैसे गिरकर अब तक के सबसे निचले स्तर 92.36 पर पहुंच गया।

इंटरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 92.25 प्रति डॉलर पर खुला, लेकिन दिन के कारोबार के दौरान लगातार गिरते हुए 92.36 प्रति डॉलर तक पहुंच गया। यह पिछले बंद स्तर के मुकाबले 35 पैसे की गिरावट है और अब तक का रिकॉर्ड निचला इंट्रा-डे स्तर है।विदेशी मुद्रा व्यापारियों के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और अमेरिकी डॉलर की मजबूती ने रुपये पर दबाव बढ़ाया है। इसके साथ ही घरेलू शेयर बाजार में कमजोर सेंटीमेंट और विदेशी संस्थागत निवेशकों (FII) की भारी बिकवाली ने भी रुपये को और कमजोर किया। रुपये ने 9 मार्च को डॉलर के मुकाबले अपना पिछला रिकॉर्ड इंट्राडे लो 92.35 देखा था। बुधवार को यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 16 पैसे गिरकर 92.01 पर बंद हुआ।

डॉलर सूचकांक, जो छह मुद्राओं की एक टोकरी के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापता है, 0.18 प्रतिशत बढ़कर 99.40 पर कारोबार कर रहा था।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 6.72 प्रतिशत बढ़कर 98.16 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। घरेलू शेयर बाजार की बात करें तो सेंसेक्स 445.26 अंक या 0.58 प्रतिशत गिरकर 76,418.45 अंक पर आ गया, जबकि निफ्टी 121.70 अंक या 0.51 प्रतिशत गिरकर 23,745.15 पर पहुंच गया।

अमेज़न बिज़नेस ने भारतीय व्यवसायों के लिए वित्तीय लाभ उपलब्ध कराया

बेंगलुरु। अमेजन बिजनेस ने आज बताया कि 2025 में उसने पूरे भारत के व्यवसायों को ?2,000 करोड़ से अधिक का वित्तीय मूल्य हासिल करने में मदद की। माइक्रो-एंटरप्राइज और एसएमबी से लेकर बड़े कॉरपोरेशन्स तक, सभी प्रकार की संस्थाओं को अमेजन बिजनेस पर कैशबैक रिवॉर्ड्स, बल्क डिस्काउंट्स और एक्सक्लूसिव डील्स के जरिए फायदा मिला। इस मूल्य का एक बड़ा हिस्सा अमेजन बिजनेस पर मिलने वाली सीमलेस जीएसटी-कम्प्लायंट इनवॉइसिंग से भी आया है, जिसने बिजनेस प्रोक्योरमेंट में लंबे समय से जरूरी पारदर्शिता लाई है। हालांकि पहले ऑफलाइन चैनलों में जीएसटी इनवॉइस हासिल करना अक्सर मुश्किल और असंगत होता था। अमेजन बिजनेस के डायरेक्टर मित्रंजन भदुरी ने कहा, " हर संगठन, चाहे वह किसी दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्र का एक स्पेशलिटी रेस्टोरेंट हो या एक फॉर्च्यून 500 एंटरप्राइज जो हर दिन हजारों परचेज ऑर्डर्स मैनेज करता है, सभी के सामने एक ही जरूरत होती है: कम संसाधनों में अधिक काम करना। अमेजन बिजनेस इस अंतर को कम करता है, जिससे एमएसएमई और बड़े कॉरपोरेशन्स को समान रूप से सेलेक्शन, कॉम्पिटिटिव प्राइसिंग और डिजिटल प्रोक्योरमेंट की सुविधा मिलती है। 2025 में हमारे ग्राहकों द्वारा हासिल किए गए ?2,000 करोड़ से अधिक के मूल्य से यह स्पष्ट होता है कि जब संगठन बिखरी हुई ऑफलाइन खरीद से हटकर एक स्ट्रक्चर्ड, ट्रांसपेरेंट और डेटा-ड्रिवन अप्रोच अपनाते हैं।

अक्षय की 'भूत बंगला' का टीजर रिलीज

मुंबई/ए.। निर्देशक प्रियदर्शन की फिल्म 'भूत बंगला' जल्द ही रिलीज होगी। अब तक इसकी कहानी को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई थी। आज रिलीज हुए टीजर में कहानी की झलक मिली है। जानिए, अक्षय कुमार स्टारर फिल्म 'भूत बंगला' के टीजर में क्या कुछ खास है।

हंसाने के साथ डराता भी है टीजर

फिल्म 'भूत बंगला' के टीजर में अक्षय कुमार जहां अपनी कॉमेडी से हंसाते हैं। वहीं डरावना माहौल भी टीजर में दिखता है। अक्षय कुमार का लुक भी टीजर में काफी अलग नजर आया है। कहानी के अलावा बाकी कलाकारों की भी झलक भी टीजर में दिखती है। टीजर की शुरुआत में अक्षय कुमार के किरदार की एंट्री एक बड़े बंगले में होती है। वह यहां आकर खुश हैं। कई सीन्स में परेश रावल से लेकर राजपाल यादव तक अपनी कॉमेडी से हंसाते हैं। एक सीन में असरानी के किरदार का डायलॉग है, 'मंगलपुर' में कोई शादी नहीं करता है, वधुसुर आएगा। टीजर के आखिर में एक डरावने जीव को दिखाया जाता है। इस वक्त टीजर रोंगटे खड़े करता है। आखिर यह डरावनी चीज क्या है? कौन है वधुसुर? इन सवालों के जवाब दर्शकों को फिल्म में मिलेंगे।

फिल्म 'भूत बंगला' का टीजर फैंस को पसंद आया है। दर्शकों ने इसे 'भूल भुलैया 2' कहना शुरू कर दिया है। दरअसल, 'भूल भुलैया 2' में अक्षय कुमार की जगह कार्तिक आर्यन नजर आए थे। यह बात कई फैंस को पसंद नहीं आई थी। ऐसे में अक्षय कुमार के फैंस 'भूत बंगला' को ही 'भूल भुलैया 2' मान रहे हैं। फिल्म के टीजर को दर्शकों ने सोशल मीडिया पर जमकर रिएक्शन दिए हैं।

न्यूज गैलरी

कबीरधाम में पशु तस्करी पर पुलिस का बड़ा प्रहार, चार आरोपी गिरफ्तार

कबीरधाम/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में पुलिस ने पशु तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके कब्जे से दो पिकअप वाहन और सात मवेशी बरामद किए हैं। जब्त की गई सामग्री की कुल कीमत करीब 13.50 लाख रुपये आंकी गई है। बरामद मवेशियों को सुरक्षित रूप से गौशाला में रखवाया गया है। एसडीओपी कृष्णा कुमार चंद्राकर ने बताया कि गौ सेवकों की सूचना पर यह कार्रवाई हुई। पुलिस ने पिकअप वाहन क्रमांक सीजी07बीयू4598 और सीजी10एजे0274 को रोका। जांच में पाया गया कि वाहनों में सात मवेशी क्रूरतापूर्वक भरकर ले जाए जा रहे थे। इनमें एक भैंसा, तीन भैंसी, दो भैंस और एक पड़वा शामिल थे। आरोपी इन मवेशियों को कत्लखाने ले जाने के इरादे से रेंगाखार से मलाजखंड ले जा रहे थे। मलाजखंड मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में स्थित है। गिरफ्तार किए गए चार आरोपियों की पहचान की गई है। इनमें हरिराम मरकाम (35) निवासी बहेराखार पंडरिया थाना रेंगाखार शामिल है। दिनेश कुमार मेरावी (28) निवासी पंडरिया थाना रेंगाखार भी गिरफ्तार हुआ है। जनक राम सतनामी (33) निवासी बेदरची थाना खम्हरिया जिला बेमेतरा है। गौतरिहा साहू (31) निवासी लोहारीडीह थाना रेंगाखार जिला कबीरधाम है। आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। इसमें छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 शामिल हैं। पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(2) भी लगाई गई है। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

5 घंटे में 105 लोगों ने किया रक्तदान

रायपुर/नवप्रदेश। मिशन ए अहलेबैत चरोदा धरसीवां की जानिब से एवं छत्तीसगढ़ ब्लड डोनर फाउंडेशन के संयुक्त में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 10 मार्च को, 21 रमज़ान शहादत दिवस हजरत इमाम अली के मौके पर किया गया। इस शिविर में 5 घंटे में 105 लोगों ने (महिला/पुरुष सहित) रक्तदान किया द्य इस शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार प्रदान किया गया, रक्तदान शिविर में एकत्रित रक्त को जयदीप ब्लड बैंक मोवा ने संग्रहित किया, जो कि थैलासीमिया बच्चों सहित अन्य जरूरतमंदों को समय-समय पर रक्त उपलब्ध कराता रहता है द्य इस शिविर में सभी समाजों के लोगों ने अपना योगदान दिया। अनवर अली जी ने अपना AB- रक्त समूह का 75 वां रक्तदान पूरा किया और सभी ग्रुप मेंबर्स ने अपना रक्तदान किया।मिशन के ग्रुप सदस्यों ने सामूहिक तौर पे इस बात को कहा कि ये कार्यक्रम सभी रक्तदाताओं के सहयोग से संपन्न हुआ और आगे भी इसी तरह मानवता का संदेश दिया जाता रहेगा । शिविर में मुख्यतौर पर अतिथि स्वरूप चरोदा मंदिर के अध्यक्ष, पुजारी, मस्जिद के इमाम, ग्राम चरोदा धरसीवां के वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे सभी लोगों ने सद्भावना का संदेश दिया और आने वाले समय में भी मानवता का संदेश देते रहने की बात कही। डॉ तौसीफ एजाज, हस्सान, जिशान, एहसान, अब्दुल, शहादत, इलियास, जुनैद, जुबेर, सुहेल, इजहार, अशरफ शोहराब, इस्राफील, हाजी कलीम, फज़ल, सादिक, शिविर में अतिथि स्वरूप रायपुर गुलामने अली की टीम, प्रमा फाउंडेशन की टीम मौजूद रही।

ट्रक रोककर 50 हजार की वसूली, जीएसटी के दो निरीक्षकों पर एफआईआर

- **आधी रात कबाड़ से भरे ट्रक को रोककर कार्रवाई की धमकी**
- **पुलिस ने ब्लैकमेल का मामला दर्ज किया**

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में जीएसटी विभाग के दो निरीक्षकों पर कबाड़ से भरे ट्रक को रोककर कार्रवाई की धमकी देकर 50 हजार रुपये वसूलने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ ब्लैकमेल के आरोप में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 308 (2) और 3-5 के तहत मामला दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक आरोपियों के नाम मालिकराम बांधे और हुकुम सिंह हैं, जो जीएसटी विभाग में निरीक्षक पद पर पदस्थ बताए जा रहे हैं। मामले की शिकायत वीआईपी स्टेट पंडरी मोवा निवासी स्क्रैप कारोबारी मोहम्मद शोएब रंगरेज ने दर्ज कराई है।

एफआईआर के अनुसार घटना 9 जनवरी की रात करीब साढ़े 11 बजे की है। कारोबारी का स्क्रैप से भरा ट्रक 36 मॉल के पास से गुजर रहा था, तभी दो व्यक्तियों ने ट्रक को रोक लिया। दोनों ने खुद को जीएसटी अधिकारी बताते हुए ड्राइवर और कंडक्टर से पूछताछ की और ट्रक मालिक की जानकारी ली।

आरोप है कि इसके बाद आरोपियों ने ट्रक मालिक को कार्रवाई की धमकी देकर 50 हजार रुपये वसूल लिए। रकम लेने के बाद उन्होंने ट्रक को जाने दिया। बाद में स्क्रैप कारोबारी ने पुलिस अधिकारियों से शिकायत करते हुए ब्लैकमेल और पैसे वसूलने के कई सबूत भी सौंपे।

प्रारंभिक जांच में मामला सही पाए जाने पर पुलिस ने 10 मार्च की रात दोनों जीएसटी निरीक्षकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पुलिस अब जीएसटी विभाग से आरोपियों के संबंध में विस्तृत जानकारी जुटा रही है। इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राकेश्वर पटेल ने बताया कि दोनों आरोपी जीएसटी निरीक्षक हैं। एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल आरोपी गिरफ्त में नहीं आए हैं।

हाईकोर्ट की दो टूक: अब वंश नहीं, योग्यता और चरित्र तय करेंगे गांव का कोटवार

कोटवार का पद बाप-दादा की जागीर नहीं: हाईकोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। गांवों में पीढ़ियों से चली आ रही कोटवार पद की 'वंश परंपरा' पर अब न्यायिक मुहर लग गई है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में साफ कर दिया है कि, कोटवार का पद किसी परिवार की निजी जागीर नहीं है। अगर कोई यह समझता है कि, पिता या दादा के कोटवार होने से उसे स्वतः यह पद मिल जाएगा, तो यह धारणा गलत है।

दरअसल, बेमेतरा जिले के नवागढ़ तहसील के ग्राम गनियारी के कोटवार खेलनदास पनिका का 6 नवंबर 2010 को निधन हो गया। मृत्यु के बाद रिक्त पद के लिए उनके बेटे परदेशी राम और एक अन्य ग्रामीण रामबिहारी साहू ने आवेदन किया था। प्रशासनिक प्रक्रिया के बाद राजस्व अधिकारियों ने रामबिहारी साहू को इस पद के लिए अधिक उपयुक्त पाया और उनकी नियुक्ति कर दी।

याचिकाकर्ता ने पिता के कोटवार होने का दिया था हवाला: इस नियुक्ति के बाद मृत कोटवार के बेटे ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाते हुए दावा किया था कि, उसके पिता गांव के कोटवार थे, इसलिए नियुक्ति में उसे प्राथमिकता मिलनी चाहिए। लेकिन प्रशासन ने दूसरे पात्र व्यक्ति को कोटवार नियुक्त कर दिया। इसी फैसले को चुनौती देते हुए मामला हाईकोर्ट तक पहुंचा।

कोटवार के परिवार को प्राथमिकता देना अनिवार्य नहीं : सुनवाई के दौरान अदालत ने रिकॉर्ड और नियमों का परीक्षण किया और कहा कि, पूर्व कोटवार के परिवार को प्राथमिकता देना अनिवार्य नहीं है। यह केवल प्रशासन का विवेकाधिकार हो सकता है।

याचिकाकर्ता के खिलाफ दर्ज हुआ था शांति भंग करने का मामला

याचिकाकर्ता ने निकट संबंधी होने का हवाला देते हुए पिता की जगह अपनी नियुक्ति करने की मांग की थी। हाई कोर्ट ने इस मामले में दिए गए फैसले में कहा है कि, पुलिस रिपोर्ट के अनुसार परदेशी राम के खिलाफवर्ष 1996 और 2013 में शांति भंग करने के आरोप में सीआरपीसी की धारा 107/116 के मामले दर्ज थे। कोटवार नियम 2 के तहत उम्मीदवार का चरित्र साफहोना अनिवार्य है।

नियुक्ति को ठहराया सही

अदालत ने प्रशासन द्वारा की गई नियुक्ति को सही ठहराते हुए कहा कि, सरकारी पदों पर वंशवाद नहीं, बल्कि नियम और काबिलियत सर्वोपरि होंगे। इस फैसले के बाद गांवों में लंबे समय से चली आ रही यह धारणा टूट गई है कि, कोटवार की कुर्सी पीढ़ी दर पीढ़ी एक ही परिवार की विरासत होती है। अब साफहै- गांव का कोटवार वही बनेगा, जो नियमों पर खरा उतरेगा, न कि केवल किसी का बेटा या वारिस होने के कारण।

नियुक्त व्यक्ति ज्यादा पढ़ा लिखा

वहीं, याचिकाकर्ता की उम्र 54 वर्ष है, जबकि कोटवार की सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष है। वहीं, नियुक्त किए गए रामबिहारी साहू की उम्र 34 वर्ष

बालको की मजदूर संबंधी नीतियों के खिलाफअमित जोगी का 'खटिया खड़ी आंदोलन'

आज कोरबा पहुंचेंगे जोगी

रायपुर/कोरबा/नवप्रदेश। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो जारी करते हुए बालको प्रबंधन की कर्मचारी और मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ बड़ा आंदोलन छेड़ने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि 13 मार्च को वे कोरबा स्थित बालको क्षेत्र में ÷खटिया खड़ी आंदोलन÷ में शामिल होने के लिए स्वयं पहुंचेंगे।

अमित जोगी ने अपने संदेश में कहा कि यह आंदोलन किसी एक राजनीतिक दल का नहीं, बल्कि बालको के कर्मचारी और मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई है। इस आंदोलन का नेतृत्व स्वयं कर्मचारी और मजदूर करेंगे तथा उनके साथ न्याय दिलाने के लिए वे उनके बीच उपस्थित रहेंगे।

उन्होंने बालको प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कर्मचारियों और मजदूरों के साथ अन्यायपूर्ण नीतियां जारी रहीं, तो इस बार आंदोलन और भी मजबूती से खड़ा होगा। उन्होंने कहा, ÷हम इस बार डटकर खड़े रहेंगे, पीछे नहीं हटेंगे और आपकी मजदूर विरोधी नीतियों की खटिया खड़ी कर देंगे।÷

अमित जोगी ने बालको के कर्मचारियों, मजदूरों और क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में आंदोलन में शामिल होकर अपने अधिकारों की आवाज बुलंद करें, ताकि प्रबंधन को श्रमिकों के हितों की अनदेखी करने से रोका जा सके।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आंदोलन पूरी तरह लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से किया जाएगा, लेकिन श्रमिकों के अधिकारों से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

जिन्दल स्टील ओडिशा में दो लौह अयस्क ब्लॉकों के लिए 'पसंदीदा बोलीदाता' घोषित

रायपुर/नवप्रदेश। जाने-माने उद्योगपति श्री नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनीजिन्दल स्टील लिमिटेडने अपनी विकास यात्रा में दो महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। राष्ट्र निर्माण को समर्पितजिन्दल स्टील को ओडिशा के क्योंझर जिले में दो प्रमुख लौह अयस्क ब्लॉकों के लिए'पसंदीदा बोलीदाता'घोषित किया गया है।ओडिशा सरकार ने दिसंबर 2025 में अधिसूचित 12 खनिज ब्लॉकों की ऑनलाइन नीलामी के सफल समापन के बाद यह घोषणा की है।

जिन्दल स्टील को पहले ठाकुरानी-ए-1 लौह अयस्क ब्लॉक कापसंदीदा बोलीदाता घोषित किया गया। यह ब्लॉक लगभग 202हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है।सरकारी दस्तावेजों के अनुसार, इसमें जी-3 स्तर के लौह अयस्क की पुष्टि हुई है। इस ब्लॉक में लगभग50 मिलियन टनलौह अयस्क का भंडार है।कंपनी ने इसके लिए सरकार को101.20 प्रतिशतप्रीमियम देने का वचन दिया है।

दूसरा ब्लॉक रेंगालाबेरहा उत्तर-पूर्व विस्तार और नुआगांव पश्चिम ब्लॉक है, जोलगभग 84हेक्टेयर में फैला हुआ है।इसमें जी-2स्तर तक के लौह अयस्क की पुष्टि हुई है। यहां अनुमानित38 मिलियन टनलौह अयस्क का भंडार है।इस ब्लॉक के लिए जिन्दल स्टील ने 111.15 प्रतिशतप्रीमियम देने का वचन दिया है।

जिन्दल स्टील के बारे में: जिन्दल स्टील लिमिटेडभारत की सबसे बड़ी और अग्रणी स्टील कंपनियों में से एक है।श्री नवीन जिन्दल के नेतृत्व और मार्गदर्शन में यह कंपनी अपनी कार्यकुशलता और बेहतरीन क्वालिटी के लिए जानी जाती है। यह कंपनी एक बेहतरीन'माइन-टू-मेटल'मॉडल पर काम करती है।यह खुद के संसाधनों, उन्नत विनिर्माण क्षमताओं और वैश्विक वितरण नेटवर्क का उपयोग कर उच्च-क्षमताएवं प्रदर्शन करने वाले स्टील उत्पाद उपलब्ध कराती है। 12 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक के निवेश के साथ, जिन्दल स्टील के पास अंगुल, रायगढ़ और पतरातू में अत्याधुनिक फैक्ट्रियां हैं।कंपनी का व्यवसाय भारत के साथ-साथ अफ्रीका में भी है। देश और दुनिया के बेहतरीन भविष्य के उद्देश्य से जिन्दल स्टील के उत्पादों की श्रृंखला बुनियादी ढांचे, निर्माण और विनिर्माण क्षेत्रों को नई ताकत प्रदान कर रही है।

होटल और ढाबों से 29 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। संचालक खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग तथा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग की जांच के लिए खाद्य विभाग की टीम द्वारा आज महासमुंद नगर के होटलों और ढाबों में औचक निरीक्षण किया गया। खाद्य अधिकारी अजय यादव ने बताया कि टीम द्वारा नगर में संचालित विभिन्न होटल, ढाबा और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडरों के उपयोग की जांच की गई। जांच के दौरान सोनी मिष्ठान भंडार से 10, नेमी भोजनालय से 5, सीमांचल होटल से 5, आरोग्य अमृततुल्य चाय सेंटर से 2, प्रांजल इडली सेंटर से 2, पिज्जा गेलेरी से 1, अमय डोसा सेंटर से 1, टेस्ट ऑफ पंजाब रेस्टोरेंट से 1, चाय एंड चिल रेस्टोरेंट से 1 तथा एस सेंडविच सेंटर से 1 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किया गया।

घायल हाथी का कराया त्वरित उपचार

जशपुरनगर/नवप्रदेश। वनमण्डल जशपुर के द्वारा घायल हाथी का त्वरित उपचार कराया गया है। हाथी अब सुरक्षित है और वह धरमजायगढ़ वनमण्डल की ओर चला गया है। वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत दिवस 11 मार्च को प्रातः लगभग 07. 00 बजे दूरभाष के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि पत्थलगांव वन परिक्षेत्र के बीट झक्कड़पुर अंतर्गत ग्राम बुढ़ाडांड के आश्रित ग्राम गयापारा में कृषक श्री मोहर साय राठिया के निजी भूमि पर एक नग हाथी गिरा हुआ है। सूपना प्राप्त होते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी पत्थलगांव वन अमले के साथ तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थल निरीक्षण किया गया।

मौके पर निरीक्षण के दौरान पाया गया कि श्री मोहर साय राठिया के निजी भूमि पर एक नग हाथी गिरा हुआ है। प्रथम दृष्टया यह प्रतीत हुआ कि हाथी का एक पैर कमजोरी के कारण उठने में असमर्थ था। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए वन परिक्षेत्राधिकारी द्वारा तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। इस संबंध में वनमण्डलाधिकारी जशपुर श्री शशि कुमार द्वारा तत्काल उच्चाधिकारियों से संपर्क कर स्थिति की जानकारी दी गई तथा हाथी के उपचार हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिधित की गई। इसके पश्चात् सरगुजा जिले के रमकोला से वन्यपाणी विशेषज्ञ पशु चिकित्सक डॉ. अजित पाण्डेय अपनी टीम के साथ पत्थलगांव पहुंचे और हाथी का चिकित्सकीय परीक्षण किया। चिकित्सकीय परीक्षण के उपरांत डॉ. अजित पाण्डेय द्वारा हाथी का आवश्यक उपचार किया गया। उपचार के पक्षात हाथी की स्थिति में धीरे धीरे सुधार हुआ और कुछ समय बाद हाथी स्वयं अपने स्थान से उठकर सुरक्षित रूप से धरमजयगढ़ वनमण्डल चला गया। घटनाक्रम के दौरान वन विभाग की टीम द्वारा पूरे क्षेत्र में सतत निगरानी रखी गई तथा आसपास के ग्रामीणों को सुरक्षित दूरी बनाए रखने की समझाइश दी गई, जिससे किसी प्रकार की जनहानि या अवांछित स्थिति उत्पन्न न हो। वर्तमान में हाथी सुरक्षित रूप से क्षेत्र से निकलकर जंगल की ओर चला गया है और स्थिति पूर्णतः सामान्य है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com